| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 12.0 | 17.0 |
| धनबाद | 25.0 | 12.0 | 19.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 13.0 | 20.0 |
| पलामू | 25.0 | 11.0 | 19.0 |

सेंसेक्स 72,240.26 ▼ -170.12
डॉलर 83.186 ▼ -0.010
तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची, पौष कृष्ण पक्ष 05, विक्रम संवत 2080 | रांची, रविवार, 31 दिसंबर 2023, वर्ष-24, अंक- 324, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com





संपादकीय फिर से कोरोना की दहशत व भारतीय रेल ... 8

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

तृणमूल को पसंद नहीं आ रही राहुल की ... 12 देश/विदेश


**रांची सर्राफा**

सोना (10 ग्राम) 60,150

चांदी (1 किलो) 79,700

# अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरा पहला विमान, पीएम का रोड शो

**एजेंसी। अयोध्या**

श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में एक दिवसीय दौरे पर शनिवार को पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। इसके पहले हवाई अड्डे पर पहला विमान उतरा, इसमें सवार यात्री हनुमान चालिसा का पाठ कर रहे थे। इसके बाद वह एयरपोर्ट से अयोध्या धाम जंक्शन तक करीब 15 किलोमीटर लंबा रोड शो पर निकले हैं। सुबह निर्धारित समय पर अयोध्या स्थित महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट का उद्घाटन किया और यहां से रोड शो के लिए निकले। रोड शो के लिए एयरपोर्ट से प्रधानमंत्री का काफिला गेट नंबर तीन से निकला, जो एनएच-27, धर्मपथ और रामपथ होते हुए अयोध्या धाम जंक्शन पहुंचेगा। फिलहाल, रोड शो के दौरान जगह-जगह साधु-संत और वेदपाठी बटुकों की ओर से शंखध्वनियों के बीच पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इधर, कई स्थानों पर कलाकारों द्वारा नृत्य और गायन भी प्रस्तुत किया गया। रेलवे स्टेशन पहुंचकर प्रधानमंत्री अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के नए भवन का लोकार्पण किया और छह वंदे भारत और दो अमृत भारत समेत आठ ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

**1450 करोड़ रुपये की लागत से बना है आयोध्या का वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा**

**टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6500 वर्गमीटर, सालाना 10 लाख यात्री भर सकेंगे उड़ान**

**सात खम्भों पर बने एयरपोर्ट में सात शिखर बनाये गये हैं**

**यहां सभी सुविधाएं 5 स्टार रेटिंग के अनुरूप होंगी**

**बाबरी केस के पक्षकार हाशिम अंसारी के बेटे इकबाल ने किया पीएम का स्वागत**

**दलित महिला मीरा के घर पहुंचे पीएम, उसके घर चाय भी पी**

**240 करोड़ की लागत से बना है अयोध्या धाम स्टेशन, आधुनिक सुविधाओं से है लैश**

**पीएम ने रवीन्द्र मांझी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का दिया निमंत्रण**



### अयोध्या में उज्ज्वला योजना की लाभार्थी के घर अचानक चाय पीने पहुंचे प्रधानमंत्री

अयोध्या में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की 10 करोड़वीं लाभार्थी मीरा के घर अचानक पहुंच गए। प्रधानमंत्री ने योजना की लाभार्थी के आवास पर चाय भी पी और उनसे संक्षिप्त बातचीत की। प्रधानमंत्री ने मीरा के हाथों की बनी चाय पी और कहा कि चाय अच्छी है, मगर थोड़ी मीठी हो गई है। मीरा ने प्रधानमंत्री से कहा कि मुझे फ्री में गैस और आवास मिल गया है। प्रधानमंत्री ने एक बच्चे को ऑटोग्राफ भी दिया। इसमें उन्होंने वंदे मातरम लिखा और स्थानीय बच्चों संग सेल्फी भी खिंचवाई।

उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ धाम के पुनर्निमाण के साथ ही 30 हजार से ज्यादा पंचायत भवन भी बना रहे हैं। सिर्फ केदारधाम का पुनरुद्धार ही नहीं 300 से ज्यादा मेडिकल कॉलेज भी देश में बने हैं। सिर्फ महाकाल के लोक का ही निर्माण नहीं हो रहा, बल्कि स्वच्छ पेयजल के लिए दो लाख से ज्यादा टंकियों का भी निर्माण हुआ। हम एक तरफ चांद और सूरज की दूरी नाप रहे हैं, तो, वहीं हमारी पौराणिक मूर्तियों को भारत में वापस ला रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में विकास की भव्यता दिख रही है, कुछ दिन बाद विरासत की भव्यता और दिव्यता दिखने वाली है। विकास और विरासत की साझा ताकत ही भारत को 21वीं सदी में सबसे आगे ले जाएगी।

### 22 जनवरी 2024 को अयोध्या आने से बचें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास जनसभा स्थल से अपने संबोधन में कई बातों का जिक्र किया। उन्होंने लोगों को 22 जनवरी को अयोध्या आने से बचने की सलाह दी। यहां उन्होंने 15,700 करोड़ की 46 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कहा, आज का भारत पुरातन और नूतन को आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। एक समय था, जब अयोध्या में रामलला टेंट में विराजमान थे। आज पक्का घर सिर्फ रामलला को ही नहीं, देश के चार करोड़ गरीबों को भी मिला है।

## एक नजर

### हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस के राजस्थान तबादले की अनुशंसा



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर राजस्थान हाईकोर्ट जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उनके ट्रांसफर की अनुशंसा केंद्र सरकार से की है। उन्हें बीते दिनों झारखंड हाईकोर्ट के निवर्तमान चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के सेवानिवृत होने के बाद एक्टिंग चीफ जस्टिस बनाया गया था। इसके बाद उड़ीसा हाईकोर्ट के जस्टिस डॉ. बी आर सारंगी को झारखंड हाईकोर्ट का चीफ बनाए जाने के सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की अनुशंसा के बाद झारखंड हाईकोर्ट के वरीय न्यायाधीश और एक्टिंग चीफ जस्टिस ने अपना ट्रांसफर किसी अन्य हाईकोर्ट में करने का आग्रह किया था। इसके बाद 29 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक हुई, जिसमें यह फैसला लिया गया।

### म्यांमार के 151 सैनिक भागकर मिजोरम आए

**आइजोल।** सशस्त्र लोकतंत्र समर्थक जातीय समूहों द्वारा सैन्य शिविरों पर कब्जा किए जाने के बाद म्यांमार के और कम से कम 151 सैनिक भागकर मिजोरम आ गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, म्यांमार सेना के जवान, जिन्हें 'टाटमाडॉ' के नाम से भी जाना जाता है, अपने हथियार और गोला-बारूद के साथ मिजोरम के लॉन्गटलाई जिले में भाग गए और शुक्रवार शाम को असम राइफल्स से संपर्क किया, जब भारत-म्यांमार सीमा के पास उनके शिविरों पर अराकान सेना के लड़ाकों ने कब्जा कर लिया था। बंदूक की लड़ाई में म्यांमार के कुछ सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए और असम राइफल्स द्वारा उन्हें बुनियादी चिकित्सा उपचार प्रदान किया गया।

# आईईडी विस्फोट में घायल नक्सली रिम्स से गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के रिम्स अस्पताल में इलाज करवा रहे एक नक्सली को रांची पुलिस की सहायता से गिरफ्तार किया गया है। आईईडी विस्फोट में घायल होने के बाद नक्सली गुपचुप तरीके से रिम्स में इलाज करवा रहा था। मिली जानकारी के अनुसार निर्मल मुंडा नाम का नक्सली कोल्हान इलाके का वांटेड नक्सली कैडर है। पिछले दिनों वह सुरक्षाबलों को नुकसान पहुचने के लिए लागये गए आईईडी का ही वह शिकार बन गया, आईईडी विस्फोट में उसके दोनों पैर में बेहद गंभीर चोटें आई। वह चलने तक मे सक्षम नही रहा जिसके बाद वह पहले कोल्हान में ही झोला छाप डॉक्टरों से इलाज करवाता रहा लेकिन जब उसे इलाज से कोई फायदा नही मिला और उसकी हालत खराब होने लगा तो वह जंगल से निकल कर रांची पहुचा



**मिला सुराग**

इसी बीच घायल नक्सली के रिम्स में इलाज करवाये जाने की सूचना किसी तरह से पुलिस को लग गई। रांची पुलिस ने गुपचुप तरीके से घायल नक्सली के बारे में जानकारी जुटाई, जब उसके नक्सली होने की पुष्टि तब उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। फिलहाल रिम्स में ही घायल नक्सली का इलाज करवाया जा रहा है, उसके निगरानी के लिए पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। घायल नक्सली खूंटी के अड़की का रहने वाला है, लेकिन वह कोल्हान इलाके में सक्रिय था। रांची पुलिस के द्वारा खूंटी, सरायकेला और चाईबासा पुलिस को घायल नक्सली के बारे में सूचना भी दी गई है।

### रांची सहित राज्य के छह जिलों के 17 थानों का 41 करोड़ से होगा निर्माण

**रांची।** रांची सहित झारखंड के छह जिलों में 17 थानों के निर्माण के लिए गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 40.48 करोड़ की राशि आवंटित कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार गृह विभाग से आवंटित राशि से रांची में खलारी थाना 1.65 करोड़ से, रांची में धुर्वा थाना 1.63 करोड़ से, रांची में एयरपोर्ट थाना 1.57 करोड़ से, रांची में नगड़ी थाना 1.63 करोड़ से, रांची में बुंडू स्मार्ट थाना 2.94 करोड़ से, रांची में बरियातू स्मार्ट थाना 2.94 करोड़ से, गोड्डा में बेलबड्डा थाना 03 करोड़ से, राजाभीटा थाना 03 करोड़ से, पथरगामा थाना 3.51 करोड़ से, देओडाड थाना 3.79 करोड़ से,गोड्डा में हनवारा थाना 03 करोड़ से, पलामू में पाटन थाना 2.65 करोड़ से, विश्रामपुर थाना 2.66 करोड़ से, जामताड़ा में बागदाहरी थाना 1.65 करोड़ से, पाकुड़ में महिला थाना 1.55 करोड़ से, हिरणपुर थाना 1.66 करोड़ से साहिबगंज में बोरियो थाना 1.65 करोड़ से निर्माण होगा।

# चतरा में टीएसपीसी के एरिया कमांडर नीरज गंझू समेत दो उग्रवादी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिले के पिपरवार इलाके में कारोबारियों के लिए आतंक का परिचायक बन चुके टीपीसी के एरिया कमांडर सहित दो उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें टीएसपीसी के एरिया कमांडर नीरज गंझू उर्फ जय मंगल और धनेश्वर करमाली उर्फ बेला उर्फ डीके शामिल हैं। दोनों उग्रवादी चतरा जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनकी निशानदेही पर एक देशी कार्बाइन, 7.62 एमएम का एक यूएसए पिस्टल, 7.62 एमएम का एक देशी पिस्टल, 5 गोली, 25 संगठन का लेटर पैड पर्चा सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। चतरा एसपी राकेश रंजन ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के विरुद्ध चतरा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार छापामारी अभियान चल रहा है। इसी क्रम में बीते शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली की बेतीं-बरवाटोला जंगल में प्रतिबंधित टीपीसी के 8-10 की संख्या में हथियार बंद उग्रवादी इकट्ठा हुए हैं और किसी बड़ी उग्रवादी घटना को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना पर डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में अभियान दल का गठन किया गया। अभियान दल ने बेती-बरवाटोला के जंगल में छापेमारी के लिए बेतीं-बरवाटोला जंगल पहुंची तो दो व्यक्तियों को जंगल के तरफ से आते हुए देखा। पुलिस की टीम ने दोनों को रुकने के लिए कहा तो वे जंगल की ओर भागने लगे, जिन्हें पीछा कर नीरज गंझू और धनेश्वर करमाली को पकड़ा गया। हालांकि, अन्य सदस्य जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार उग्रवादियों ने पूछताछ में बताया कि 19 दिसंबर को टीपीसी संगठन के नाम पर लेवी वसूलने एवं भय उत्पन्न करने के उद्देश्य से बिलारी में जय अम्बे ट्रांसपोटिंग कंपनी के दो कोल हाईवा वाहन में आग लगा दिया गया था। इस संबंध में पिपरवार थाना (कांड सं0-55/23) प्राथमिकी दर्ज किया गया है। एरिया कमाण्डर नीरज गंझू उर्फ जय मंगल पर लातेहार जिले के बालूमाथ थाना में एक मामला दर्ज है जबकि धनेश्वर करमाली उर्फ ढेला उर्फ डीके पर रांची के खेलारी, चतरा के पिपरवार और लातेहार के बालूमाथ थाना में मामला दर्ज है।



# भारत में कोविड-19 के 743 नए मामले, 7 मरीजों की मौत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में बीते 24 घंटे में कोविड-19 के 743 नए मामले सामने आए तथा उपचाराधीन मरीजों की संख्या 3,997 है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार सुबह आठ बजे तक के अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटों में कोरोना वायरस संक्रमण से सात लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 24 घंटे में कोविड-19 से केरल में तीन, कर्नाटक में दो जबकि छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में एक-एक मरीज की मौत हुई है। ठंड और कोरोना वायरस के नए





उपस्वरूप के कारण हाल के दिनों में संक्रमण के मामलों में तेजी आई है। इससे पहले पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दहाई अंक तक पहुंच गई थी। वर्ष 2020 की शुरूआत से अब तक लगभग चार वर्षों में देश भर में कोरोना वायरस से लगभग साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए तथा इससे 5.3 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई।

# राज्य में 2-3 जनवरी को होगी बारिश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में फिर पश्चिमी विक्षोभ के आने से मौसम तेजी से बदलेगा। नए साल की शुरूआत हल्की बारिश के साथ हो सकती है। नये साल के आगमन के साथ ही राज्य के मौसम में भी बदलाव देखा जायेगा। एक जनवरी की शाम से जहां राज्य के पश्चिमी हिस्से में बारिश की संभावना है, वहीं दो जनवरी से राज्य के अन्य हिस्सों में बारिश के आसार हैं। राज्य के पश्चिमी हिस्से पलामू, लातेहार, गढ़वा, कोडरमा, चतरा, लोहरदगा जिलों में एक जनवरी की देर शाम से बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। दो जनवरी से राज्य के अन्य हिस्सों गुमला, रांची, खूटी, रामगढ़ बोकारो, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, सिमडेगा में बारिश में की संभावना जतायी गयी है। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर राज्य में देखा जायेगा। विक्षोभ कमजोर होने के कारण राज्य के कुछ

▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर



### अगले दो दिनों तक घने कोहरे का रेड अलर्ट

**नई दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शनिवार को रेड अलर्ट जारी करते हुए कहा कि उत्तर पश्चिम और उससे सटे मध्य भारत के मैदानी इलाकों के कई हिस्सों में 'बहुत घना' कोहरा जारी रहने की संभावना है।आईएमडी ने यह भी कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान घने कोहरे के पूर्वी भारत तक बढ़ने की संभावना है। आईएमडी ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 30 और 31 दिसंबर को कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। शनिवार और रविवार को पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और उत्तरी राजस्थान के कुछ हिस्सों में ठंडे दिन की स्थिति जारी रहने की संभावना है।

### महादेव सट्टा ऐप को लेकर ईडी की आरटीओ एजेंट के घर पर दबिश

**रायपुर।** महादेव सट्टा ऐप को लेकर ईडी ने शनिवार को पावर हाउस भिलाई में आरटीओ एजेंट राजेश मिश्रा के घर दबिश दी है। बताया जा रहा है कि राजेश ने महादेव ऐप की रकम अपने पास लेकर ब्लैक मनी को वाइट किया है। अधिकारियों के अनुसार यह जानकारी राजेश के बैंक विवरण से ज्ञात हुआ है। सूत्रों के अनुसार, ईडी के अधिकारी पावर हाउस भिलाई में एक आरटीओ एजेंट राजेश मिश्रा के घर शाम को पहुंचे। उस वक्त आरटीओ एजेंट राजेश मिश्रा घर पर नहीं था । फिलहाल ईडी के अधिकारियों ने उनके भाई से पूछताछ की है।

# प्रभात खबर के प्रधान संपादक को जेल से मिली धमकी, शिकायत दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से योगेंद्र तिवारी के नाम पर धमकी दी गयी है। धमकी का फोन 0651-2911807 से चतुर्वेदी के मोबाइल नंबर पर आया था। घटना को लेकर वरीय स्थानीय संपादक विजय पाठक ने राज्य के गृह सचिव, डीजीपी, डीसी, एसएसपी, कारा महानिरीक्षक और बिरसा मुंडा कारा के अधीक्षक से लिखित शिकायत की है। इसके बाद शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया गया कि आशुतोष चतुर्वेदी को उक्त नंबर से फोन सुबह 8.28 बजे आया था। फोन करनेवाले ने पहले खुद का नाम योगेंद्र तिवारी बताया, इसके बाद उसने प्रभात खबर में छप रही खबरों का उल्लेख करते हुए धमकी दी।

### प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिव ने की निंदा

रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन व सचिव अमरकांत सिंह ने प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से मिली धमकी पर चिंता जताई है। एडिटर्स गिल्ड और प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने भी धमकी दिए जाने की निंदा की।

## इंडिया

# इतिहास का सबसे गर्म वर्ष 2023 और हम



सुनील बादल

*प्रकृति* की गोद में बसे झारखंड और राजधानी रांची का सबसे आकर्षक भाग इसका सुहावना मौसम है पर नवंबर 2023 में जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 31.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि नवंबर 2021 में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। वैश्विक स्तर पर बदलते मौसम और पर्यावरण में आ रहे बदलाव और स्थानीय स्तर पर हो रही गलतियों के कारण के कारण रांची का तापमान तेजी से बढ़ रहा है। यह तापमान पिछले पांच दशकों में हर दशक में अधिकतम तापमान 0.33 डिग्री सेल्सियस की दर से बढ़ रहा है। गणना के आधार पर राजधानी में पिछले 50 वर्षों के दौरान अधिकतम तापमान में 1.7 डिग्री की औसत वृद्धि हुई है। तापमान की गणना 1969 के बाद से 2019 तक की है। 1969 में अधिकतम तापमान का औसत 28.7 डिग्री सेल्सियस था, जो 2019 में 30.4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। मौसम विभाग के मुताबिक रांची का तापमान बढ़ रहा है।



विभाग के मुताबिक इस अवधि में की गई गणना में न्यूनतम तापमान के औसत में वृद्धि की प्रवृत्ति नही देखी गई।वर्ष- तापमान (डिग्री)

| | |
|---|---|
| 1969-28.7 | 1974-28.8 |
| 1989-29.1 | 1084-28.9 |
| 1994-29.4 | 2004-29.5 |
| 1999-29.5 | 2009-30.0 |
| 2014-30.2 | 2019-30.4 |

झारखंड और खास तौर पर रांची में भीषण गर्मी बहुत ही असामान्य बात मानी जाती है। जिस तरह जंगलों की कटाई हो रही है और पेड़ों को काटकर कंक्रीट के जंगल बसाए जा रहे हैं उससे यह एक बड़ी चेतावनी मिली है ।विश्व की बात करें तो प्रकृति का अंधाधुंध दोहन और पर्यावरण के मानकों की अनदेखी के साथ लगातार चलते युद्ध भी कारक हैं । यूरोपीय संघ की कॉपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा की उप निदेशक सामन्था बर्गेस ने तापमान की इस विसंगति को बेहद चरम बताया है। एक शोध के अनुसार, वैज्ञानिकों ने कहा है कि साल 2023 इतिहास में सबसे गर्म वर्ष साबित हुआ है। संयुक्त राष्ट्र जलवायु विज्ञान पैनल आईपीसीसी के दीर्घकालिक आंकड़ों में बर्फ के टुकड़े, पेड़ के छल्ले और कोरल डिपॉजिट से ली गई जानकारियां शामिल होती हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि रिकॉर्ड तापमान के साथ-साथ जंगल की आग और भूकंप-बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा दिखाती है कि पूरी मानवता सामूहिक रूप से विफल हुई है। वैज्ञानिक जेम्स हेन्सन ने कहा, बढ़ते जलवायु संकट से निपटने की दिशा में हो रहे प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। 2023 में दुनिया कई प्राकृतिक आपदाओं की साक्षी बनी। तुर्किये-सीरिया का विनाशकारी भूकंप हो या दक्षिण अफ्रीका में बाढ़, पूरे साल की समीक्षा करने पर ऐसी घटनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वैज्ञानिकों ने साल के एक अन्य बड़े हादसे में पूर्वी अफ्रीकी देश अल्जीरिया में जंगल की आग को भी गिना है। इसके अलावा इस साल देश-दुनिया के कई हिस्सों को चक्रवात की मार भी झेलनी पड़ी। वैश्विक स्तर पर व्यापक विनाश, विस्थापन और जान-माल का नुकसान हुआ। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार जब हमारे बच्चे और पोते-पोतियां मानव-निर्मित जलवायु परिवर्तन का इतिहास देखेंगे, तो इस

▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# 2 जनवरी से 20 जनवरी तक चलेगा 'शुक्रिया मोदी भाईजान' अभियान

**हर लोकसभा क्षेत्र में 1,000 मुस्लिम महिलाओं को भाजपा से जोड़ा जाएगा**

**इसके लिए नारा व टैग लाइन है-'ना दूरी है ना खाई है, मोदी हमारा भाई है'**



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

मंदिर अभियान के साथ -साथ अब 'शुक्रिया मोदी भाईजान' अभियान भी चलेगा। 'शुक्रिया मोदी भाईजान' विशेष अभियान के मार्फत हर लोकसभा क्षेत्र में कम से कम 1,000 मुस्लिम महिलाओं को भाजपा से जोड़ा जाएगा। यह काम करेगा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की अगुवाई में होगा। जिसमें भाजपा के अन्य सभी मोर्चा या विभाग हर तरह से सहयोग करेंगे। संघ के कार्यकर्ता भी इसके लिए लगेंगे। यह सब अप्रैल-मई 2024 में होने वाले लोकसभा के मद्देनजर किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि आगामी लोकसभा चुनाव में मुस्लिम महिलाओं को अपने पाले में लाने के लिए भारतीय जनता पार्टी यह नया अभियान शुरू कर रही है। इस अभियान के तहत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा हर लोकसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेगा जिसमें कम से कम 1,000 मुस्लिम महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। मुस्लिम महिला मतदाताओं को रिझाने की इस योजना की टैगलाइन व नारा है - 'ना दूरी है ना खाई है, मोदी हमारा भाई है'। इस बारे में उप्र अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर

▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### शिक्षाविद सह व्याख्याता रामनारायण भगत भाजपा में होंगे शामिल

**बेड़ो:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व शिक्षा मंत्री स्व करमचंद भगत के छोटे पुत्र व्याख्याता सह शिक्षाविद रामनारायण भगत रविवार को चाईबासा में होनेवाले प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भाजपा का दामन थामेंगे। वे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा सांसद समीर उरांव, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर के समक्ष सैकड़ों कार्यक ताओं के साथ भाजपा में शामिल होंगे। यह जानकारी मांडर विधानसभा के मीडिया प्रभारी राजेश साहु ने दी है।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत सिलागाई बाजार से लौटने के क्रम में शनिवार शाम को मंदरो निवासी सोमरा उरांव पिता बिरसा उरांव , भौरों महतो और बुधु उरांव पिता महली उरांव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। ये दुर्घटना सिलागाई पुराना बाजारटांड़ के पास मोटर साइकिल का दूसरेमोटर साइकिल से आपस में टक्कर से हुई। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र चान्हो ले जाया गया। जिसके पश्चात घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सभी को रिम्स भेजा गया। सोमरा उरांव और भौरों महतो की मौत हो गई।

### रौनक राज महतो ने अंडर 19 शूटिंग प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण

**रांची :** मध्य प्रदेश,भोपाल में चल रही 67वॉं एसजीएफआई शूटिंग चैंपियनशिप में झारखंड के रौनक राज महतो ने 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग अंडर-19 वर्ग बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक जीतने पर मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार आदि ने उसे बधाई दी है।

### मांडर और चान्हो प्रखंड के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक

# एक जनवरी से राशन डीलर संघ की हड़ताल शुरू




**नवीनमेल संवाददाता**

**मांडर/चान्हो।** मांडर और चान्हो प्रखंड के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की बैठक शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में हुई। जिसमें आगामी एक जनवरी से राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने का सर्वसम्मति से निर्णय हुआ। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को ज्ञापन भी सौंपा गया। जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की दस सूत्री मांग हैं। जिनमे प्रमुख रूप से कमीशन बढ़ोतरी, कोरोना काल का बकाया कमीशन का भुगतान, 4 जी पॉश मशीन की मांग, शामिल है। मांडर राशन डीलर संघ के अध्यक्ष अमिताभ पाठक का कहना है कि आज हमारी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। जबतक हमारी मांगें नहीं मानी जाती हड़ताल पर रहेंगे। इस मौके पर सभी राशन डीलर मौजूद थे।

# पूर्व जिप सदस्य ने किया कंबल का वितरण



**नवीनमेल संवाददाता**

**पिठौरिया :** कांके प्रखण्ड के ग्राम पिरुटोला में इचापिड़ी पंचायत के सैकड़ो जरुरत मंद लोगों के बीच पूर्व जिला परिषद सदस्य ऐनुल हक अंसारी के नेतृत्व में कम्बल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखन्ड पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व महाधिवक्ता अजीत कुमार, समाजसेवी मोजीब अली, सदर मतीउर रहमान, सेक्रेट्री सज्जाद हुसैन, पूर्व मुखिया सोमरा उरांव, पूर्व सदर लियाकत हुसैन, मदरसा के नाजिम नैय्यर इकबाल, मस्जिदे हेरा के ईमाम अब्दुल रहमान, फिरदोश आलम,रफीक अंसारी,मतियस उरांव, समीर अंसारी,हाफिज अंसारी,अब्दुल हसीब, जब्बरुल हक, शौकत अंसारी,वसीम अंसारी, रिजवान अंसारी, जमील अख़्तर, वार्ड के सदस्यगण, समाजसेवी, बुद्धिजीवी और दर्जनों नौजवान कमिटी के सदस्य मौजूद थे।

### दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी की ग्रहण की सदस्यता



**सिल्ली।** सिल्ली स्टेडियम परिसर में शनिवार के दिन सिल्ली प्रखंड के पिस्का गांव के दर्जनों लोगों ने आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो की उपस्थिति में पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर सुप्रीमो ने कहा कि आजसू पार्टी के सिद्धांत से प्रभावित होकर लोग जुड़ रहे हैं। पार्टी के द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्य एवं सिल्ली विधानसभा के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग जुड़ रहे हैं। आने वाले निकटतम भविष्य में और भी विभिन्न लाभकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा जिससे लोगों को काफी लाभ पहुंचेगा। पार्टी के कार्यकर्ता गरीबों के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं जिसका परिणाम कुछ दिनों में दिखने लगेगा। मौके पर रांची जिला उपाध्यक्ष बिना चौधरी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, पूर्व जिला परिषद सदस्य गौतम कृष्ण साहू, आजसू के संगठन सचिव जयपाल सिंह,पिस्का पंचायत के मुखिया सोमरा मांझी, अनिल मांझी, रामस्वरूप मंडल समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आकांक्षी जिला कार्यक्रम पर्यवेक्षक हिमानी पांडे ने मांडर के रेफरल अस्पताल समेत कई जगहों का निरीक्षण किया



**मांडर।** संयुक्त सचिव, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय-सह-केंद्रीय प्रभारी अधिकारी, आकांक्षी जिला कार्यक्रम, रांची, हिमानी पांडे ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत रांची जिला के मांडर के रेफरल अस्पताल में अवस्थित कुपोषण उपचार केंद्र एवं ब्राम्बे कुष्ठ रोगी अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मरीज से बात की एवं सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वास्थ्य योजना की जानकारी ली। इस दौरान अधिकारियों को उन्होंने कई दिशा निर्देश भी दिए और समुचित जांच एवं उपचार व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर बल दिया। इस दौरान अस्पताल कर्मचारियों के द्वारा मांग की गई कि अस्पताल आने जाने का खर्च भी मिले तो फॉलो अप के लिए माताएं दुबारा आयेंगी। कार्यक्रम में उनके साथ जिला के उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव जिला के सिविल सर्जन प्रभात कुमार मौजूद थे। मौके पर मांडर रेफरल अस्पताल प्रभारी किशोर कुल्लू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, गौरव मिश्रा, स्वाति कुमारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# विकसित गांव विकसित भारत अभियान के तहत राज्य स्तरीय दो दिवसीय मेले का आयोजन



**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली के सौजन्य से राज्य में पहलीबार विकसित गांव विकसित भारत अभियान के तहत दो दिवसीय राज्य स्तरीय मेला का आयोजन सरायकेला-खरसांवा जिले में 1 एवं 2 जनवरी को किया जा रहा हैं।

इसे अटारी (आईसीएआर), पटना क सौजन्य से झारखंड राज्य के विभिन्न संस्थानों, बीएयू, रांची एवं राष्ट्रीय बीज निगम के संयुक्त तत्वावधान में खरसावां के गोलपुर मैदान में सोमवार से आयोजित किया जायेगा। इस मेला का उद्धघाटन सोमवार को मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री माननीय अर्जुन मुंडा जी करेंगे। अटारी, पटना के निदेशक एवं मेला के संयोजक डा अंजनी कुमार ने बताया कि इस मेला में झारखंड राज्य की कृषि परिस्थिति एवं स्थानीय किसानों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उनके उपयोगी,लाभकारी व स्थानीय अनुरूप उन्नत एवं नवीनतम तकनीकी को 100 स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा। मेला में राज्य के सभी 24 जिलों के केवीके संस्थानों की सक्रिय भागीदारी होगी । इसके अलावा राज्य के अन्य विभिन्न आईसीएआर संस्थान, राष्ट्रीय बीज निगम, इफको, नेशनल बागवानी मिशन तथा अन्य कृषि हितकारी संगठन भी भाग लेंगे। डा अंजनी कुमार ने बताया कि इस मेला में स्थानीय किसानों के अलावा राज्य भर के बीस हजार से अधिक किसान तथा कृषि प्रसार से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी भाग लेंगे। विकसित गांव विकसित भारत विषय थीम को केंद्रित कर मेला में राष्ट्रीय स्तर पर किसानों के उत्थान एवं विकास के लिए चलाई जा रही सभी उपयोगी योजनाएं एवं किसानोपयोगी प्रयासों एवं बहुआयामी पहलों से अवगत कराया जायेगा। मेला में किसानों को प्राकृतिक खेती, ड्रोन तकनीक का कृषि कार्य में उपयोग, नैनो उर्वरक आदि विषयों तथा भारतीय कृषि में विगत दस वर्षो में आए अहम बदलावों की किसानों को लाभ की जानकारी दी जाएगी।

# रांची विश्वविद्यालय टीम को रिकर्व में कांस्य पदक

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के तीरंदाजो ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी आर्चरी चैंपियनशिप पटियाला में ब्रॉन्ज मेडल पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। टीम इवेंट में रिकर्व बॉयज और रिकर्व गर्ल्स टीम खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है इसके अलावा रांची विश्वविद्यालय की टीम ने रिकवर बॉयज मैं अभिषेक कुमार सचिन कुजूर (सिल्ली कॉलेज) राहुल कुमार (२२ मेमोरियल कॉलेज ) तथा प्रधान सिंह को सिंकु (राम लखन सिंह यादव कॉलेज ) ने पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला को हराकर कांस्य पदक पर अपना कब्जा जमाया ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी आर्चरी चैंपियनशिप पटियाला में कंपाउंड डिविजन के रैंकिंग में अंजनी कुमारी ने कांस्य पदक जीता। इससे पूर्व नॉर्थ ईस्ट जोन आर्चरी चैंपियन शिप में रांची विश्वविद्यालय की ओर से सिल्ली कॉलेज सिली की वर्षा खालको ने फाइनल में नम्रता चौहान को 7-1 एक से हराकर स्वर्ण अपनी झोली में डालने में कामयाबी हासिल की रांची विश्वविद्यालय के इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंनह डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश साहू स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर भारत क्वार्टर भारत क्वार्टर कोऑर्डिनेटर डॉ राजेश गुप्ता विजय वर्मा धीरज महत अनिल कुमार नारायण बिनह लंकेश खेल विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

# धर्मेंद्र सिंह बने जेएमएम युवा मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष



**नवीनमेल संवाददाता**

**रातू :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राँची की केंद्रीय कमिटी की और से शनिवार को झाखण्ड युवा मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें रातु निवासी धर्मेन्द्र सिंह को रांची जिला का अध्यक्ष बनाया गया है। धर्मेन्द्र सिंह ने इसके लिए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष सीएम हेमन्त सोरेन तथा केंद्रीय समिति और जिला समिति का आभार वयक्त किया है। वही धर्मेंद्र सिंह को युवा मोर्चा अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# 13 दिवसीय कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन



**नवीनमेल संवाददाता**

**सिल्ली:** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर उदघाटन समापन समारोह और 2 दिवसीय रिफ्रेशर ट्रेनिंग प्रोग्राम बैंक सखी बैच का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अथिति श्री सुब्रतो नायक केनरा बैंक सिल्ली शाखा प्रबंधक राज्य के विभिन प्रखंड से आए 43 प्रशिक्षणार्थियों को संदेश दिया की कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ने का बहुत अवसर है ।प्रमाण पत्र दिया और को खुद का स्वरोजगार करने का मार्गदर्शन दिया। संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने कहा कि अपने अपने स्वरोजगार को आगे बढ़ाने के लिए आप बैंक से भी लोन ले सकते है । मौके पर संस्थान के वरिष्ठ संकाय अनिल कुमार, जगदीचा चंद्र महतो, दशरथ कुमार महतो, महेश रूही दास, सुनिल मुंडा उपस्थित रहे।

# ट्रेडिशनल लाठी के विजेताओं को मरांडी ने किया सम्मानित



**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची:** ऑल इंडिया ट्रेडिशनल लाठी स्पोर्ट्स फेडरेशन कप में झारखंड को 7 स्वर्ण पदक के साथ प्रथम रनर कप विजेता घोषित किया गया था। ये प्रतियोगिता हरिद्वार में आयोजित की गई थी। मंत्री बाबू लाल मरांडी द्वारा संस्था के महासचिव बिश्वजीत कर्माकर तथा विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्था के संरक्षक तौहीद आलम सहित अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जरूरतमंद लोगों के बीच शॉल व कंबल का वितरण



**रांची:** जेसीआई रांची ने शनिवार को ठंड के इस मौसम को देखते हुए टाटीसिलवे गांव एवं राँची में जरूरतमंद लोगों के बीच शॉल एवं कंबल का वितरण किया। जेसीआई राँची के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया ने कहा की हमारे समाज के बहुत से ऐसे लोग है जिनके पास इस कड़ाके की ठंड में भी गर्म कपड़ा नहीं है और यह हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है की ऐसे लोगों तक हम पहुंचे और लोगों की मदद करें, संस्था के सचिव तरुण अग्रवाल ने बताया कि जेसीआई रांची कई वर्षों से जरूरतमंद लोगों की सेवा करते आया है और आने वाले वर्षों में भी हमलोग समाज की सेवा करते रहेंगे। गांव के मुखिया ने जेसीआई का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के संयोजक राहुल टिबड़ेवाल एवं प्रवीण अग्रवाल थे एवं इस कार्यक्रम में मोहित वर्मा, साकेत अग्रवाल, मोहित बगला, अंकित जैन, तपिश केडिया, प्रतीक अग्रवाल व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### बेड़ो में अबुआ आवास योजना के आवेदकों का किया गया भौतिक सत्यापन



**बेड़ो:** सरकार के निदेर्शानुसार स्थानीय प्रशासन द्वारा अबुआ आवास योजना के लिए आवेदन देने वाले आवेदको के मौजूदा आवासों की वस्तु स्थिति का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। जिसके तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय के गुमला रोड में घूम- घूम कर अबुआ आवास योजना के आवेदकों का भौतिक सत्यापन किया गया। जिसमें अंचल निरीक्षक भीखम कुमार मुखिया सुशांति भगत व पंसस विजय भगत व राखी भगत ने आवेदकों के घरों में जाकर मौजूदा आवास की स्थिति को देखा। साथ ही आवेदकों का भौतिक सत्यापन किया। मौके पर मुखिया ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा दिए गये दिशा-निर्देश के अनुसार वंचित लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिलेगा। इस योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा तीन कमरों के आवास उपलब्ध कराया जायेगा। सत्यापन कर रहे अंचल निरीक्षक ने बताया कि सत्यापन प्रक्रिया के दौरान अवेदक के मौजूदा आवास की स्थिति को देखकर उन्हें वगीर्कृत किया जा रहा है इसके बाद प्राथमिकता सूची तैयार कर उन्हें योजना का लाभ दिया जाएगा।

# दो साल से भटक रही सीतामढ़ी की महिला को परिवार से मिलवाया गया



**नवीनमेल संवाददाता**

**खलारी:** अपनो के खोने का दर्द उसके परिवार से ज्यादा कोई नहीं समझ सकता। पीड़ित परिवार पल पल उस सदस्य के घर आने की आशा देखता रहता है। ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है। खलारी के सामाजिक कार्यकर्ता मुन्नू शर्मा के प्रयास से विगत दो सालों से भटक रही लावारिस महिला को अंततः उसके परिवार से मिला दिया गया। मालूम हो कि वर्ष 2022 के ठंडी के दिनों में एक लावारिस महिला खलारी और डकरा क्षेत्र में अर्धनग्न स्थिति में भटक रही थी। इसकी जानकारी डालसा रांची के प्रतिनिधि मुन्नू शर्मा को मिली थी। मुन्नू शर्मा के प्रयास से लावारिस महिला को डकरा जीएम आफिस के पास से रेस्क्यू कर बिजुपाड़ा के ह्यमाहेर आश्रम में संरक्षण दिलाया गया था। एक वर्ष तक महिला का इलाज माहेर आश्रम के माध्यम से रिनपास रांची से चल रहा था। माहेर आश्रम की सेवा देखभाल के बाद महिला की मानसिक स्थिति में सुधार होना शुरू हुआ। इसके बाद काउंसलिंग के दौरान महिला अपना नाम संजू देवी तथा पता ग्राम हरिनगर, सीतामढ़ी (बिहार) बताई। खोजबीन के बाद ग्राम हरिनगर थाना-नानपुर जिला सीतामढ़ी से परिवार वालों की पहचान कर ली गई। उन्हें इसकी सूचना दी गई। इसके बाद महिला की बेटी, भतीजा, ननद व ससुर उसे लेने बिजुपाड़ा के माहेर आश्रम आए। एक दूसरे को देखते ही मां बेटी गले मिलकर रोने लगी। पूरा परिवार संजू देवी को देख कर भावुक हो गया था। यह इस परिवार के लिए अविस्मरणीय क्षण था। महिला का भतीजा मनोहर कुमार ने डालसा प्रतिनिधि मुन्नू शर्मा व माहेर आश्रम का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया। कहा कि इन दोनों ने हमारे परिवार व गांव में खुशी का माहौल ला दिया। दो साल तक हर जगह खोजबीन के बाद भी उनकी चाची संजू देवी का पता नहीं चल सका था। संजू देवी की चार बेटियां व एक बेटा है। परिवार वाले महिला संजू देवी को अपने साथ सीतामढ़ी ले गए।

# आशा बारला ने 19 आयु वर्ग 800 मी. में जीता स्वर्ण पदक



**नवीनमेल संवाददाता**

**रांची।** स्कूल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवम महाराष्ट्र सरकार द्वारा महाराष्ट्र के चंद्रपुर शहर में 28 से 30 दिसंबर तक सम्पन्न 67वी राष्ट्रीय विद्यालय अंडर 19 वर्ग एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के 800 मी. स्पर्धा में ए मेरी मेनुल के द्वारा 2017 मे राष्ट्रीय स्कूली प्रतियोगिता में बनाए गए 2:08.53 सेकेंड के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 2:06.10 सेकेंड में स्वर्ण जीती। आशा के स्वर्ण पदक जीतने पर माननीय मुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक श्रीमती किरण कुमारी पासी, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष डॉ मधुकांत पाठक, सचिव सीङ्कडी सिंह, खेलकूद एवं शारीरिक शिक्षा कोषांग के सभी शिक्षकों एवम कोच आशू भाटिया ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी है।

# बिट्टू कुमार बने बुढ़मू प्रखंड संयोजक



**नवीनमेल संवाददाता**

**बुढ़मू।** लोकहित अधिकार पार्टी रांची जिला कार्यकारी अध्यक्ष महिला मोर्चा रीना सिंह की अध्यक्षता में सिद्रौल मैदान बुढ़मू में एक संगठनात्मक बैठक रखी गयी। मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू, जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, मुख्य सलाहकार जनक प्रजापति, संयोजक जुल्फान अंसारी, मोहम्मद अजहर आलम, पुरुषोत्तम कुमार, संजय साहू,मनोज कुमार एवं कांके प्रखंड अध्यक्ष देवपूजन ठाकुर उपस्थित हुए। लोकसभा प्रभारी हरिनाथ साहू ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जन जागरूकता अभियान के माध्यम से आंदोलन करने के साथ विभिन्न जन सरोकार मुद्दों को पार्टी स्तर में लोगों का हक अधिकार और सामाजिक न्याय दिलाने हेतु सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सही तरीके से हरेक गांवों में जन-जन तक पहुंचाना ही पार्टी का लक्ष्य है। आगामी 2024 का लोकसभा चुनाव में लोकहित अधिकार पार्टी देश स्तरीय सभी के लिए निःशुल्क शिक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था लागू कराने और जाति जनगणना के साथ जिसकी जितनी संख्या भारी उसको मिले उतनी हिस्सेदारी सहित बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार के मुद्दों पर पार्टी चुनाव लड़ेगी। श्री साहू ने कार्यकर्ताओं को अभी से ही चुनाव की तैयारी के निहितार्थ पार्टी के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का सामूहिक और सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिए। बैठक में सर्वसम्मति से बिट्टू कुमार को बुढ़मू प्रखंड संयोजक, सह संयोजक के रूप में आशा सिंह, बबलू महतो, रमेश मुंडा, चांदनी सोनवानी एवं मनोज साहू को मनोनीत किया गया। बुढ़मू प्रखंड कमेटी गठन के लिए आगामी 7 जनवरी 2024, दिन रविवार 1:00 बजे से बाड़े पंचायत के नाउज अखड़ा मैदान सरकारी स्कूल के समीप बृहद रूप से बैठक करने का निर्णय लिया गया।

### पोस्टर और बैनर का हुआ विमोचन



**रांची:** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति के संस्थापक एवं संरक्षक परमहंस संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के शिष्यों ने आज श्रीमती विधा देवी अग्रवाल के निवास स्थान शिवगंज, हरमु रोड़, स्थित सत्संग भवन में 37 वें वार्षिक उत्सव पर भव्य 37वें श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा का आयोजन के पोस्टर और बैनर का विमोचन कर प्रचार प्रसार का कार्य शुरू किया गया। संस्था की 37 वें वार्षिक उत्सव पर प्रचार वाहन बुधवार 02 जनवरी 2024 से पुंदाग स्थित निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण से शुरू होकर पूरे पुंदाग गांव आईट्टटीट्ट आईट्टटीट्ट बस स्टैंड, रातु रोड, मेन रोड,हरमु रोड, हरमु हाउसिंग कॉलोनी, अरगोडा चोक होते हुए निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर पहुचेगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चार दिवसीय 6 से 9 जनवरी 2024 तक भागवत भास्कर परमहंस श्री श्री सदानंद जी महाराज अपनी सुमधुर वाणी से रांची वासियों को गीता प्रवचन, श्रीमद् भागवत कृष्ण कथा भजनो एवं सत्संग का रसपान करायेंगे। परमहंस संत शिरोमणि श्री श्री 1008 सदानंद जी महाराज के सानिध्य में 151 निर्धन जोडो का आदर्श सामूहिक विवाह रविवार 7 जनवरी 2024 को संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्णा प्रणामी मंदिर के प्रांगण में प्रातः 08 बजे से 01 बजे तक होगा।

# नववर्ष उत्सव की तैयारी जोरों पर, सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम



रांची। राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में नववर्ष उत्सव का सुरूर छाने लगा है। शनिवार को राजधानी के पार्कों व आसपास के फॉल व जलाशयों में लोगों को उत्सव मनाते देखा गया। वहीं सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम दिखा। इस संबंध में पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों के एसपी को अलर्ट कर दिया है। सभी एसपी को पार्क, फॉल, मंदिर सहित अन्य पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने को कहा गया है। भीड़-भाड़ वाले इलाके में पुलिस की गश्त विशेष रूप से की जायेगी। शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ जांच के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया गया है। जिलों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा, ताकि विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न नहीं हो। सभी रेंज डीआइजी को निर्देश दिया गया है कि वे सुरक्षा को लेकर अपने कार्य क्षेत्र के अधीन आने वाले एसएसपी और एसपी को आवश्यक निर्देश देंगे।

## एक नजर

### हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस के समय में बदलाव

**रांची।** आद्रा मंडल के तहत कांटाडी स्टेशन पर प्रस्तावित आदिवासी सेंगल अभियान आंदोलन की वजह से ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 30 दिसम्बर को रद्द किया गया था लेकिन अब यह ट्रेन अपने निर्धारित समय के स्थान परिवर्तित समय 11:50 बजे हटिया से प्रस्थान करेगी। यह जानकारी रेलवे ने आधिकारिक रूप से शनिवार को दी है।

### रांची की बहू अग्रता ढांढनीयां बनी मिसेज इंडिया झारखंड

**रांची।** अग्रता ढांढनीयां ने दिल्ली में आयोजित मिसेज इंडिया वन इन ए मिलियन सीजन-4 में प्रतिभागी के रूप में शामिल हुई। यह कार्यक्रम दिल्ली के होटल लीला पैलेस में हुआ। जिसमें प्रतियोगियों का चयन कई चरणों में किया गया। प्रतियोगिता में मिसेज टेलेंट में प्रथम एवं बेस्ट नेशनल कोस्टटियूम झारखंड का प्रतिनिधित्व करने वाली अग्रता ढांढनीयां टाईटल के पुरुस्कार से सम्मानित हुई। ग्रैंड फिनाले में देश भर के कुल 60 प्रतियोगी का चयन हुआ था। जिसमे अग्रता ढांढनीयां ने दो चरणों में खिताब जीत कर अपना और अपने राज्य का मान बढ़ाया। मिसेज इंडिया झारखंड 2023 का खिताब और ताज अपने नाम किया। कार्यक्रम में जज के रूप में मिस यूनिवर्स इंडिया-2023 श्वेता सारडा उपस्थित रही। अग्रता ढांढनीयां रांची के दवा व्यवसायी मनोज आभा ढांढनीयां के पुत्र मयंक ढांढनीयां की धर्म पत्नी हैं।

### आईएजी ईएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने डॉ सतीश मिढा पंजाबी समाज ने दी बधाई

**रांची।** डॉ सतीश मिढा के आईएजीईएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर बहावलपुरी पंजाबी समाज की ओर से स्वागत किया गया। समाज के ललित किंगर, अश्विनी सुखीजा एवं बहावलपुरी पंजाबी महिला समिति की बिमला किंगर, ऋचा मिढ़ा, मधु मक्कड़ ने उनके आवास जाकर बधाई दी। संस्था की ओर से अध्यक्ष ललित किंगर ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और महिला समिति की बिमला किंगर ने बुके भेंट किया।

# रूट परमिट मात्र 1400, चल रहे 4500 ई रिक्शा



### शहर को जाममुक्त करने के लिए निगम प्रशासक ने की अधिकारियों संग बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शहर की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने के उद्देश्य से पूर्व में विभिन्न मार्गों में ई रिक्शा का रूट निर्धारण करते हुए रूट पास निर्गत किया गया था। रांची नगर निगम क्षेत्र में वर्तमान में ई रिक्शा के पुनः रूट निर्धारण करने के लिए शनिवार को को प्रशासक अमित कुमार की अध्यक्षता में नामित सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में प्रशासक ने कहा कि वर्तमान में राजधानी रांची में राज्य सरकार की विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं प्रगति पर है। शहर के विभिन्न मार्गों में ई रिक्शा की अनगिनत संख्या से जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा सभी मुख्य मार्गों के साथ-साथ बाईलेन में भी ई रिक्शा के द्वारा बिना परमिट के परिचालन किया जा रहा है। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी ई रिक्शा के लिए पुनः आवश्यक रूट तय करते हुए चालकों को रूट पास निर्गत किया जाए। ताकि यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं व्यवस्थित की जा सके। बैठक में जिला परिवाहन पदाधिकारी ने बताया गया कि वर्तमान में लगभग 4500 ई रिक्शा रजिस्टर्ड है। जबकि 1400 के लिए ही रूट परमिट निर्गत किया गया है। इसके अतिरिक्त अधिकांश ई रिक्शा अव्यवस्थित रूप से चल रहे है। इनके लिए पुनः रूट निर्धारित करने की आवश्यकता को देखते हुए निगम द्वारा 131 रूट चिन्हित किए गए है। जिस पर प्रशासक अमित कुमार ने कहा कि प्रथम चरण में माइक्रो लेवल पर रूट नहीं तय करते हुए सुपर जोन के अनुसार रूट निर्धारण किया जाए।

## फ्लाईओवर निर्माण : रातू रोड में एक महीने ट्रैफिक में बदलाव

रांची। रांची के रातू रोड में फ्लाईओवर निर्माण को लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है। इसके तहत रातू रोड चौक और किशोरी यादव चौक के रूट को एक महीने के लिए डाइवर्ट किया गया है। रांची ट्रैफिक पुलिस के अनुसार 30 दिसंबर से 30 जनवरी तक यातायात व्यवस्था को डायवर्ट किया गया है। वहीं किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क की ओर जाने वाले सभी तरह के वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बंद किया गया है।

### ये रूट किये गये डायवर्ट

1 किशोरी यादव चौक से जाकिर हुसैन पार्क की ओर जाने वाली सभी तरह के वाहनों का परिचालन पूर्णतः बंद रहेगी।

2 पिस्का मोड़ से आने वाली सभी ऑटो ई-रिक्शा को दुर्गा मंदिर चौक से एलपीएन शाहदेव (हॉटलिप्स) चौक, एटीआई मोड़, रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क एवं अन्य स्थानों की ओर परिचालन करेंगे। अन्य वाहन न्यू मार्केट चौक से बॉएं राजभवन मोड़ होते हुए हॉटलिप्स चौक की ओर जाएंगे।



3 कांके रोड से रातू रोड आने वाली ऑटो व ई-रिक्शा राम मंदिर से सिद्धू कान्हो पार्क, एटीआई मोड़, रणधीर वर्मा चौक, जाकिर हुसैन पार्क होते हुए अन्य स्थानों की ओर जाएंगे। अन्य वाहनों का परिचालन यथावत होगा।

4 रेडियम चौक की ओर से आने वाले वाहनों का परिचालन जाकिर हुसैन पार्क से किशोरी यादव चौक होते हुए रातू रोड और हरमू रोड की ओर परिचालन करेंगे।

## नववर्ष पर पहाड़ी मंदिर में विशेष सुरक्षा व्यवस्था, अरघा से होगा जलाभिषेक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नववर्ष को लेकर रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति की बैठक पहाड़ी मंदिर के मुख्य कार्यालय में अध्यक्ष एन एन पांडेय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि नववर्ष के पहले दिन एक जनवरी को मंदिर में आने वाले भक्तों को बेहतर सुविधा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। पहाड़ी बाबा पर भक्तों को अच्छे ढंग से जल अर्पित करने के लिए अरघा की व्यवस्था की जाएगी। बताया गया कि पूरे पहाड़ी मंदिर को खूबसूरत लाइट से सजाया जाएगा। मंदिर के सभी मार्गो में सीसीटीवी कैमरा लगाया जा रहा हैं। कुल 47 कैमरें अब तक लगाया जा चुका है। समिति की ओर से फायर ब्रिगेड अधिकारी, जिला चिकित्सा अधिकारी एवं ट्रैफिक एसपी को पत्र लिखा गया हैं। भक्तों को बेहतर सुविधा देने के लिए शिव भक्त सेवा समिति बनाई गई है। भीड़ नियंत्रण के लिए जगह जगह बैरिकेटिंग लगाने का अनुरोध जिला प्रशासन से किया गया है। बैठक में राकेश सिन्हा, विनोद कुमार, राजेश साहू, बादल सिंह, रंजीत विहारी, अरुण वर्मा, अशोक पुरोहित, उमेश चंद्र मिश्रा, मेहुल प्रसाद, दीपक नंदा, मृत्युंजय सिंह, तड़ित राय, अंशु तिवारी तथा जया सोनी मौजूद थे।

## सरना कोड की मांग को लेकर सड़क पर उतरे कई आदिवासी संगठनों के सदस्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। सरना कोड की मांग को लेकर केंद्रीय सरना समिति, अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, आदिवासी छात्र संघ, आदिवासी सेंगेल अभियान और विभिन्न आदिवासी संगठनों के बुलाए गए भारत बंद को लेकर शनिवार को रांची में अब तक बंद का असर नहीं दिख रहा है। हालांकि बंद राजधानी रांची के ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क पर उतरकर विरोध कर रहे हैं। रांची में अन्य दिनों की तरह सड़कों पर वाहनों का आवागमन हो रहा है( दुकानें और बाजार खुली रही। अनगड़ा थाना क्षेत्र में बंद समर्थक सड़क पर उतरकर सरना कोड की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बंद के मद्देनजर शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। खबर लिखे जाने तक कहीं भी कोई सड़क जाम और ट्रेन रोकने की सूचना नहीं है।



### आदिवासी सेंगल आंदोलन के चलते चार ट्रेनें प्रभावित

रांची। आद्रा मंडल के तहत कांटाडी स्टेशन पर प्रस्तावित आदिवासी सेंगल अभियान आंदोलन के वजह से चार ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन 30 दिसम्बर को रद्द रहेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 18602 हटिया-टाटानगर एक्सप्रेस 30 दिसम्बर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी-चांडिल-टाटानगर होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 20898 रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस 30 दिसम्बर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग पुरुलिया-कोटशिला-मूरी-चांडिल-टाटानगर होकर चलेगी। ट्रेन संख्या 22892 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन 30 दिसम्बर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग मूरी-चांडिल-टाटानगर होकर चलेगी।

## मॉर्निंग ग्रुप ने किया प्रेस क्लब के अध्यक्ष व सचिव का अभिनंदन



**रांची।** रांची प्रेस क्लब के नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन और सचिव अमरकांत का मॉर्निंग ग्रुप की ओर से सुबह चर्च कॉम्प्लेक्स परिसर में अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष सुरेंद्र लाल सोरेन को मॉर्निंग ग्रुप के हाजी समी आजाद ने बुके देकर स्वागत किया। जबकि सचिव अमरकांत को मॉर्निंग ग्रुप के सचिव एजाज आलम और नेशात अनवर ने बुके देकर अभिनंदन किया। मॉर्निंग ग्रुप के हाजी हलीम अंसारी, मुस्तकीम आलम, अकील उर रहमान, सरफे आलम, नेहाल अहमद, खुर्शीद आलम, अब्दुल खालिक नन्हू, अब्दुल मन्नान, नफीस अख्तर, परवेज खान, मो मीर, नौशाद खान, शार्फुल खान, यूनुस खान, नसीम अख्तर, हसन सैफी प्रिंस, इकबाल अंसारी, शमीम मुजिबी एवं एजाज आदि मौजूद थे।

## संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में चला प्लास्टिक मुक्ती अभियान

रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड और डीएलएड इकाई द्वारा प्लास्टिक मुक्त शैक्षणिक परिसर के लिए अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को प्लास्टिक प्रयोग निषेध के लिए प्रेरित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के द्वारा महाविद्यालय परिसर में हरित प्रयासों को प्रोत्साहित किया गया। संस्थान की निदेशिका डॉ रश्मि ने कहा कि प्लास्टिक के प्रयोग की आदत पर अंकुश लगाकर पर्यावरण के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। मौके पर संस्थान के सभी व्याख्याता एवं प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित थे।



## चैती दुर्गा मंदिर में शनिवारी भोग का हुआ वितरण

**रांची।** श्री चैती दुर्गा मंदिर भुताहा तालाब की ओर से शनिवार भोग का वितरण किया गया। मंदिर के पुजारी सुभाष मिश्रा के द्वारा भोग लगाया गया तथा मंदिर परिसर में जुटे भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। भोग में खिचड़ी, अचार, चिप्स एवं हलवा दिया गया। श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के सभी सदस्य एवं परिवार की ओर से सभी को नव वर्ष की हार्दिक मंगलकामना है। माता रानी का कृपा सदेव सभी पर बनाएं रखें। इस वितरण में किशोर साहू, रमेश सिंह, संजय सिंह, शंकर दुबे, मुकेश सिंह, डॉ प्रभाकर चौबे, सूरज गुप्ता, राहुल सिंह, नमन भारतीय, राहुल रजक, संजय तिवारी, करण सिंह, मोहित रजक, आयुष रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा तथा समीर नायक शामिल थे।



## भारतीय कला शिविर में जुटे देश भर के चित्रकार और मूर्तिकार

**रांची।** गैलरी वीएसबी, नई दिल्ली की ओर से कला शिविर का आयोजन डॉ राम दयाल मुंडा कला भवन, खेलगांव में हुआ। तीन दिनों तक चलने वाली इस शिविर का उद्देश्य पूर्वी भारत के आदिवासी क्षेत्र के कलाकारों के उत्थान का है। शिविर का उदघाटन झारखंड सरकार के कला संस्कृति विभाग के निर्देशक धर्मेंद्र दीक्षित ने किया। कला शिविर में देशभर के कुल 13 चित्रकारों व मूर्तिकारों ने अपनी सहभागिता दिखायी। मौके पर धर्मेंद्र दीक्षित ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि आप चित्रकारों का भारतीय कला परिपेक्ष्य में योगदान अविस्मरणीय है। आपकी कार्य शैली और तकनीक अन्य स्थापित चित्रकारों के समकक्ष और बेहतर है। आपके हूनर पर गैलरी वीएसबी ने विश्वास जताया है और अपनों के बीच एक मंच देने का प्रयास किया है। क्यूरेटर वंदना भार्गव ने कहा कि पूर्वी भारत के रांची में इस कला शिविर को आयोजित कर क्षेत्रीय कला प्रेमियों तथा अन्य कलाकारों को प्रेरित किया है। शिविर के संयोजक चित्रकार राम प्रवेश पाल ने अथक प्रयास से आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि गैलरी की ओर से रांची को यह सम्मान देना गर्व की बात है।




## नव वर्ष पर कृष्णा नगर कॉलोनी में सजेगा विशेष दीवान

**रांची।** नववर्ष पर एक जनवरी को गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा, कृष्णा नगर कॉलोनी में विशेष दीवान सजाया जायेगा। दीवान सुबह 8 बजे से 10:30 बजे तक सजेगा। इसके अलावा दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन 17 जनवरी को रात 8:00 बजे से मध्य रात्रि 1:30 बजे तक विशेष दीवान सजाया जाएगा। इससे पहले 15 जनवरी को श्री कृष्णा नगर कॉलोनी, गुरुद्वारा साहिब में प्रकाश पर्व के उपलक्ष में श्री अखंड पाठ साहिब जी की आरंभता होगी। जिसका भोग 17 जनवरी प्रकाश पर्व की रात 12:00 बजे होगा। प्रकाश पर्व को लेकर सत्संग सभा द्वारा 5 जनवरी से प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जिसका समापन 13 जनवरी को होगा। पटना साहिब में प्रकाश पर्व में शामिल होने के लिए सत्संग सभा के श्रद्धालुओं का पहला जत्था इंदर मिढा और रमेश पपनेजा के नेतृत्व में 14 जनवरी की शाम एवं दूसरा जत्था अगले दिन 15 जनवरी की शाम आशु मिढा एवं नवीन मिढा के नेतृत्व में हटिया पटना एक्सप्रेस से रवाना होगा।



### नामांकन 4 से 8 जनवरी तक, सात पदाधिकारी समेत 16 पदों के लिए होगा मतदान

# बार एसोसिएशन का चुनाव 20 जनवरी को, अधिसूचना जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची जिला बार एसोसिएशन के सत्र 2024-2026 का द्विवार्षिक चुनाव 20 जनवरी को होगा। इसकी अधिसूचना शनिवार को जारी हो गयी। चुनाव समित के सदस्य अजय कुमार तिवारी एवं अमरेंद्र कुमार झा ने संयुक्त रूप से अधिसूचना जारी किया। मतदान 20 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। अधिसूचना के अनुसार झारखंड स्टेट बार काउंसिल के मॉडल रूल के तहत बार एसोसिएशन के 7 पदाधिकारियों व कार्यकारिणी समिति के 9 सदस्यों का चुनाव कराया जाएगा। मैदान में खड़े उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 2116 मतदाता करेंगे। तीन जनवरी से लेकर 8 जनवरी तक इच्छुक उम्मीदवार नामांकन पत्र ले सकेंगे। इसी अवधि में अपना नामांकन पत्र दाखिल करना होगा।




### कार्यकारिणी सदस्य के लिए 2000 रुपये शुल्क

अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष पद के लिए इस बार पांच-पांच हजार रुपए शुल्क देने पड़ेंगे। वहीं सहायक कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासन, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी पद के लिए चार-चार हजार रुपए रुपए का शुल्क रखा गया है। जबकि कार्यकारिणी सदस्य के लिए 2000 रुपये शुल्क है। यह सभी शुल्क नन रिफंडेबल रहेगा। नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी के बाद 10 जनवरी को दोपहर 12 बजे से दो बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। इसके बाद शाम में उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा।

### चुनावी शुल्क में की गई है बढ़ोत्तरी

नामांकन पत्र का शुल्क 150 एवं नामांकन शुल्क दो से पांच हजार रुपए तक रखा गया है। इस चुनाव में उम्मीदवारों को पूर्व चुनाव की तुलना में अधिक खर्च करनी होगी। नामांकन पत्र की कीमत 100 से बढ़ाकर 150 रुपए एवं नामांकन शुल्क 2000 से 5000 रुपए किया गया। पूर्व में यह शुल्क 1500 से 4000 रुपए था।

**मतगणना 21 जनवरी को**

**बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सहायक कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासन और संयुक्त सचिव लाइब्रेरी के साथ कार्यकारिणी समिति के 9 सदस्यों का चुनाव होगा। 20 जनवरी को मतदान के बाद मतों की गिनती 21 जनवरी को सुबह 11:30 बजे से शुरू होगी।**

## दिव्यांग संघ को मानव अधिकार सेवा संस्थान का मिला समर्थन



**रांची।** झारखंड दिव्यांग संघ के आंदोलन का भारतीय मानव अधिकार सेवा संस्थान ने समर्थन किया है। संस्थान के सदस्य नैतिक समर्थन देने के लिए धरना स्थल पहुंचे। कहा कि अपनी मांगों को लेकर दिव्यांग संघ पिछले 30 दिनों से राजभवन के समक्ष धरने पर बैठे हुए। लेकिन झारखंड सरकार की ओर से कोई पहल नहीं की गयी। बल्कि उनके ऊपर लाठी चार्ज किया गया। मांग पूरा करने के बजाय उन्हें लाठी से पिटना अनुचित है। 30 दिनों से अनशन पर बैठे हुए हैं, सही मायने में विकलांग को न्याय मिलना चाहिए। भारतीय मानव अधिकार के अध्यक्ष ने कहा कि अगर झारखंड सरकार उनकी मांगों को देने में असफल होते हैं। तो केंद्र सरकार से उनकी मांगों को रखा जाएगा।

# विकसित गांव व विकसित भारत थीम पर झारखंड में किसान समागम कल

## राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा करेंगे कार्यक्रम का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/सरायकेला।** सरायकेला-खरसावां में केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से एक जनवरी को किसान समागम (कृषि मेला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम) आयोजित होगा। कार्यक्रम का थीम विकसित गांव-विकसित भारत है। यह कार्यक्रम राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की अध्यक्षता में होगी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण एवं जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री संयुक्त रूप से करेंगे।





मेले में कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों से जुड़े सरकारी विभागों, निजी संस्थानों, स्टार्टअप आदि द्वारा 100 से अधिक स्टॉल लगाए जाएंगे, जो हजारों किसानों के साथ ही खेती-किसानी क्षेत्र से जुड़े अन्य लोगों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी होंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की संस्थाओं, राष्ट्रीय बीज निगम, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, इफको, राष्ट्रीय बागवानी बोर्ड, अटारी (पटना) और राज्य सरकार की विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर गोंडपुर मैदान, खरसावां में यह वृहद आयोजन होगा।

इसका उद्देश्य कृषि प्रक्रिया और उत्पादों के विभिन्न आयामों, नवीनतम कृषि-मशीनरी, कृषि-इनपुट और किसान अनुकूल प्रथाओं के अन्य पहलुओं को प्रदर्शित करना है। साथ ही मेला कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, विस्तारकर्मियों, नीति-निमार्ताओं व कृषि अधिकारियों को अपना अनुभव किसान भाइयों-बहनों के साथ साझा करने का मंच है। मेले में झारखंड के विभिन्न जिलों में कार्यरत कृषि विज्ञान केंद्रों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है।

मेले में राज्य के हजारों किसान भाग लेंगे और जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। विकसित भारत को ध्यान में रखते हुए किसानों के विकास एवं उत्थान के लिए भारत सरकार के जरिये चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी मेले में उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है। मेले के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती, ड्रोन का कृषि में उपयोग और कृषि को उद्यम के रूप में विकसित करने सहित अन्य संबंध में जानकारी भी दी जाएगी।

## आकांक्षी जिला के मानकों में सुधार को लेकर आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग की संयुक्त सचिव हिमानी पांडेय ने आकांक्षी जिला के मानकों में सुधार को लेकर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि कई ऐसी योजनाएं हैं, जिसका क्रियान्वयन आम लोगों के हित के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समुचित कार्य प्रारूप तैयार किया जाय, ताकि योजनाओं का उचित क्रियान्वयन सुनिश्चित हो पा। हमारा मुख्य उद्देश्य है कि आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें योजनाओं के माध्यम से सीधे रूप से लाभान्वित किया जा सके। पांडेय शनिवार को आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत राजकीय अतिथिशाला में समीक्षा बैठक में बोल रही थीं। उन्होंने बैठक में केंद्र प्रायोजित कार्यक्रमों के प्रगति और भावी कार्य योजना की क्रमवार समीक्षा करते हुए कहा कि नीति आयोग की ओर से निर्धारित आकांक्षी जिले के विभिन्न मानकों में उत्तरोत्तर और सुधार की आवश्यकता है, ताकि इसमें और मानक में सुधार हो सकें। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने के लिए अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक से जानकारी लेते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को जो डिजिटल सामग्री और टेबलेट उपलब्ध कराया गया है, सभी छात्र-छात्रा इसका उपयोग सही से करके अपना विकास करें। संयुक्त सचिव ने कृषि और जल संरक्षण की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारी से जानकारी मांगी। इसपर सम्बंधित अधिकारी ने बताया कि कृषि एवं जल संरक्षण के तहत नीति आयोग के मानकों सूक्ष्म सिचाई का प्रतिशत रांची जिला में वर्तमान में 2.97 प्रतिशत है। इसपर संयुक्त सचिव के जरिये इसे राष्ट्रीय स्तर (18.1 प्रतिशत) पर लाने का निर्देश दिया गया।



## एक नजर

### रातु निवासी धर्मेन्द्र सिंह बने जेएमएम युवा मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा रांची की केंद्रीय कमिटी की और से शनिवार को झारखंड युवा मोर्चा का गठन किया गया। जिसमें रातु निवासी धर्मेन्द्र सिंह को रांची जिला का अध्यक्ष बनाया गया है। धर्मेन्द्र सिंह ने इसके लिए पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन और कार्यकारी अध्यक्ष सीएम हेमन्त सोरेन तथा केंद्रीय समिति और जिला समिति का आभार वयक्त किया है। वही धर्मेंद्र सिंह को युवा मोर्चा अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के नेताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### कांग्रेस के नये प्रभारी गुलाम अहमद मीर दो को आयेंगे रांची



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर दो दिवसीय झारखंड दौरे पर 2 जनवरी को रांची आयेंगे। दो जनवरी को दोपहर 12.50 बजे वह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। प्रभारी के रूप में पहली बार रांची आने पर कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत की तैयारी है। 2 जनवरी को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से संगम गार्डेन, मोरहाबादी में प्रभारी गुलाम अहमद मीर का अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद मीर शाम को प्रभारी जिलाध्यक्षों के साथ कांग्रेस भवन में बैठक करेंगे। 3 जनवरी को विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के डोरंडा स्थित सरकारी आवास में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे।

### ईडी ने बिरसा कारागार के जेलर को भेजा समन

**रांची।** ईडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के जेलर प्रमोद कुमार को समन भेजा है। शनिवार को आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जेलर प्रमोद कुमार को यह समन जेल से पत्रकार को धमकी देने के मामले में भेजा गया है। ईडी ने प्रमोद कुमार को दो जनवरी को ईडी के रांची के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है।

### प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने झारखंड प्रभारी से की मुलाकात



**रांची।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर से झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह ने शनिवार को मुलाकात की। सिंह ने मीर को दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में सॉल ओढ़ाकर और बुके देकर नए साल की बधाई दी। साथ ही संगठन और झारखंड के राजनीति पर चर्चा की। गुंजन सिंह ने बताया कि जल्द ही प्रभारी का आगमन झारखंड में होगा।

## कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय के पिता का निधन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महगामा से कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह के पिता का शनिवार को निधन हो गया। उनके पिता अरुण पांडेय काफी लंबे समय से बीमार थे। उन्होंने रांची के रामप्यारी अस्पताल में अंतिम सांस ली। अरुण पांडेय खुद भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे हैं। अरुण पांडेय एकीकृत बिहार के समय पार्षद भी रह चुके थे। उनकी पत्नी प्रतिभा पांडेय झारखंड राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष रह चुकी थी। प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि उनके पार्थिव शरीर को रांची के कांग्रेस भवन लाया जाएगा, जहां कांग्रेस नेताओं की ओर से उनको श्रद्धांजलि दी जाएगी।



### कांग्रेस नेता अरुण पांडेय के निधन पर सुबोधकांत सहाय ने जताया शोक

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, एचईसी क्षेत्र के लोकप्रिय समाजसेवी एवं महागामा विधायक दीपिका पांडेय के पिता अरुण पांडेय के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपनी शोक संवेदना में श्री सहाय ने कहा कि स्व.पांडेय जीवनपर्यंत कांग्रेस पार्टी के कर्मठ और समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम करते रहे। संगठन को मजबूत बनाने और पार्टी का जनाधार बढ़ाने के प्रति उनकी निष्ठा हमेशा याद रहेगी। श्री सहाय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति स्व.पांडेय का समर्पण एक मिसाल के तौर पर हमेशा याद किया जाता रहेगा।

## वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रही सरकार : प्रदीप वर्मा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि हेमंत सरकार वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने में लगी है। उन्होंने कहा कि जबसे हेमंत सरकार बनी है पूरे प्रदेश में आंतरिक विधि व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती जा रही है। डॉ प्रदीप वर्मा शनिवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हाल में ही पाकुड़ जिले में धर्मांतरण की घटी घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि पाकुड़ जिला में पहाड़िया जनजाति के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। यहां समुदाय विशेष के लोगों के द्वारा लगातार पहाड़िया बेटियों, पुरुषों को जबरन धर्मांतरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले दिनों पहाड़िया बेटी रुबिका की हत्या भी की जा चुकी है। पाकुड़ जिला, रामचंद्रपुर के रहने वाले रिनॉय पहाड़िया के साथ हुए वारदात की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दिनों सायनारा खातून नाम की महिला ने रिनॉय पहाड़िया के साथ योजनाबद्ध तरीके से दोस्ती की और पहाड़िया रीति से शादी का प्रस्ताव दिया। शादी की स्वीकृति के बाद सायनारा खातून ने उसपर धर्मांतरण का दबाव डाला। निकाह के लिए गलत तरीके से दबाव डाला और फिर शपथ पत्र पर हस्ताक्षर भी कराए। उन्होंने कहा कि इतना ही नहीं विरोध करने पर रिनॉय पहाड़िया को जबरन प्रतिबंधित मांस खाने का दबाव डालते हुए मारपीट भी की गई।



उन्होंने कहा कि रिनॉय द्वारा जब थाना में इसकी शिकायत की जाती है तो उसे डांटकर भगा दिया जाता है। इसके बाद रिनॉय एसपी पाकुड़ से शिकायत करते हैं तो आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि धर्मांतरण कराने वाले तत्वों को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। वर्मा ने कहा कि आदिवासी की पहचान अस्तित्व उनके धर्म और संस्कृति से जुड़ा है लेकिन आज राज्य में जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए कठोर कानून के होते हुए भी हेमंत सरकार कोई कार्रवाई नहीं करती है।

### रांची के हुंडरू फॉल के समीप स्कूल बस पलटी, एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल

**रांची।** राजधानी रांची के सिकिदिरी-हुंडरू फॉल पथ के डॉक्टर मोड़ के समीप स्कूली बच्चों से भरी बस पलटने से एक शिक्षिका समेत एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गये। बताया जाता है कि शनिवार करीब एक बजे बस यूनिक प्रोग्रेसिव उवि कोडरमा से 50 बच्चों को लेकर हुंडरू फॉल के लिए जा रही थी। डॉक्टर मोड़ के समीप एक बाइक सवार को बचाने के क्रम में बस पलट गई, सिकिदिरी थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायल बच्चों को अस्पताल भेजा।

### छुट्टी मनाने गया परिवार, चोरों ने 50 हजार रुपये के जेवरात की चोरी कर ली

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह के रहने वाले अनिल उरांव के घर का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार के जेवरात समेत लैपटॉप की चोरी कर ली गई। इस संबंध में अनिल ने डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। अनिल ने पुलिस को बताया कि वह 25 दिसंबर को छुट्टी मनाने अपने पैतृक गांव लोहरदगा चला गया था। 28 दिसंबर को जब वह लौटे तो देखा कि उनके घर के मुख्य द्वार में लगा ताला टूटा हुआ था। भीतर अलमीरा भी खुला हुआ था। अलमीरा में रखे सोने का कान का टाप्स, चेन व दो पायल गायब थे। इसके बाद वह डोरंडा थाने पहुंच कर मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### लाइब्रेरी से पढ़कर लौट रहे छात्र से हथियार के बल पर लूटपाट, केस दर्ज

**रांची।** रांची के डोरंडा कुसई कॉलोनी बिजली विभाग मैदान के पास एक छात्र से अपराधियों ने हथियार के बल पर मोबाइल व हेड फोन लूट लिया। इस वारदात को अपराधियों ने शुक्रवार शाम छह बजे अंजाम दिया है। इस संबंध में छात्र ध्रुव ने ढेलबा व एक अन्य के खिलाफ डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। कुसई कॉलोनी के समीप रहने वाले ध्रुव ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार की शाम भारत लाइब्रेरी से पढ़कर घर लौट रहा था। बिजली विभाग मैदान के पास जब वह पहुंचा तो दो अपराधियों ने उन्हें रोक दिया। रंगदारी की मांग की। चाकू निकालकर अपराधियों ने ध्रुव के पेट में सटा दिया। इसके बाद ध्रुव के हाथ से मोबाइल व हेड फोन लूट लिया। धमकी दी कि अगर शोर मचाया तो जान से मार देंगे। इसके बाद दोनों अपराधी वहां से फरार हो गए। घटना के बाद शनिवार को ध्रुव डोरंडा थाना पहुंचे और अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

झारखंड मत्स्य उत्पादन में बन रहा आत्मनिर्भर

## दो लाख मीट्रिक टन हुआ मछली, 1200 करोड़ मत्स्य बीज उत्पादन का लक्ष्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य मछली पालन के क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। मत्स्य उत्पादन का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जहां कुछ साल पहले तक यह राज्य मछली के लिए दूसरे राज्यों पर निर्भर था, वहीं अब यह दूसरे राज्यों को मछली के साथ साथ उसका बीज भी निर्यात कर रहा है। इस तरह से कहा जा सकता है कि मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में झारखंड आत्मनिर्भर हो रहा है। राज्य में दो लाख मीट्रिक टन मछली उत्पादन हुआ है। बड़े जलाशयों में भी इस केज कल्चर का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे मछली उत्पादन भी बढ़ा है। अब राज्य सरकार खाली पड़ी खदानों में भी मछली पालन करने की योजना पर काम कर रही है। मत्स्य विभाग ने 2023-24 के लिए मछली उत्पादन का लक्ष्य तीन लाख 30 हजार मीट्रिक टन रखा है। अब तक दो लाख लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन किया जा चुका है। इसे मार्च 2024 तक हासिल करने का लक्ष्य है। इसे प्राप्त करने के लिए युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद 90 फीसदी सब्सिडी मत्स्य स्पॉन दिए जा रहे हैं। इसके दो हजार रुपये का फीड और मत्स्य बीज उत्पादन में इस्तेमाल होने वाला नेट भी निःशुल्क विभाग की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे हैं।





राज्य मत्स्य विभाग ने 1200 करोड़ मत्स्य बीज उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके लिए साढ़े सात हजार प्रगतिशील युवा मत्स्य पालकों को मत्स्य बीज उत्पादन का विशेष प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इसके तहत रांची में 382, खूंटी में 170, गुमला में 300, सिमडेगा में 210, लोहरदगा में 220, लातेहार में 260, पश्चिमी सिंहभूम में 358, पूर्वी सिंहभूम में 290, सरायकेला खरसावां में 420, दुमका में 280, जामताड़ा में 210, साहिबगंज में 210, पाकुड़ में 210, हजारीबाग में 470, रामगढ़ में 310, कोडरमा में 330, चतरा में 340, बोकारो में 410, गिरिडीह में 300, धनबाद में 385, गोड्डा में 325, पलामू में 370, गढ़वा में 320 और देवघर में 420 युवाओं को मत्स्य बीज उत्पादन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। रांची, गुमला, चाईबासा, हजारीबाग,चतरा, बोकारो, पलामू, दुमका, सिमडेगा गोड्डा, सरायकेला खरसावां और पाकुड़ में बंद पड़ी खदानों में मछली उत्पादन किया जाएगा। इस योजना में 8.15 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इस योजना के तहत मुख्य तौर पर मछली पालन के लिए उपयुक्त खदानों में केज कल्चर के जरिए मछली पालन करने के लिए केज इंस्टॉल किए जाएंगे। साथ ही वहां पर मछली पालन के लिए इनपुट प्रदान किया जाएगा और पुराने केज की रिमॉडलिंग की जाएगी।

नक्सलियों को मिला बड़ा ऑफर

## सरेंडर करो, ओपन जेल जाओ रोजी रोजगार के तरीके भी सीखो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नए साल पर झारखंड के नक्सलियों को पुलिस के द्वारा एक बड़ा ऑफर दिया गया है। झारखंड में सक्रिय नक्सलियों को पुलिस ने ऑफर दिया है कि वह सरेंडर करें और ओपन जेल में अपने परिवार के साथ रहें, जहां उन्हें रोजी रोजगार के तरीके भी सिखाए जाएंगे। झारखंड पुलिस अपने इस ऑफर को लेकर जोरदार प्रचार प्रचार भी कर रही है। आत्मसमपर्ण करने वाले नक्सली आम जेल नही जाएंगे,बल्कि वे हजारीबाग स्थित ओपन जेल में रहेंगे। आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया की इसी साल सरेंडर पॉलिसी में यह बदलाव किया गया है, जिसका फायदा सक्रिय नक्सली सरेंडर कर उठा सकते है। झारखंड के पहला और एकमात्र ओपन जेल हजारीबाग जिले में है, इस जेल में सरेंडर करने वाले नक्सलियो को रहने के लिए कॉटेज उपलब्ध करवाया जाता है जिसमे वे अपने पत्नी और बच्चो के साथ रह सकते है।

**रोजगार के तरीके भी सिखाये जाते है :** ओपन जेल में रहने वाले नक्सलियो को जेल के अंदर कौशल योजना से जोड़ा जाता है। जेल के अंदर ही रोजगार के विभिन्न तरीकों को आत्मसमर्पित नक्सलियो को सिखाया जाता है ताकि जब पूर्व नक्सली जेल से बाहर निकले तो उन्हें तुरंत रोजगार मिल सके।

**प्रचार-प्रसार जोरो से जारी :** आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया ओपन जेल को लेकर जोरदार प्रचार -प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए पोस्टर -बैनर, रेडियो और दूसरे सोशल मीडिया का प्रयोग किया जा रहा है। नक्सल प्रभावित इलाकों में इस सम्बंध में पुलिस के द्वारा जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

**साल 2023 में 26 ने किया सरेंडर :** आईजी अभियान ने बताया कि साल 2023 में कुल 26 नक्सलियो ने पुलिस के सामने हथियार डाले है। जिसमे अधिकांश इनामी थे, सरेंडर करने वालो में तीन रीजनल कमांडर ,दो जोनल कमांडर ,नौ सब जोनल कमांडर और दो एरिया कमांडर भी शामिल है।

## कोर्ट की खबरें

### कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने चर्चित अलकतरा घोटाला में 1.08 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक महेश मेहता (67) के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई है। महेश मेहता की ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है, जिस पर सुनवाई के दौरान न्यायाधीश राजेश कुमार की कोर्ट ने मामले में केंद्र सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी निर्धारित किया है। बीते 21 जुलाई को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका खारिज किया था।

कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर को 30 किमी लंबी परवा- गढ़वा रोड के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का काम रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट, डालटेनगंज की ओर से दिया गया था। इस मामले में आरोप लगाया गया है कि कंपनी द्वारा अलकतरा के करीब एक करोड़ आठ लाख रुपये का फर्जी बिल रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट में जमा किया गया। इस मामले की पहले सीबीआई जांच कर रही थी। बाद में ईडी ने इस मामले को अपने हाथों में लिया। याचिकाकर्ता में ईडी ने छह आरोपितों महेश मेहरा एवं नागवंत पांडेय सहित कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, कौशल्या टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, कौशल्या निर्माण प्राइवेट लिमिटेड, बंगाल केडीसी हाउसिंग डेवलपमेंट लिमिटेड के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था, जिस पर ईडी कोर्ट ने संज्ञान लिया है।




### रांची जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 20 जनवरी को

**रांची।** रांची जिला बार एसोसिएशन का द्विवार्षिक चुनाव 20 जनवरी को होगा। इसकी अधिसूचना शनिवार को चुनाव समित के सदस्य अजय कुमार तिवारी एवं अमरेंद्र कुमार झा ने संयुक्त रूप से जारी किया। 20 जनवरी 2024 को दिन 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक मतदान संपन्न होगा। अधिसूचना के अनुसार झारखंड स्टेट बार काउंसिल के मॉडल रूल के तहत बार एसोसिएशन के सात पदाधिकारियों और कार्यकारिणी समिति के नौ सदस्यों का चुनाव कराया जाएगा। मैदान में खड़े उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 2116 मतदाता करेंगे। तीन जनवरी से लेकर आठ जनवरी तक इच्छुक उम्मीदवार नामांकन पत्र ले सकेंगे। इसी अवधि में अपना नामांकन पत्र दाखिल करना होगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, सहायक कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव प्रशासन, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी के साथ-साथ कार्यकारिणी समिति के नौ सदस्यों का चुनाव होगा। 20 जनवरी को मतदान के बाद मतों की गिनती 21 जनवरी को दिन के 11:30 बजे से शुरू होगी।




नई पहल | सांगठनिक स्तर पर फेरबदल हुए, बाबूलाल मरांडी बने प्रदेश अध्यक्ष

## प्रदेश भाजपा के लिए बदलाव भरा रहा वर्ष 2023

### अमर बाउरी नेता प्रतिपक्ष बने, जेपी पटेल पार्टी के उप मुख्य सचेतक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

2023 की विदाई और साल 2024 के आगमन में महज एक दिन शेष है। ऐसे में हर किसी की तरह राजनीतिक दलों के नेता भी यह हिसाब लगाने में जुटे हैं कि मौजूदा साल उनके लिए कैसा रहा और उन्हें 2024 से क्या उम्मीदें हैं। प्रदेश भाजपा के लिए साल 2023 बदलाव भरा रहा।

सांगठनिक स्तर पर पार्टी में कई फेरबदल हुए। सबसे बड़ा बदलाव बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष का कमान सौंपा गया। साथ ही रांची मेयर आशा लकड़ा को कई राज्यों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलती रही।





विधायक जेपी पटेल विधायक दल के नेता के बजाय विधानसभा में पार्टी के उप मुख्य सचेतक बने। विधायक अमर कुमार बाउरी विधायक दल के नेता बनने में सफल हुए। पार्टी विधायक दल के नेता बनने के बाद अमर कुमार बाउरी नेता प्रतिपक्ष के रूप में मनोनीत हुए। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का राजनीतिक कद बढ़ा। उन्हें जनजातीय कार्य मंत्री के अलावा केंद्रीय मंत्रिमंडल में कृषि विभाग की भी जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा पिछले दिनों मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा झारखंड के दो नेताओं को मुख्यमंत्री चयन के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी गई। पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में केंद्रीय जनजातीय मामलों के साथ-साथ कृषि मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे अर्जुन मुंडा को छत्तीसगढ़ में पार्टी विधायक दल के नेता चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। रांची की मेयर आशा लकड़ा को मध्य प्रदेश में सह पर्यवेक्षक के रूप में पार्टी ने नियुक्त किया गया। दीपक प्रकाश के स्थान पर चार जुलाई को प्रदेश भाजपा की बागडोर बाबूलाल मरांडी के हाथों में सौंपा गयी।बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भाजपा के प्रदेश कार्यालय में उनके समर्थकों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। बाबूलाल की टीम में शामिल होने के लिए पुराने भाजपा कार्यकर्ता से लेकर झारखंड विकास मोर्चा से भाजपा में आने वाले पार्टी नेता और कार्यकर्ता मशक्कत करने लगे।

इन सबके बीच बाबूलाल मरांडी ने राज्य के सभी जिलों में संकल्प यात्रा के जरिए वर्तमान हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कार्यकताओं को आह्वान किया। ऐसे में समय दर समय बीतता चला गया और पार्टी के नेता कार्यकर्ता पिछले छह महीने से प्रदेश कार्यसमिति के गठन की प्रतीक्षा करते रहे। इन सबके बीच पार्टी एक ओर जहां मिशन 2024 को लेकर तैयारी में जुटी रही, वहीं दूसरी ओर हेमंत सरकार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक में आंदोलन करती रही। साल 2023 में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का झारखंड दौरा हुआ। झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर 15 नवंबर का प्रधानमंत्री का दो दिवसीय झारखंड दौरा कई मायनों में अहम रहा।

## एक नजर

### संत मैरी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने किया बोध गया का भ्रमण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला स्थित संत मैरी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बोधगया का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यालय निदेशक इमरान अशरफ ने बच्चों को महाबोधि मंदिर,बोधि वृक्ष,महान बुद्ध प्रतिमा,थाई मठ,इंडोसन निप्पॉन जापानी मंदिर की विशेषताओं को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों में मानसिक विकास की वृद्धि होती है। साथ ही बच्चों में एक नई उर्जा की संचार होता है। भ्रमण के दौरान विद्यालय निदेशक इमरान अशरफ, सलाहकार एजाज अहमद,रुकैया परवीन समेत आदि शिक्षक शामिल थे।

### गैड़ा के समाजसेवी हुलास का निधन, गांव में शोक



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत गैड़ा के प्रसिद्ध समाजसेवी हुलास जयराम नायक का निधन 90 वर्ष में हो गई। उनके निधन से पूरे गांव में शौक की लहर है। उनके छोटे पुत्र के बासुदेव साव द्वारा गांव में मंदिर निर्माण सहित सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर आर्थिक सहयोग और अन्य सहयोग करते हैं। उनके निधन पर सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक कार्यकर्ता और शिक्षा वीदों ने गहरी संवेदना जताई। उनका दाह संस्कार गांव के लखेश्वर धाम में की गई।

### सरना धर्म कोड की मांग के लिए आदिवासियों का प्रदर्शन



**हजारीबाग।** झिंझरिया पुल के करीब भारत माता चौक पर शनिवार को जिले आदिवासी समुदाय के लोगों ने चक्का जाम कर दिया। अनेक मांगों जिसमे धर्म कोड मुख्य, को लेकर राज्य भर में सुनियोजित तरीके से आदिवासियों का धरणा प्रदर्शन था। इसी कड़ी में हजारीबाग के आदिवासियों ने भी हाइवे सड़क पर जाम लगा कर अपनी मांगों को रखा। इस दौरान केन्द्रीय आदिवासी संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि देश में उनलोगों को भी अलग धर्म कोड मिला हुआ है जो आदिवासियों की तुलना में बहुत कम हैं, ऐसे में आदिवासियों का अपना धर्म कोड नहीं होना देश के राजनीतिज्ञों की मंशा पर सवाल खड़ा करता है।

### विधायक मनीष ने पेश किया वार्षिक रिपोर्ट कार्ड कहा

## आमजन के लिए सड़क से सदन तक रहा सक्रिय



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को हुडहुडू स्थित निमंत्रण पैलेस सभागार में प्रति वर्ष की भांति अपने बतौर विधायक कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे होने और के उपलक्ष्य में सेवा वर्ष-2023 का लेखा-जोखा जनता के समक्ष रखा। विधायक मनीष जायसवाल ने प्रेस- वार्ता में सेवा पुस्तिका -2023 का लोकार्पण कर इसकी पूरी जानकारी दी। मौके पर विशेषरूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, कैलाशपति ओझा, सुदेश चंद्रवंशी, अनिल मिश्रा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव,भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव, जिला महामंत्री विवेकानंद सिंह, सुनील साहू, कोषाध्यक्ष विनोद भगत, मीडिया प्रभारी जयनारायण मेहता, रामचंद्र कुशवाहा, रणधीर पांडेय, रीतलाल यादव, दारु बसंत नारायण, सदर विधनसभा क्षेत्र के दिनेश सिंह राठौड़, विशाल वाल्मिकी, नगर विधायक आशीष सोनी, विजय कुमार, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, दारु विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, कृषि एवं पीडीएस विभाग के विधायक प्रतिनिधि इन्द्रनारायण कुशवाहा, मत्स्य, कल्याण और पशुपालन विभाग के विधायक प्रतिनिधि शिवपाल यादव, महिला विधायक प्रतिनिधि ज्योत्सना देवी, सोनी कुशवाहा, लीलावती देवी, पूनम चौधरी, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

### डॉ गोविंद मुनीश ने लॉन्च किया कृषि वैज्ञानिक आपके गांव कार्यक्रम

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग की ओर से सदर प्रखंड के अमनारी पंचायत के अमनारी गांव में स्थायी खाद्य सुरक्षा के आधुनिक व बेहतर समाधान को लेकर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया कृष्ण देव प्रसाद मेहता ने की। दीप प्रज्ज्वलित के पश्चात विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने 'आईसेक्ट के कृषि वैज्ञानिक आपके गांव' कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कहा कि उन्नत कृषि तकनीक न केवल आम किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार बनेगा बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी इससे मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि समय समय पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से कृषि की उन्नत तकनीकों को लेकर अलग-अलग गांवों में सेमिनार या अन्य माध्यमों से संबंधित जानकारियां साझा की जाएगी, ताकि आसपास के क्षेत्रों में इसका लाभ मिल सके।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए चयन परीक्षा 12 जनवरी तक

## क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी परीक्षा के तनाव को कम करने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का 7 वां संस्करण जनवरी/फरवरी, 2024 में तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली के टाउन हॉल में आयोजित किया जाना है। यह आयोजन स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पिछले 6 वर्षों से लगातार आयोजित किया जा रहा है। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पंजीकृत एवं चयन करने के लिए 12 दिसम्बर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 तक ऑनलाईन बहुविकल्पीय प्रश्न प्रतियोगिता करायी जा रही है जिसमें कक्षा 06 से 12 तक पढ़ने वाले छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक भाग ले सकते है। इसके अंतर्गत प्रतिभागी ऐसे प्रश्न भी पूछ सकते है, जो इंटरैक्टिव कार्यक्रम से संबंधित हो। सभी प्रतिभागियों को निदेशक, एनसीईआरटी द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। विभाग द्वारा चयनित छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को अपने प्रश्न के द्वारा प्रधानमंत्री जी को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के पिछले संस्करणों में प्रश्न पूछने वाले प्रतिभागियों को मीडिया चैनलों द्वारा अपने कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। इसी तर्ज पर इस वर्ष भी कुछ चुनिंदा प्रतिभागियों को मीडिया से बातचीत करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए राज्य स्तर पर निदेशक जेसीईआरटी राज्य नोडल पदाधिकारी है।

## हजारीबाग यूथ विंग के सचिव ने अपने जन्म दिवस पर किया रक्तदान



**नवीन मेल संवाददाता, हजारीबाग**
हजारीबाग यूथ विंग के सचिव संजय कुमार ने रक्त दान कर मिसाल पेश किया उन्होंने कहा कि जन्मदिवस पर रक्तदान करना यह मेरे लिए सबसे बड़ा सौभाग्य की बात रहा है। हर लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।बरही निवासी अशोक कुमार गुप्ता 58 वर्षीय जो की शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल में इलाजरत है। चिकित्सकों के द्वारा परिजनों को रक्त उपलब्धि करने का आग्रह किया गया। परिजनों के द्वारा हजारीबाग यूथ विंग से संपर्क किया गया, जिसके बाद यूथ विंग के सचिव संजय कुमार ने रक्तदान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश किया। मौके पर ःझ्र संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल, विकाश तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने संजय कुमार का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि जीवन के महत्वाकांक्षी पल पर ऐसी सेवा करना काफी सराहनीय है, हर लोगों को अपने जीवन के महत्वाकांक्षी पल पर ऐसी सेवा अवश्य करनी चाहिए।

## बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने शनिवार को जिला समाहरणालय परिसर से बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह द्वारा उपायुक्त को बरसा किसान रथ के परिचालन के संबंध में जानकारी दी गई। राज्य सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड के द्वारा 'बिरसा किसान रथ' का परिचालन कृषि प्रोद्यौगिकी प्रबंधन अभिकरण 'आत्मा', रामगढ़ के माध्यम से प्रारम्भ की गयी है। किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ मृदा स्वास्थ्य, जैविक खेती, जल प्रबंधन, बीज उपचार, यांत्रिकरण, किसान क्रेडिट कार्ड का वितरण, मछली पालन, पशुओं का टीकाकरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण आदि की जानकारी बिरसा किसान रथ के माध्यम से किसानों को दी जाएगी। बिरसा किसान रथ जिले के विभिन्न प्रखण्डों के ग्रामीण क्षेत्र में कृषि वैज्ञानिकों, पदाधिकारियों, प्रसार कर्मियों, प्रगतिशील कृषकों के साथ जन-जन तक खेती से संबंधित तकनीकी समस्यों का समाधान, योजनाओं की जानकारी आदि को पहुँचाने हेतु परिभ्रमण करेगा। बिरसा किसान रथ में माननीय मुख्यमंत्री, माननीय मंत्री, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग तथा विभागीय पदाधिकारियों का कृषकों के नाम संदेश एवं सरकार द्वारा विगत चार वर्षों में किये गये कार्यों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी बिरसा किसान रथ के द्वारा दी जाएगी।

### झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक

## सभी समुदाय के लोगों को जोड़ने पर बल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इक्सी की शनिवार को रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत दोहाकातु पंचायत में कमेटी विस्तार के लिए अरजलाल महतो की अध्यक्षता एवं प्रदीप महतो संचालन में बैठक हुई। बैठक में जिला कोर कमेटी सदस्य, प्रखंड कोर कमेटी सदस्य, पंचायत कमेटी सदस्य तथा ग्रामीण सदस्य उपस्थित हुए।इस बैठक में संगठन विस्तार और मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया । साथ ही संगठन में सभी समुदाय के लोगों को जोड़ने पर बल दिया गया। बैठक में टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की बात कही गई। कहा गया झारखण्ड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है क्योंकि अन्य दल से लोगों का मन ऊब चुका है। कहा गया कि वर्तमान परिवेश की राजनीति में युवा, महिलाएं, छात्र, बुजुर्ग सभी वर्ग के लोगों की उम्मीद टाइगर जयराम महतो हैं। जेबीकेएसएस दोहाकातु पंचायत कमेटी में संरक्षक लाल उदय राय,अध्यक्ष गिरधारी भोक्ता, उपाध्यक्ष लक्ष्मन बेदिया , सचिव प्रेम गंझू सह सचिव विनोद गंझू, कोषाध्यक्ष मंटू कुमार महतो, संगठन सचिव संभू महतो, मीडिया प्रभारी राजेश कुमार महतो, कार्य करिणी सदस्य संतोष महतो, अनिल महतो, परदीप बेदिया, लाल बहादुर गंझू को मनोनीत किया गया। वहीं, महिला कमेटी में संरक्षक लीलावती देवी, अध्यक्ष सविता देवी, सचिव जेबा परवीन, कोषाध्यक्ष रेणुका देवी, उपाध्यक्ष सुनीता देवी, सह सचिव पूजा देवी पाहन, संगठन सचिव मालती देवी, मिडिया प्रभारी पूजा देवी, कार्य करिणी सदस्य संगीता देवी, नमिता कुमारी, परूण देवी, रुकसार परवीन, कुआसो देवी, सुनीता देवी, माधुरी देवी को सर्वसम्मति से बनाया गया।

### स्कूली बच्चों ने नालंदा विवि व राजगीर का किया भ्रमण

## प्राचार्य ने विवि व राजगीर के इतिहास से कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र के चेचकपी पंचायत अंतर्गत स्थित झारखंड हाई स्कूल पचरुखी तिलैया स्कूल द्वारा बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक उमा शंकर सिंह ने बच्चों को नालंदा विश्वविद्यालय का भ्रमण कराते हुए विश्वविद्यालय के इतिहास से बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय एक समय विश्व की सबसे बड़ी और प्रसिद्ध विद्यालय में से एक थी जिसमें कई देश के विद्यार्थी आ करके यहां अध्ययन और ज्ञान अर्जित किये। विश्वविद्यालय के बारे में आगे बताते हुए उन्होंने इसकी संरचना पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने बताया कि यह संरचना काफी आधुनिक तरीके बनाया गया था। वहीं बच्चों को राजगीर में ब्रह्मकुंड मंदिर का भी भ्रमण कराया गया जिसमें 22 कुंडो का विशेषता बच्चों को बताया गया।

### खट्टी मीठी यादों और कई उम्मीदों के साथ होगी 2023 विदाई

## तीन नए पदाधिकारियों ने दिया योगदान

**जयदीप कुमार सिन्हा**





बरही । वर्ष 2023 की विदाई होने ही वाली है। कई खट्टे मीठे यादों को छोड़ एक दिन बाद 2024 का पदार्पण होगा। जिसके स्वागत के लिए हम सभी तैयार है। वर्ष 2023 जनवरी से ही विवादो से घिरा रहा है। वर्ष प्रारंभ होते ही 2 जनवरी को दुलमहा के लखना निवासी मो खलील और उसके साथियों पर बरियठ्ठा के विरहोर परिवार को गोमांस खिलाने का मामला सामने आया। जिसे तत्कालीन पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार व एसडीपीओ नाजिर अख्तर की सूझबूझ ने मामले को सामान्य बनाया गया। 11 जनवरी गोविंद यादव मामले में पूर्व विधायक पर एफआईआर का मामला भी विवादो में घिरा रहा। 18 जनवरी की सड़क दुर्घटना में करियातपुर में चार स्कूली छात्राओं की मौत, 28 जनवरी को धोबघट के मनोज हांसदा पर गर्म पानी छिटे जाने का मामला, 9 फरवरी को चौपारण सीएचसी के चिकित्सक की सड़क हादसे में मौत, गौरिया करमा के समाजसेवी कारू चौधरी का निधन, महापर्व छठ के नहाए खाए के दिन बरही चौक पर सड़क दुर्घटना में बच्चे की मौत सहित धनवार पंचायत में दो सगे भाइयों की डोभा में डूबकर हुई मौत ने पूरे प्रखंड को झकझोर दिया। 4 जनवरी को अनुमंडलीय अस्पताल में ऑटो एनालाइजर की शुरूआत, पशु शरण स्थली के लिए चकुरा में 0 l50 एकड़ और अनुमंडलीय कोर्ट के लिए 4 एकड़ जमीन का आवंटन, चितहवा पुल, बसरिया ऊर्फ पंचमाधव स्थित जलमीनार आदि कई पुल पुलिया का निर्माण, 2 जुलाई को मॉडल विद्यालय का नवनिर्मित भवन में स्थानांतरण जैसे कार्य बरहीवासियो के लिए सुखदपूर्ण रहा। 20 मार्च को रॉयल ऑर्किड के विद्यार्थी व कोनरा का 13 वर्षीय बालक की फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला, 26 मार्च को प्रसव के दौरान तुरी टोला कोनरा निवासी रानी देवी का मृत शिशु का जन्म, 30 अप्रैल को चतरो निवासी रोहित पांडेय और 9 मई को विजैया के महेंद्र यादव की मौत, घटिया कार्य करवाने के विरोध में आवाज उठाने वाले आईटीआई के प्राचार्य रविन्द्र प्रसाद पर संवेदक द्वारा मामला दर्ज करवाना, 7 जुलाई को सीओ आवास में चोरी, 19 जुलाई का पुलिस हाजत में हुई मौत, 28 जुलाई का बरसोत स्थित एसबीआई एटीएम सहित लगभग सवा अठारह लाख की चोरी, भीम आर्मी सेना का प्रदर्शन, खोड़ाहार पंचायत स्थित वन भूमि की जमीन की बिक्री को लेकर तत्कालीन सीओ अरविंद देवाशीषी टोप्पो की संलिप्ता आदि जैसे कई मामले पुलिस सहित स्थानीय लोगों के लिए सर दर्द बना रहा।

### यौन व जेंडर हिंसा पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**बरही।** महिला मुक्ति संस्थान के तत्वावधान में इचाक मोड़ स्थित होटल ओमकारा में यौन व जेंडर हिंसा आधारित एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसका प्रारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ देवयानी वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं घर हो या बाहर हर जगह असहज और असुरक्षित महसूस कर रही है। जो उनके विकास में सबसे बड़ा बाधक है। यह एक गंभीर मामला है। जो हम सबों के लिए चिंता का विषय है। संस्थान की लीला कुमारी ने कहा कि यौन हिंसा से प्रताड़ित महिला और युवतियों के लिए न्याय के रास्ते खुले हैं पर उन तक पहुंच आसान नहीं है। मैत्री नेटवर्क की ज्योत्स्ना वर्मा ने बताया कि जिला में संचालित वन स्टॉप सखी सेण्टर व परामर्श केंद्र की सुविधा लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

## खोड़ाहर पंचायत में ढोल नगाड़े के साथ अयोध्या पूजित अक्षत का हुआ ग्राम भ्रमण





**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
अयोध्या पूजित अक्षत कलश और आगामी 22 जनवरी के आमंत्रण को लेकर खोड़ाहर वासियों ने ढोल नगाड़ों के साथ ग्राम भ्रमण किया। जिसकी अगुवाई मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, बजरंग दल के प्रदीप चंद्रवंशी, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए। भ्रमण के दौरान जय श्री राम के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के अंत में अक्षत कलश को विभिन्न मंदिरों और घरों में वितरित किया गया। आगामी 22 जनवरी को गांव के प्रत्येक मंदिर में भजन, कीर्तन, सजावट, प्रसाद वितरण, दीप प्रज्वलन आदि दीपावली जैसे माहौल बनाए रखने की अपील किया गया। इसके साथ ही लोगों से श्री राम मंदिर उद्घाटन के दिन अयोध्या जाने की भी बात कही गई। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के पंचायत मंत्री सुधांसु सिंह, बजरंग दल संयोजक संदीप सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, अध्यक्ष शशि सिंह, अरविंद विक्की, गौ रक्षा प्रमुख संदीप सिंह, कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में रामभक्त मौजूद थे।

### रॉयल क्रिकेट क्लब ने शारदा क्रिकेट अकादमी को 4 रनों से हराया



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में 30 दिसम्बर को शहर के छावनी फुटबॉल मैदान में 'ए' डिवीजन जिला लीग का मैच रॉयल क्रिकेट क्लब 'बी' बनाम शारदा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। 40-40 ओवर के मैच में रॉयल क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.5 ओवर में 122 बनाकर आउट हो गई। जवाबी पारी खेलते हुए शारदा क्रिकेट अकादमी 20.5 ओवर में 118 रन बनाकर आउट हो गई और 4 रनों से मैच हार गई। रॉयल क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज विनीत शाह बाबु ने 28 रन, हिमांशु ने 28 रन, अनुज ने 13 रन और मनीष राज ने 11 रन बनाये। शारदा क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज शुभम यादव 2, अभिषेक ने 3, आदित्य, अनुज, राहुल ने एक- एक विकेट प्राप्त किया। वहीं, शारदा क्रिकेट अकादमी बल्लेबाज सुभाष यादव ने 24 रन, कुमार एक्स ने 24 रन, मंतोष ने 23 रन और अभिषेक ने 15 रन बनाये।

### छावनी परिषद के नगर परिषद में विलय का धनंजय कुमार पुटूस ने किया विरोध



**रामगढ़।** छावनी परिषद के नगर परिषद में विलय को लेकर रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (आरबीएसएस) के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अपना विरोध दर्ज किया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि छावनी परिषद को समाप्त कर रामगढ़ शहर को राज्य सरकार द्वारा संचालित नगर निकाय बनाने की साजिश चल रही है। अगर ऐसा हो जाता है तो यहां रहने वाले लगभग 01 लाख आम नागरिकों व व्यापारियों पर टैक्स का आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा। साथ ही साथ लोगों को प्रशासनिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसा नही है कि छावनी परिषद के नगर परिषद में विलय हो जाने से रातों रात विकास की गंगा बहनी शुरू हो जाएगी।

### कुजू में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन



**रामगढ़।** कुजू दक्षिणी एवं कुजू पश्चिमी पंचायत सचिवालय में शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम पर्यवेक्षक अमर प्रभात व संचालन भाजपा मांडू मंडल उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू व कुजू पश्चिमी में मुखिया जयकुमार ओझा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, मंडल अध्यक्ष तोकेश सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष रवि साहू, मुखिया राकेश मेहता रॉक शामिल हुए। मौके पर अतिथियों ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य है कि सभी जरूरतमंदो तक भारत सरकार की योजनाओ को पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि सरकार कि योजनाओ से कोई भी व्यक्ति योजनाओ से वंचित न रहे। प्रधानमंत्री ने पूरी दुनिया मे भारत का स्वाभिमान बढ़ाया है। प्रधानमंत्री के कारण देश के गरीब, महिला युवा और किसान की आर्थिक स्थिति मे सुधार आया। इस दौरान उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर तथा ग्रामीणों के बीच 2024 का कैलेंडर का वितरण किया गया। कार्यक्रम के समापन मे भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया गया।

### आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में स्टार एलुमनाई कनेक्ट व प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**हजारीबाग।** टीवी टावर समीप बड़कागांव रोड स्थित आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में मुख्यमंत्री सारथी योजना के अंतर्गत स्टार एलुमनाई कनेक्ट व प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि यूएनडीपी व जेएसडीएमएस परियोजना सहायक दीपक कुमार मौजूद रहे, जिनके हाथों कौशल केंद्र के स्टार एलुमनाई सोनी कुमारी व उर्मिला कुमारी को सम्मानित किया गया। बता दें कि सोनी कुमारी व उर्मिला कुमारी चेन्नई स्थित स्टैनफैब अपैरल्स प्रा. लि. में बीते छः महीने से कार्यरत हैं। सोनी व उर्मिला ने कहा कि आईसेक्ट दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में पाए प्रशिक्षण की वजह से ही आज एक बड़ी फैक्ट्री में काम करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

### हजारीबाग के नौनिहालों को एक और मौका, फिर होगा तीरंदाजी ट्रायल

**हजारीबाग।** जिला में खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर शुरू हो चुका है। यहाँ पर तीरंदाजी का शौक रखने वाले बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। यहाँ खेलो इंडिया स्कीम के तहत कुल 30 सीट हैं जिसके लिए पहले भी ट्रायल हो चुका है। ट्रायल में सभी बच्चों का चयन भी हो गया था। हालांकि एक गलतफहमी के कारण कुछ ऐसा हुआ कि कई खिलाड़ियों ने अपने नाम वापस ले लिए हैं। अब करीब 15 खिलाड़ी ही रह गए हैं जिससे बाकी बचे 15 सीट खाली हैं। सेंटर से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि बहुत जल्द बाकी बचे हुए सीटों के लिए ट्रायल प्रोसेस चालू किया जाएगा। यहाँ बच्चे हुनर दिखा कर अपनी सीट पक्की कर सकते हैं।

### खिचड़ी वस्त्र एवं दीप वितरण का सहभागी बना नव झारखंड फाउंडेशन

**हजारीबाग।** नारी सेवा शक्ति एवं नव झारखंड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में श्री हनुमान मंदिर में खिचड़ी, पुराने कपड़े सहित आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर उद्घाटन समारोह को देखते हुए मिट्टी के दीप का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नारी सेवा शक्ति की अध्यक्ष प्रियम्वदा ने करते हुए कहा 22 जनवरी को हमारे रामलला अयोध्या के मंदिर में विराजमान होंगे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

**एतदद्वारा घोषित किया जाता है की**

नाम : पुजा कुमारी साहु
पिता का नामः राजकुमार साहु
पता : राउरकेला तराफीगेट मेनरोड, उड़ीसा
नाम : पुजा श्री मोदी
पति : सत्यनारायण कुमार
पताः न्यु आनन्दनगर हरमु रोड, किशोरगंज, रांची।
उपरोक्त वर्णित पुजा कुमारी साहु / पुजा श्री मोदी दोनो एक ही व्यक्ति है। शपथ पत्र संख्या 1450/ 30 /08/2023। आज से पुजा श्री मोदी / पुजा कुमारी साहु के नाम से जानी जायेगी।

## एक नजर

### बोलबा प्रखण्ड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल दनगदी में सैलानियों का आगमन शुरू

**बोलबा।** बोलबा प्रखण्ड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल दनगदी में नया साल के मौके पर पिकनिक को लेकर सैलानियों का आगमन शुरू हो गया । इस मौके पर दूर दूर से लोग भ्रमण के लिए एवं पिकनिक के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है । पर्यटक स्थल दनगदी के प्राकृतिक छटा लोगों के मन मोह लेते है । यहाँ के ऊंची-ऊंची पहाड़, सफेद चट्टान, बलुकी रेत, नीले रंग के झील, गीत गाते झरने तथा पंछियों के कोलाहल ने प्राकृतिक छटाओं को बिखेर रही है।

### झारखंड पार्टी के नाम पर झूठे प्रचार कर जनता को दिग्भ्रमित करना बंद करे एनोस एक्का : प्यारा मुंडू



सिमडेगा। झारखंड पार्टी केंद्रीय समिति की बैठक शनिवार को आनंद भवन सभागार में की गई । इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय उपाध्यक्ष अब्राहम मिंज ने की । मौके पर केंद्रीय अध्यक्ष प्यारा मंडू ने कहा कि एनोस एक्का झारखंड पार्टी के नाम पर जनता को दिगभ्रमित करना बंद करें झारखंड पार्टी को लेकर एन.ई होरो बनाम एनोस एक्का के बीच की लड़ाई को हाल ही में झारखंड हाई कोर्ट ने भी अपनी मोहर लगा दी है, और कहा है कि एनोस एक्का पर झारखंड पार्टी के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष एन.ई होरो ने वर्ष 2005 में जो याचिका दर्ज किया था वह बिल्कुल सही था । कोर्ट से सुनवाई के बाद भी एनोस एक्का अपनी मनमानी कर रहे हैं, और जनता के बीच अपनी झूठी प्रचार कर जनता को दिगभ्रमित कर रहे हैं । इन लोगों को झारखंड पार्टी और झारखंड राज्य के हित के लिए मुख्य धारा में लौट आना चाहिए । वहीं प्यारा मुंडू ने 2024 के विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए झारखंड पार्टी कार्यकर्ताओं को तैयार रहने के लिए कहा, और तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया ।बैठक में कई विषयों एवं मुद्दों पर भी चचाएं हुई ।

### आसनबेडा व पाकरटांड पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत शिविर आयोजित

**पाकरटांड।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शनिवार को पाकरटांड प्रखंड के आसनबेडा एवं पाकरटांड पंचायत में कार्यक्रम आयोजित की गई। भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाने एवम इन योजनाओं का लाभ संभावित लाभुकों को देते हुए शत प्रतिशत आच्छादन प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ असनबेडा के मुखिया सांसद प्रतिनिधि दीपनारायण दास अन्य जनप्रतिनिधि, प्रखंड सह अंचल अधिकारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात विकसित भारत निर्माण हेतु सभी के द्वारा संकल्प लिया गया, उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे।

#### सिमडेगा डिप्टीटोली में बने वृद्धाश्रम की उपायुक्त व एसपी ने की शुरूआत

# असहाय बुजुर्गों को संरक्षण देते हुए हर तरह की सुविधा प्रदान की जायेगी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा जिला प्रशासन के द्वारा शनिवार को सिमडेगा जिले के डिप्टीटोली में बने वृद्धा आश्रम की शुरूवात की गई। वृद्धाश्रम में असहाय बुजुर्गों को संरक्षण देते हुए हर तरह की सुविधा प्रदान की जायेगी। उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, अपर समाहर्ता अमरेंद्र कुमार सिन्हा,सांसद प्रतिनिधि, सुशील श्रीवास्तव, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि, उपेन्द्र श्रीवास्तव, विधायक प्रतिनिधि सिमडेगा, संतोष कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि कोलेबिरा, मो० शमी आलम द्वारा संयुक्त रूप से डिप्टीटोली दुगार्पूजा विसर्जन तालाब के पास बने वृद्धाश्रम का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। इस दौरान सभी अतिथियों को शोल ओढ़कर सम्मानित किया गया।मौके पर उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान सामाजिक परिवेश में लोगों के बच्चे काम करने बाहर चले जाते हैं तब घर पर उनके बुजुर्ग माता पिता अकेले रह जाते हैं। साथ हीं उन्होंने बताया की बुजुर्गों की जनसंख्या भी पहले की अपेक्षा काफी बढ़ गई है। 2011 की जनसंख्या गणना के अनुसार देश में बुजुर्गों की जनसंख्या लगभग साढ़े 08 करोड़ के करीब पहुंच गई है। जो 2032 तक साढ़े 18 करोड़ के करीब पहुंच जाने की उम्मीद है। जिसको देखते हुए भारत सरकार की सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता मंत्रालय ने आश्रय विहीन बुजुर्गों को संरक्षण प्रदान करने के लिए वृद्धा आश्रम की शुरूवात की है। उन्होंने भगवान गणेश का उदाहरण देते हुए माता पिता को हीं संसार मानने वाले आदर्श अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि महानगरों की अपेक्षा सिमडेगा और इसके आसपास के जिलों में लोग अपने बुजुर्गों को साथ हीं रखते हैं, जो अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सामाजिक न्याय एवम अधिकारिता मंत्रालय और राज्य सरकार की महिला बाल विकास और सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश पर सिमडेगा में भी वृद्धा आश्रम की शुरूवात की गई है। यहां निराश्रित बुजुर्गों को निशुल्क रखा जायेगा और उनकी देखभाल की जाएगी।

#### नव निर्मित गिरजाघर संस्कार दिवस में शामिल हुए पूर्व मंत्री, कहा-

# मैंने 33 गिरजाघर लोगों को प्रार्थना के लिए किया सुपुर्द

**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
प्रखंड के किलेसेरा में संत लूकस मंडली नव निर्मित गिरजाघर आशीष संस्कार कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का, विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखंड पार्टी जिला अध्यक्ष मतियस बागे शामिल हुए। सर्वप्रथम उपस्थित लोगों के द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए मंच तक ले जाया गया जिसके बाद फादर कुलदीप बेक के द्वारा विशेष धार्मिक मिस्सा पूजा का आयोजन किया। जिसका सहयोग फादर राफेल केरकेट्टा, फादर शांतिएल समद के द्वारा किया गया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा आज बहुत ही पवित्र दिन है, जहां पर हम सभी एकत्रित होकर परमेश्वर की प्रार्थना के लिए बनाए गए नव निर्मित गिरजाघर के आशीष संस्कार में शामिल हुए हैं। परमेश्वर ने हम सभी का उद्धार के लिए मानव रूप में अवतार लेकर हम सभी का कल्याण किया हम इस परमेश्वर को याद करने के लिए गिरजाघर में प्रार्थना करते हैं। हम सभी समाज में पहले बुराई कुरीति अंधविश्वास तथा समाज में कलीसिया समुदाय को मजबूत करने के लिए सभी प्रकार के प्रयास करना की आवश्यकता है। इसके लिए सभी को आगे आने के लिए आवाहन करता हूं। उन्होंने कहा कि जब मैं मंत्री था उसे समय कोरेबिरा विधानसभा में कुल 33 नए गिरजाघर का निर्माण हुआ था और आज पुनः गिरजाघर का आशीष संस्कार हो रहा है। जिसकी शुरूआत मेरे कार्यकाल में हुई थी और मुझे गर्व हो रहा है कि इसकी संस्कार कार्यक्रम में मैं पहुंचा हूँ।अपने धर्म समुदाय और समाज को संगठित करने के लिए सभी लोग प्रयास करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जिस प्रकार की राजनीति हो रही है यह किसी से छिपा हुआ नहीं है भोले भाले लोगों को बरगलाकर राष्ट्रीय पार्टियों के द्वारा सिर्फ वोट लेने का कार्य करती है लेकिन जब कार्य की बारी आती है तो पीछे हट जाते हैं।

### बानो बीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर बिरसा किसान रथ को किया रवाना



**बानो।** बानो प्रखण्ड कार्यालय से शनिवार को बिरसा किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर बीडीओ नईमुद्दीन अंसारी द्वारा रवाना किया गया। बिरसा किसान रथ यात्रा का मुख्य उद्देश्य सरकार दौरा चलाया गया महत्वपूर्ण योजना के तहत किसान समान निधि योजन, बिरसा फसल विस्तार योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, उद्यान विभाग के दौरा चलाया गए योजाना के बारे में जानकारी प्राप्त दी गई। प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने कहा सरकार द्वारा किसानों के लिये चलाई जा रही योजनाओं के लिये लोगो को जानकारी होना जरूरी है।किसानों के बीच जागरुकता आवश्यक है। मौके पर प्रखण्ड पशु पालन अधिकारी डॉ दलमुचु जनप्रतिनिधी बानो, एटीएम श्याम कुमार ,चारु प्रसाद ओबैदुल्ल एहरार, कृषि मित्र दामोदर सिंह और रामेश्वर साहू अशोक कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### 26 वां बख्तर साय मुण्डल सिंह स्मृति प्रखण्ड स्तरीय विराट रौतिया सम्मेलन का हुआ आयोजन



**बोलबा।** 26 वां बख्तर साय मुण्डल सिंह स्मृति प्रखण्ड स्तरीय विराट रौतिया सम्मेलन का आयोजन प्रखण्ड बोलबा के कच्छूपानी स्कूल परिसर में 27 - 29 दिसम्बर तक किया गया जिसमें 27 दिसम्बर को सुबह 9 बजे भूमी पूजन रौतिया पहान धनेशवर सिंह, निर्मल सिंह और समरू सिंह के द्वारा किया गया। 10 बजे हॉकी और फुटबॉल खेल का उद्घाटन किया गया। शाम 6 बजे से 10 बजे तक सामाजिक परिचर्चा एवं किर्तन भजन किया गया। 28 दिसंबर को सुबह 6 बजे प्रभात फेरी किया गया। 7 से 8 बजे तक लाठी तलवार, बच्चों का एथलेटिक्स खेल का प्रदर्शन किया गया। दोपहर 3 बजे से विभिन्न प्रकार के सास्कृतिक कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य आतिथि आखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह उपस्थित थे। फाइनल मैच में हॉकी, फुटबॉल में महिला एवं पुरुष वर्ग का शानदार मैच खेला गया। फुटबॉल पुरुष वर्ग में फाइनल मैच समसेरा और जशपुर छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया, जिसमें जशपुर विजेता रहा वही समसेरा उपविजेता रहा। पुरुष हॉकी में रनिया और खंजालिया के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें रनिया की टीम विजेता और खंजालोया की टीम उपविजेता रहा। बताया गया कि इस खेल में हॉकी के 48 पुरुष टीम एवं महिला के 10 हॉकी टीम उपस्थित थे। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### रामरेखा धाम में बैठक का हुआ आयोजन

**पाकरटांड।** श्रीरामरेखा धाम में श्रीरामरेखा धाम के महंत स्वामी अखंडदास महाराज की अध्यक्षता में शनिवार को आम बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम धाम के पुरोहित के के द्वारा पूज्य बाबा जयराम प्रपन्न जी महाराज के तस्वीर का पूजन एवं रामधुन के साथ बैठक की शुरूआत की गई। बैठक में सभी क्षेत्रों से लोग उपस्थित थे एवं सभी के साथ मिलकर धाम के विकास के लिए चिंतन और चर्चा किया।साथ आगे की योजना भी बनाई गई।वही समिति के अधिकारीयों के द्वारा विगत बैठक एवं सभी क्रियाकलापो की सम्पूष्टी करते हुए अभी तक के आय और व्यय बैठक में पारदर्शिता के साथ प्रस्तुत किया गया। मौके पर सभी ने कहा धाम के विकास हेतु सबके सहयोग से प्रयास जारी रहेगा,साथ ही श्री रामजन्मभूमि अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त धाम में भी महोत्सव मनाने की योजना बनाई गई।अंतिम में बाबा अखंडदास महाराज के आशीर्वचन के साथ बैठक की समाप्ति की गई।

# नवनिर्मित गिरजाघर आशीष संस्कार में शामिल हुए विधायक बिक्सल कोंगाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
प्रखंड के संत लुकस मण्डली किलेसेरा में नवनिर्मित गिरजाघर आशीष संस्कार कार्यक्रम किया गया। जिसमे विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने अपने संबोधन में कहा कि हर एक घर को कोई ना कोई बनाने वाले होते हैं ।लेकिन जिसने सब कुछ बनाया वह ईश्वर है परमेश्वर का गिरजाघर सभी के लिए प्रार्थना का घर है ।ईश्वर की अनुकंपा से पवित्र गिरजा घर का निर्माण हुआ है। ईश्वर की छाया सभी पर बनी रहे। इसे पवित्र रखना हर विश्वासी का क ?र्त्तव्य है। यहां ईश्वर की प्राप्ति के लिए प्रार्थना करनी चाहिए जिससे जीवन को शांति मिले। उन्होने आगे कहा कि राजनीतिक रूप से जागरूक होने की बात कहते हुए कहा कि भाजपा आदिवासियों को धर्म के नाम पर लड़ा कर खत्म करना चाहती है, जिसके तहत रोज-रोज नई नई साजिश रचने का कार्य कर रही ही। मौके पर मौजूद जिला विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा,फा कुलदीप कांडुलना, फा सुरेश मिंज, फा आशित लकड़ा, फा राजेश खलखो, फा एलेक्स केरकेट्टा, राफेल केरकेट्टा, बिपिन कुजूर, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव जमीर अहमद, सुरेश टोप्पो, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि संजय कुजूर, मोहम्मद वहीद, हेमोन लकड़ा, जोवाकीन लकड़ा, जेरोम तिर्की, आदि उपस्थित थे।

### कोडरमा से हुंडरू फॉल घूमने आये बच्चों से भरी बस पलटी एक दर्जन से अधिक घायल

**कोडरमा / सिकीदिरी।** हुंडरू फॉल डॉक्टर मोड़ के पास स्कूली बच्चों से भरी बस पलटने से एक शिक्षिका समेत करीब एक दर्जन से अधिक बच्चे घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल पांच बच्चों को रिम्स भेज दिया गया है। घटना शनिवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार यूनिक प्रोग्रेसिव हाईस्कूल जयनगर (कोडरमा) से एक बस 61 बच्चों को लेकर हुंडरू फॉल घूमने जा रही थी। तभी सिकीदिरी थाना क्षेत्र के डॉक्टर मोड़ के समीप एक बाइक सवार को बचाने के क्रम में बस पलट गयी। मौके पर पहुंची सिकीदिरी पुलिस ने सभी घायल बच्चों को पांचा स्थित रामेश्वरी हॉस्पिटल में भर्ती कराया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही खिजरी विधायक राजेश कच्छप बच्चों का हालचाल जानने घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने बच्चों से काफी देर तक बातचीत की। साथ ही साथ सिकीदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### जंगली हाथी ने किया घायल भाजपा नेता ने घायल से अस्पताल में की मुलाकता

**सिमडेगा।** बांसजोर प्रखंड के तारगा लोटोपारा ग्राम में विगत दिन जंगली हाथी के द्वारा हमला किए जाने से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति बिरसा लोहार को सदर अस्पताल सिमडेगा में भर्ती कराया गया उक्त घटना के संबंध में सूचना मिलने पर भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने उस घायल व्यक्ति से मुलाकात करने सदर अस्पताल सिमडेगा पहुंचा एवं इलाजरत व्यक्ति के साथ उसके परिवार वालों से मुलाकात किए एवं घायल व्यक्ति से जानकारी लिया तथा हाल-चाल पूछा परिवार वालों ने श्री बेसरा को बताया कि राशनकार्ड पुस्तिका में नाम गड़बड़ी के कारण आयुष्मान योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इस बात को गंभीरता से लेते हुए श्री बेसरा ने उनके राशनकार्ड में नाम में जो गड़बड़ी थी उसे सुधारने का कार्य किया।उन्होंने ने चिकित्सक से भी मुलाकात कर घायल व्यक्ति के इलाज संबंधित जानकारी भी लिए। चिकित्सा महोदय ने श्री बेसरा को बताया कि घायल व्यक्ति का दांया हाथ और पीछे का कुल्हा फैक्चर हो गया है ।तथा उसके बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कराने के लिए सलाह दीए। मौके पर दीपनारायण दास वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता वेदप्रकाश सिंह उपस्थित थे।

#### क्रिकेट महाकुंभ सीजन 4 का फाइनल मैच संपन्न

# झिरपनी की टीम ने 49 रनों से फाइटर क्लब सिमडेगा को हराकर मैच जीत



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
बोलबा प्रखण्ड के पाकरबहार स्कूल मैदान में क्रिकेट महाकुंभ सीजन 4 के फाइनल मैच सम्पन्न। इस मौके पर आयोजन समिति के निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि यह मैच प्रत्येक वर्ष आयोजन किया जाता है। इससे बोलबा प्रखण्ड छेत्र के युवाओं को क्रिकेट के क्षेत्र बढ़ावा देकर आगे लाना है। इसमें युवाओं और प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। मैच का उदघाट्न प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, डॉ देवनिष खेस, डॉ दीप्ति मिंज, डॉ स्टीफन खेस, मुखिया सुरजन बड़ाईक ने किया था ।इस वर्ष सेमी फाइनल मैच में तरकेरा उड़ीसा एवं फाइटर क्लब सिमडेगा तथा झिरपानी एवं ताराबोगा के बीच खेला गया। जबकि फाइनल मैच झिरपानी और फाइटर क्लब सिमडेगा के बीच खेला गया, जिसमें 49 रन से झिरपनी के टीम ने फाइटर क्लब सिमडेगा को हराकर मैच जीत गया और खिताब पर कब्जा कर लिया। इस मौके पर विजेता टीम को 21000 नगद एवं उपविजेता टीम को 11000 रुपए नगद पुरस्कार के रूप में दिया गया । इस मौके पर मैन ऑफ द मैच मिस्टर लैला को तथा बेस्ट प्लेयर के रूप में मिस्टर मामून को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया । इस मौके पर चंद्रशेखर सिंह, प्रशान्त लोकेंद्र सिंह, रमेश दास, अश्विनीकुल्लू,रोहन जायसवाल, चिरंजीवी कुमार, राहुल दास, निखिल, छोटू, दीपक साहू, मुन्ना बड़ाईक, परमानंद बड़ाईक, नेलसन डुंग डुंग एवं अन्य लोग मौजूद थे।

#### विधायक कोचे मुंडा ने सिमडेगा परिषद में प्रेस वार्ता कर कहा-

# लूट व झूठ की बुनियाद से बनी है झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा परिसदन में तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने झारखंड सरकार के चार वर्षो के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में शनिवार को प्रेस वार्ता का आयोजन किया प्रेस वार्ता का आयोजन करते हुए उन्होंने वर्तमान सरकार को जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार जिस चुनावी वादे के साथ सत्ता में बैठी थी उसे भूल कर लूट झूठ के सहारा लेकर 4 वर्षों का कार्यकाल पूरा किया है ,जो कि इन चार वर्षो में किसी प्रकार का कोई भी कार्य नहीं हुए हैं और सभी क्षेत्रों में पूरी तरह से इनका कार्यकाल शून्य है। हेमंत सोरेन की सरकार ने युवाओं को रोजगार एवं स्नातकोर लोगों को बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी लेकिन सिर्फ आश्वासन रह गया ।आज सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से सिर्फ और सिर्फ आवेदन लेकर उसे कूड़ा के ढेर में रखने का काम कर रही है जमीनी हकीकत पर कोई काम नहीं हो रहा है।अबुआ आवास के नाम पर अभी से ही विचौलियां हावी होना शुरू हो गए हैं। 10000 लेकर इस योजना को अपने पसंदीदा लोगों को देने का काम कर रहे हैं ,हालांकि अभी तक इस योजना का लाभ किसी को शुरू नहीं किया गया है। यह सरकार क्षेत्र में नदी घाटों में बालू का टेंडर नहीं कर बालू को जिस प्रकार चोरी करवा रही है उसी प्रकार यहां के खनन सभी चीजों का राजस्व का चोरी कर जेब भरने का काम कर रही है।

### कोरोमियां स्कूल के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो घायल



**बोलबा।** मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो ब्यक्ति गम्भीर रूप से घायल इलाज के लिए लाया गया बोलबा असपताल ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ठेठईटांगर प्रखण्ड के कोरोमियाँ स्कूल के पास बोलबा तरफ से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने मोटरसाइकिल सवार दो ब्यक्ति को धक्का मरते हुए चला गया । बताया गया कि सिमडेगा की ओर से आ रहे फेलिक्स बिलुंग पिता सिल्बीयूस बिलुंग उम्र 20 वर्ष गाँव भूतकुदर गिरजा टोली का रहनेवाला तथा निरंजन कुजूर पिता अल्बीयूस कुजूर ग्राम जपलंगा ने दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया । बोलबा अस्पताल में डॉ देबातोष भुटिया ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया ।

#### नव वर्ष के आगमन के साथ ही लोग पिकनिक मनाने को तैयार

# सैलानियों को अपनी ओर बुला रहा राजाडेरा और घुमरी पर्यटन स्थल



**पिंटू कुमार ठेठईटांगर**
नव वर्ष के आगमन के साथ ही सभी लोग अपने-अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने को लेकर अलग-अलग जगह पर जाते हैं और मौज मस्ती करते हैं। नववर्ष आगमन के साथ ही ठेठईटांगर प्रखंड के राजाडेरा और घुमरी पर्यटक स्थल सैलानियों के इंतजार में अंगड़ाई ले रहा है एवं अपनी ओर बुला रहा है राजाडेरा पर्यटन की दृष्टि कौन से बहुत ही सुंदर और अद्भुत अलौकिक प्राकृतिक छटाओं भरपूर है सिमडेगा जिला मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर एवं प्रखंड मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर एनएच से 4 किलोमीटर अंदर पर स्थित राजाडेरा पर्यटन स्थल जिले में एक अलग ही पहचान रखता है ।बताया जाता है कि किसी जमाने में यहां राजाओं का डेरा हुआ करता था, जिस कारण इसका नाम राजाडेरा पड़ा। राजा जहां आराम करते थे गुफा आज भी मौजूद है ।चट्टानों के बीच कल कल करती बहती झरना, घना जंगल पेड़ पौधे लोगों को काफी मनोरम और आनंदित कर देता है ।चट्टानों के बीच बहते झरने में बड़े बच्चे लोग खूब डुबकी लगाते हैं ।चट्टानों और झरनों की श्रृंखला काफी लंबी है जिसे लोग देखकर नए साल का जश्न मना आनंदित हो उठते हैं ।यहां नववर्ष पर सैलानियों की काफी भी उमड़ती है ।यहां जमकर मौज मस्ती करते हैं एवं यहां के सुंदर दृश्य के साथ अपने सेल्फी लेकर अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर यादगार बनाते हैं।अन्य अवसरों पर भी यहां सैलानी आते रहते हैं यहां नागपुरी फिल्म की भी शूटिंग होती रहती है। राजाडेरा मे चार चक्का आने जाने एवं पार्किंग का उचित व्यवस्था है एवं बच्चों के लिए खिलौना के दुकान एवं चाठ फुचका का दुकान लगाया जाता है। हालांकि दिसंबर महीना शुरू होते हैं पर्यटकों का आना एवं पिकनिक मनाना शुरू हो जाता है ।बताया गया मोरम रोड छोड़कर राजाडेरा पहुंचने के लिए सीढी. नहीं होने के कारण काफी ढलान है ।जिससे पर्यटक अनियंत्रित होकर गिर सकते हैं इसीलिए राजाडेरा पिकनिक स्थल सावधानी से उतरे। नव वर्ष को लेकर यहां पर पुलिस प्रशासन की प्रतिनियुक्ति रहती है ताकि किसी प्रकार से कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो हालांकि शाम होते ही स्थान खाली कर देने में ही बेहतर है। वही घुमरी पर्यटन स्थल जिला मुख्यालय से आठ किलोमीटर एवं प्रखंड मुख्यालय से 4 किलोमीटर रोड से 1 किलोमीटर अंदर पर स्थित घुमरी पर्यटन स्थल अपने साथ खूबसूरती की छठा बिखेरती है। ऊपर नीचे चट्टानों को चीरती हुई बहती झरना। इसकी प्राकृतिक सुंदरता हरियाली से भरा परिदृश्य लोगों को बहुत ही सुखद खुशनुमा माहौल पर्यटकों को आकर्षित करता है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददपाता। ठेठईटांगर**
ठेठईटांगर थाना के पुलिस ने नाबालिक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि कुसुमबेड़ा गांव निवासी अमरदीप केरकेट्टा नामक युवक के द्वारा अपने गांव के शादी समारोह में गांव के ही 15 वर्षीय नाबालिक किशोरी के साथ जबरन डरा धमका कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया इधर पीड़िता द्वारा मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी ,जिसके बाद परिजनों के द्वारा थाना में जाकर इसकी लिखित शिकायत की पुलिस द्वारा तत्काल युवक को गिरफ्तार करते हुए इस सम्बंध में ठेठईटांगर थाना कांड संख्या 56/23 धारा 376 एवं पाक्सो एक्ट के तहत जेल भेजा।

### चेचिस ट्रक के धक्के से तीन घायल, एक किया गया सिमडेगा रेफर



**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के जेरवा घाटी के निकट सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल हो गये ।जानकारी के अनुसार एडवीन बेक उम्र 30 वर्ष अपने भाई बिनीत बेक उम्र 20 वर्ष एवं अमन टोप्पो उम्र 18 वर्ष तीनों खालीजोर निवासी बाइक से कुटमाकच्छार की ओर जा रहे थे,पीछे से आ रही चेचिस वाहन के धक्का लगने से सड़क किनारे गिरे। बाइक पर सवार तीनों युवकों को चोट लगी है ।बाइक चला रहे एडवीन बेक को सिर पर गंभीर चोट लगी है ।पुलिस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया जहाँ डॉ पीके बारीक ने प्राथमिक ईलाज किया एवं एडवीन बेक को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा रेफर कर दिया गया।

## एक नजर

### शराब दुकानों में निर्धारित दर से की जा रही है अधिक की वसूली : आप

**जोड़ापोखर।** सरकारी शराब दुकानों में निर्धारित दर से अधिक की वसूली किए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी ने आंदोलन की चेतावनी दी है। शनिवार को स्थित मदन राम के आवासीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला महासचिव मदन राम और जितेंद्र पासवान ने कहा कि धनबाद जिला में सरकारी शराब दुकान के संचालक निर्धारित राशि से अधिक की वसूली कर रहे हैं। प्रिंट रेट से अधिक दाम पर शराब बेची जा रही है। जिसका सरकार के पास कोई लेखा जोखा नहीं है। यह एक बहुत बड़ा घोटाला है। निर्धारित दर से अधिक वसूली किए जाने के कारण लोग नकली शराब का सेवन करने लगे हैं। प्रतिदिन नकली शराब तस्कर बड़े पैमाने पर अपना कारोबार कर रहे हैं। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही सरकार का राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। अगर इस बड़े घोटाले को जल्द नहीं रोका गया तो आम आदमी पार्टी आंदोलन करेगी। आंदोलन से पहले सभी दुकानों का मुआयना कर दुकानदार पर कंज्यूमर कोर्ट मे कंप्लेंट किया जाएगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मदन राम, जितेंद्र पासवान, सोमनाथ चटर्जी, डब्लू अंसारीआदि थे।

### आज कीताडीह गुरुद्वारा में सजेगा महान कीर्तन दरबार

जमशेदपुर : 31 दिसंबर की शाम कीताडीह प्रबंधक कमेटी की ओर से कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया है। इसमें हजूरी रागी जत्था लुधियाना के भाई साहब भाई अमृतपाल सिंह, टाटानगर भाई साहब जसविंदर सिंह गोल्डी, भाई हरमीत सिंह समेत पंजाब से पहुंचे हजूरी जत्था हाजिरी भरेंगे। इसकी जानकारी देते हुए प्रधान जगजीत सिंह ने बताया कि रहरास के बाद कीर्तन दरबार होगा, जिसका समापन रात 12:30 बजे होगा। मौके पर गुरु का अटूट लंगर और चाय नाश्ता का प्रबंध किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कीताडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, सिख नौजवान सभा, सिख स्त्री सतसग सभा सहयोग कर रहे हैं।

### सामाजिक विभेद न करें सीएम, सभी को 50 वर्ष की आयु से दें पेंशन : डॉ. लंबोदर

**गोमिया।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा राज्य के आदिवासी और दलित को 50 वर्ष की उम्र से पेंशन देने की घोषणा किए जाने को स्वागत योग्य करार दिया है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी सवाल किया है कि जब आदिवासी और दलित को 50 वर्ष की उम्र में पेंशन दी जा सकती है तो राज्य भर में रहने वाले पिछड़ा, अत्यंत पिछड़ा, अल्पसंख्यक और सामान्य वर्ग के बीपीएल श्रेणी में रहने वाले लोगों के लिए 50 वर्ष की उम्र में पेंशन क्यों नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को यह बात समझनी चाहिए कि राज्य में सामाजिक विभेद व भेदभाव नहीं हो और सबों को इसका लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य की एक बहुत बड़ी आबादी को इससे वंचित रखना उनके साथ अन्याय करने के बराबर है। इस विषय पर मुख्यमंत्री को शीघ्र निर्णय लेना चाहिए।

---

गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई छापेमारी

# 20 साइबर अपराधियों को किया गया गिरफ्तार

गिरिडीह पुलिस की अब-तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

**27 मोबाइल फोन, 50 सिमकार्ड, 1 लाख 38 हजार नकद समेत अन्य समान बरामद**



**नवीनमेल संवाददाता**

**गिरिडीह :** साइबर अपराधियों के खिलाफ गिरिडीह पुलिस ने अब-तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। गिरिडीह पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर एक बार में 20 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है. एक बार में 20 साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी पूरे झारखंड में पहली बार गिरिडीह जिले में हुई है। जिन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है उनमें जमुआ थाना क्षेत्र के बेहराडीह का विकास मंडल, मनोहर मंडल, अजय मंडल, जमुआ थाना क्षेत्र के बघेडीह का अजनबी मंडल, देवघर जिला के पथरोल का मेराजुद्दीन अंसारी, गांडेय थाना क्षेत्र के प्रहरीडीह का शराफत अंसारी, बेंगाबाद थाना क्षेत्र के साठीबाद बाद का भिखलाल मंडल, सुरेंद्र कुमार मंडल, कृष्णा कुमार मंडल, ओमप्रकाश मंडल, गांडेय थाना क्षेत्र के गांडेय का दीपू कुमार साव, बेंगाबाद के साठीबाद का प्रदीप मंडल, गांडेय थाना क्षेत्र के मोहनडीह का सुमन कुमार शर्मा, बेंगाबाद थाना क्षेत्र के सोनबाद का सुभाष राय, देवघद जिला के मधुपुर के लखना मोहल्ला का मो. इकराम अंसारी, देवघर के सारवां का रियाज अंसारी, जावेद अंसारी, जाबिर अंसारी, गांडेय थाना क्षेत्र के ओझाड़ीह का शेख गुड्डू और गांडेय के ही रकसकुटों का डब्लू कुमार तुरी शामिल है। इन साइबर अपराधियों के पास से पुलिस ने 27 मोबाइल फोन, 50 सिम कार्ड, 6 एटीएम कार्ड, 4 मोटरसाइकिल, दो कार और 1 लाख 38 हजार 100 रुपये नगद बरामद किए हैं. उक्त आशय की जानकारी गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेसवार्ता कर दी।

### सीसीएल मुख्यालय में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी गई विदाई

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए 9 कर्मियों को शनिवार को विदाई दी गयी। सम्मान सह विदाई समारोह में सभी अधिकारियों और कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वालों में राजेंद्र सिंह महाप्रबंधक (वित्त), स्वयं प्रकाश मुख्य प्रबंधक(कार्मिक), डॉ. कृष्णकांत दास मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संजय कुमार केडिया मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गांधीनगर, विजय कुमार मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), अमरेश भटनागर मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), विजय कुमार सिंह सहायक प्रबंधक (सचिवालय), अजीत कुमार किंडो ओ.एस (ए 1) तथा बिमल उरांव ओटी सहायक शामिल हैं। सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीसीएल सीएमडी डॉ. बी वीरा रेड्डी, निदेशक तकनीकी, राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र तथा निदेशक वित्त पवन कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

---

# सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित



**गिरिडीह।** गिरिडीह के सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में आज वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया. इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की तरफ से शानदार कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम में स्कूल के छात्र- छात्रा और अभिभावकगण शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स देवघर के निदेशक डा. सौरभ वार्ष्णेय, प्रोफेसर सह चिकित्सक डा. हरमिंदर सिंह, चिकित्सक डा. दीपक कुमार, सलूजा गोल्ड समूह के चैयरमेन डा. अरमजीत सिंह सलूजा, निदेशक जोरावर सिंह सलूजा और स्कूल की प्राचार्य नीता दास ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्र छात्राओं द्वारा गणेश और माता सरस्वती की वंदना से किया गया। जिसके बाद स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। बच्चों की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में समां बांध दिया और लोग रंगारंग कार्यक्रमों से मंत्रमुग्ध होते रहे। स्कूल के डायरेक्टर जोरावर सिंह सलूजा ने कहा कि वार्षिक महोत्सव को लेकर व्यापक तैयारी की गई थी. कार्यक्रम में लगभग 500 स्कूली बच्चों ने भाग लिया और विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। बच्चों ने गीत नृत्य के अलावे सामाजिक चेतना जागृत करने वाले कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया है, जो कि काफी सराहनीय है। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की डिप्टी डायरेक्टर रमणप्रीत कौर सलूजा, रुपा मुद्रा, तरणजीत सिंह सलूजा समेत स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्पूर्ण भूमिका निभायी।

---

गिरिडीह के दो युवाओं ने गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर गिरिडीह का मान बढ़ाया

# वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग के विजेताओं को किया गया सम्मानित

**नवीनमेल संवाददाता**

**गिरिडीह:** इसी माह हैदराबाद में आयोजित वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में गिरिडीह के दो युवाओं ने गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर देश के साथ गिरिडीह का भी मान बढ़ाया है। मैडल जीतकर गिरिडीह लौटे इन युवाओं को आज चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से सम्मानित किया गया। सीसीआई की ओर से होटल ऑर्बिट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रेड क्रॉस के चेयरमेन अरविंद कुमार व विशिष्ट अतिथि के रूप में उप चेयरमेन चरणजीत सिंह सलूजा उपस्थित थे। इस दौरान विश्व के 15 देशों के प्रतिभागियों को पछाड़कर वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग के गोल्ड मैडल विजेता मो उस्मान व सिल्वर मेडल विजेता हमाद अख्तर के साथ नेशनल ताइक्वांडो



प्रतियोगिता की कांस्य पदक विजेता तनीषा को शॉल व बुके देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री कुमार ने कहा कि इन विजेताओं ने देश के साथ गिरिडीह का नाम भी रौशन किया है। उन्होंने इन विजेताओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीसीआई के अध्यक्ष राहुल वर्मन ने कहा कि इन विजेताओं ने शहरवासियों को गौरवांवित होने का अवसर दिया है। आज इन विजेताओं को सम्मानित कर खुद गर्व की अनुभूति हो रही है। मौके पर सीसीआई के सचिव विकास गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोपाल दास भदानी, राहुल कुमार, परवेज अख्तर, मो मुस्तकीमुद्दीन, सईद अख्तर, मो यूसुफ, आसिफ चांद व वकार समेत शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

# भरकट्टा ओपी पुलिस ने ट्रैफिक जागरूकता अभियान चलाकर किया लोगों को जागरूक

**नवीनमेल संवाददाता**

**गिरिडीह :** सरिया बगोदर अनुमंडल पुलिस अधीक्षक नोसाद आलम और भरकट्टा ओपी प्रभारी सुमन्त प्रसाद ने भरकट्टा ओपी क्षेत्र के विभिन्न जगहों पे वाहन चालकों को ट्रैफिक जागरूकता अभियान शुक्रवार को चलाया। जिसमें एसडीपीओ नोसाद आलम और भरकट्टा ओपी पुलिस ने वाहन चालकों को गुलाब फूल और मिठाई दिया और वाहन चालकों से कहा कि ट्रिपल लोड मोटरसाइकिल में ना चले। शराब पीकर वाहन में नहीं चलिए। बिना हेलमेट का वाहन ना चलाए, साथ मे कहा कि अगर आगे से इन गलतियों को दोहराया गया तो उनके विरुद्ध कारवाही किया जाएगा। मौके पर भरकट्टा ओपी के पुलिस जवानों मौजूद थे।



## जर्जर सड़क की मरम्मत की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन

**महुदा।** तेलमच्चो बाजार स्थित दुर्गा मंदिर से लोहापट्टी मोड़ तक जर्जर सड़क की मरम्मति की मांग को लेकर शनिवार को स्थानीय जिला परिषद सदस्य आशा देवी ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर बैठकर धरना प्रदर्शन किया। जिप सढ़स्य आशा देवी ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि इस सड़क के कारण ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आये दिन सड़क पर दुर्घटनाएं घटती रहती है जिसमें काफी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो चुके हैं। पुरे सड़क पर बड़े बड़े गढढे बन गये है जिसमें नाली का गंदा पानी जमा हो जाता है। गंदगी की वजह से बच्चे विभिन्न बिमारियों से ग्रसित हो रहे है। सड़क की मरम्मति को तेकर 24 जुन 2022 एवं 10 सितम्बर 2022 को उन्होने डीसी धनबाद को पत्र लिखा था। इसके अलावा एनएचएआई के परियोजना निदेशक, बाघमारा विधायक ढुलू महतो, डीडीसी धनबाद एवं जिला परिषद अध्यक्ष धनबाद को भी इस समस्या से अवगत कराया जा चुका है। इसके वाबजुद आठ माह बाद भी इस पर कोई पहल नहीं हो पाई है। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि एक माह के अंदर यदि मरम्मति का कार्य शुरू नहीं हुआ तो ग्रामीण उग्र अन्दोलन करने को बाध्य होंगे।

---

# ओवर लोड वाहनों के परिचालन पर रोक की मांग पर, सड़क जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

बरोरा। मंदरा के ग्रामीणों ने बंद कर्नल स्कूल के समीप डूमरा-फुलारीटांड़ रोड पर ब्रेकर, रोड पर ग्रेडिंग करने,ओवर स्पीड व ओवर लोडिंग बंद करने समेत सड़क सुरक्षा संबंधी अन्य मांगों को लेकर शनिवार की सुबह 10 बजे से एएमपी कोलियरी से लिंक साइडिंग के बीच कोल ट्रांसपोटिंग कर रहे खेमका कोल कैरियर्स का ट्रांसपोटिंग कार्य रोका।

ट्रांसपोटिंग में लगे एक दर्जन अधिक हाइवा रोड पर खड़ा है। यह वही जगह जहां पर शुक्रवार की शाम हाइवा की चपेट में आकर एक शिक्षक की दर्दनाक मौत हो गई थी। जाम का नेतृत्व मंदरा मुखिया प्रतिनिधि शंकर बेलदार कर रहे है। मुखिया पार्वती देवी के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने मोर्चा संभाल लिया।

सभी महिलाएं सड़क पर बैठकर पूरी तरह सड़क जाम कर दिया। सड़क जाम होने से मंदरा के समीप डूमरा-फुलारीटांड़ रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। महिलाएं लाठी चार्ज करने वाले पुलिस अधिकारी और मुखिया पति शंकर बेलदार की रिहाई की मांग कर रहे है।

---

### ऑपरेशन स्माइल कार्यशाला का हुआ आयोजन



**जमशेदपुर :** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के नेताजी शिशु उद्यान परिसर में शनिवार को शमयिता मठ एवं बहरागोड़ा महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा निःशुल्क ऑपरेशन स्माइल का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन रवींद्रनाथ दास द्वारा किया गया। इसमें आसपास के क्षेत्र के वे लोग जिनका होंठ और तालु जन्म से कटा हुआ है, उनका निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। इसमें छह माह से 45 वर्ष उम्र तक के महिला और पुरुष की शारीरिक जांच की गई. उसके बाद न्यूट्रीशन से संबंधित पोषक तत्व का वितरण किया गया। इस मौके पर डॉ चंद्रकांत दत्त, सौरभ हलदार, मधुमिता दास, अभिजीत मंडल ,समीर गिरि, सत्यवान पैड़ा आदि उपस्थित थे।

### बेनीसागर-हाटगम्हारिया स्टेट हाईवे को किया जाम



**चाईबासा :** आदिवासी सेंगल अभियान की ओर से सरना धर्म कोड समेत अन्य मांगों को लेकर शनिवार को भारत बंद किया गया। इसको लेकर सेंगल अभियान के कार्यकर्ता जगह-जगह सड़क जाम कर बंद को सफल बनाने में लगे हुए हैं। बेनीसागर- हाटगम्हारिया स्टेट हाईवे सड़क मझगांव के पडसा चौक, मिनी होटल चौक, कुमारडुंगी के अंधारी चौक समेत अन्य जगहों पर सड़क जाम कर दिया गया है। बंद के कारण जगह-जगह यात्री बसों को रोक दिया गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बंद की ज्यादा जानकारी नहीं होने के कारण लोग घर से निकल चुके थे। साल के अंतिम दिनों में लोग घूमने फिरने का प्लान भी करते हैं, लेकिन बंद के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सेंगेल के जिला सचिव वीर सिंह गागराई ने कहा कि सरना धर्म कोड भारत के प्रकृति पूजक लगभग 15 करोड़ आदिवासियों का अस्तित्व पहचान हिस्सेदारी का लाइफ लाइन है। आदिवासियों को उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस-बीजेपी दोषी हैं। 1951 की जनगणना तक यह प्रावधान था। इसे बाद में कांग्रेस ने हटा दिया और अब भाजपा जबरन आदिवासियों को वनवासी और हिंदू बनाना चाहती है।

### सांसद ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल



**धनबाद :** धनबाद के मनईटांड़ भाजपा मंडल की ओर से शनिवार को बेलदार टोला में कंबल वितरण कार्याक्रम का आयोजन किया गया। धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा गरीबों के हित में काम करती है। कोरोना काल के समय भी गरीबों के बीच मास्क व बना बनाया भोजन वितरण किया था। अब ठंड को देखते हुए कंबल वितरण किया गया। मौके पर जिला महामंत्री नितिन भट्ट, मौसम सिंह, अमलेश सिंह, सुशील सिंह, चन्द्रशेखर मुन्ना, प्रितपाल सिंह अजमानी, रामचंद्र पंडित, सोना रजक, शंकर चौहान, तमाल राय, जयंत चौधरी, दीपक झा, जीत सोनी, अनिल सिन्हा, अरूण सिंह, दीपक गुप्ता, इन्द्र भुषण कुशवाहा, सुनील गुप्ता, राजा राजपाल, बंटी सिंह, राजेश कुमार, अजीत शर्मा के साथ अन्य मौजूद थे।

### पाली में दो दिवसीय पूस जतरा मेले की धूम

**भुरकुंडा,** भदानीनगर के पाली गांव में दो दिवसीय पूस जतरा मेले का आयोजन हुआ। शुक्रवार को इसका उदघाटन विधायक अंबा प्रसाद, अधिवक्ता धनंजय यादव मुखिया रेखा देवी, पूर्व पार्षद अनु देवी, रोहणराम बेदिया, पंसस छोटेलाल बेदिया, अध्यक्ष अरूण बेदिया, सचिव राम कुमार बेदिया, कोषाध्यक्ष सुनील बेदिया, जगमोहन बेदिया, राम कृष्ण सिंह, रामफल बेदिया, हरिलाल बेदिया, नरेश बेदिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसमें मेला समिति की ओर नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसका लुत्फ ग्रामीणों ने देरशाम तक अनवरत उठाया। मेले में उप मुखिया सोनाली देवी, प्रदीप बेदिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अरूण बेदिया, सचिव रामकुमार बेदिया, कोषाध्यक्ष सुनील बेदिया, अरविंद, देव, देवानंद, कुलदीप, लुकेश्वर, सूरज, देवा, नरेश, जितेंद्र, भरत, दिलीप, ध्रुव, राजकुमार, कालीचरण, जितेंद्र, सुनील, डेविड, गोविंद, मनकुमार, मुगेश, विक्की, दीपक, नितिन, उत्तम आदि योगदान दे रहे हैं।

### सांड ने किया तेलीपाड़ा की महिला को जख्मी

**धनबाद।** तेलीपाड़ा निवासी 80 वर्षीया मालती देवी को सांढ़ ने जख्मी कर दिया। घटना शनिवार सुबह की है। इलाज के लिए महिला को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके सिर में गंभीर चोट है। परिजनों के अनुसार महिला सुबह घर के बाहर सड़क पर निकली थी। तभी सांढ़ ने उन पर हमला कर दिया। उसने उन्हें कई बार जमीन पर पटका। महिला के चिल्लाने की आवाज पर आसपास के लोग जमा हुए और किसी तरह सांढ़ को वहां से भगाया। तब तक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो चुकी थी। घटना के बाद परिजन उन्हें लेकर धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल के इमरजेंसी पहुंचे। यहां इलाज के बाद उन्हें भर्ती कर लिया गया है।

### मंदिरों में गौ सेवा के लिए रखें दान पात्र : वृजनंदन शास्त्री



**जमशेदपुर** मानगो एनएच 33 स्थित वसुन्धरा एस्टेट में चल रहे शिवपुराण ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन शुक्रवार को वृन्दावन से पधारे कथावाचक स्वामी वृजनंदन शास्त्री महाराज ने श्री गणेश महिमा, पार्वती मंगल, शिव-पार्वती विवाह, विश्वनाथ मल्लिका और भगवान भोलेनाथ की परम भक्त सेवंती की कथा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर और पार्वती के विवाह का प्रसंग बहुत मंगलकारी है। जो इसे सुनता है, उसके मनोरथ पूर्ण होते हैं। सेवंती की तरह अगर शिव पर श्रद्धा और विश्वास हो तो निश्चित ही शिव कृपा होगी। गुरुजी ने गौमाता के संरक्षण हेतु कहा कि हर मंदिर में एक दान पात्र गौ माता की सेवा के लिए रखना चाहिए। धर्म को बचाने के लिए धन की आवश्यकता होती है। उन्होंने सेवा को सबसे बड़ा शस्त्र बताया। उन्होंने भगवान शिव और पार्वती विवाह की कथा विस्तार से सुनाई। शिव-पार्वती विवाह का आयोजन भव्य तौर पर हुआ, जिसमें सभी को निमंत्रण था। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण शर्मा काली, जयप्रकाश शर्मा, गोविन्दा शर्मा, राखी शर्मा, रवि शर्मा, चंदन शर्मा, शत्रुधन शर्मा, श्रवण शर्मा का योगदान रहा। शुक्रवार को बारी मुर्मु, पंकज सिन्हा, रामबाबू तिवारी, डॉ संतोष गुप्ता, विजय आनन्द मूनका, पुनित कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, अंशुल रिंगसिया, विनोउ शर्मा, दीपक गुप्ता देवेंद्र सिंह, विजय सिंह, बबुआ मिश्रा, सुमीत शर्मा, उपेंन्द्र गिरी, रवींद्र सिंह, डॉ अजय मिश्रा ने शिव और बांके बिहारी के दरबार में हाजरी लगायी और कथा का आनन्द लिया।

---

# रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित कमेटी की बैठक में कई विषयों पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** द रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की पहली बैठक शनिवार को प्रेस क्लब में हुई। बैठक में क्लब की दशा और दिशा पर गंभीरता से विचार किया गया। खास कर प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को जेल से धमकी देने के मामले की कड़ी भर्त्सना की गई। क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने मुख्यमंत्री और राज्य के पुलिस महानिदेशक से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित पत्रकार और उनके परिजनों को अविलंब सुरक्षा प्रदान करे। बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि जिन अपेक्षाओं के साथ उन्हें और उनकी ऊजार्वान टीम को जिम्मेवारी सौंपी गई। उसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। बैठक में झारखंड के सभी दिवंगत पत्रकारों और उनके परिजनों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए एक मिनट का मौन रखा गया। बैठक में सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, संयुक्त सचिव रतन लाल, कार्यकारिणी सदस्यों में संजय सुमन, सौरव कुमार शुक्ला, मोनू कुमार, आलोक सिन्हा, अंजनी कुमार, अरविंद कुमार गुप्ता, राजू प्रसाद, विजय मिश्रा और चन्दन भट्टाचार्य समेत अन्य मौजूद थे।




---

# जेंडर इक्वालिटी व संवाद विद ट्रांसजेंडर्स कार्यक्रम आयोजित

### इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनसाइन द्वारा किन्नेरों को उपहार एवं बुके देकर सम्मानित किया



**गिरिडीह :** इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनसाइन द्वारा जेंडर इक्वलिटी एवं संवाद विद ट्रांसजेंडर्स एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डिग्निटरीज द्वारा दीप प्रज्वलन एवं क्लब की आइसो स्मृति आनंद द्वारा इनर व्हील प्रेयर से की गई, कार्यक्रम मैं बुलाए गए किन्नेरों को उपहार एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट एडवोकेट प्रकाश सहाय ने किन्नेरों के लिए सरकार द्वारा कानून बनाए गए नियमों बारे में वहां मौजूद लोगों को अवगत करवाया। टॉक शो क्लब की फाउंडर पीसी पूनम सहाय ने करवाया चाय पर चर्चा विथ किन्नेर्स और डॉ शीला वर्मा, डॉक्टर विकास माथुर, रोटेरियन जगजीत कौर के साथ भी टॉक शो आयोजित किया। मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए रोटरी गवर्नर रोटेरियन एसपी बगड़िया मैं भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के के दौरान क्लब की फाउंडर पीडीसी पूनम सहाय , प्रेसिडेंट सुमन गौरी सरिया, सेक्रेटरी कविता राजगारिया, ट्रेजर राखी झुनझुनवाला, मेंबर सवाना रवानी, दीप्ति सिन्हा एवं शहर के कई गणमान्य व्यक्ति वहां मौजूद थे।

## एक नजर इधर भी

### चुनावी भंवर में फंसी कांग्रेस

**लोकसभा** चुनाव का आगाज होने से पहले 14 जनवरी से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी न्याय यात्रा शुरू करने वाले हैं। उनकी 67 दिन की यह प्रस्तावित यात्रा 67 जिलों और 14 राज्यों से गुजरेगी। राहुल की यह न्याय यात्रा निसंदेह चुनावी माहौल को कांग्रेस के लिए अनुकूल बनाने के लिए होगी, लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या कांग्रेस बिना सशक्त विचारधारा, स्पष्ट नीतियों और सशक्त नेतृत्व के बिना सत्ताधारी दल भाजपा को लोकसभा चुनाव में चुनौती दे पायेगी? क्या यह सच नहीं है कि लगभग 140 साल पुराना सियासी दल कांग्रेस इस समय लचर नेतृत्व और स्पष्ट विचारधारा के संकट से गुजर रहा है? वर्तमान में सत्ताधारी दल भाजपा काफी मजबूत स्थिति में है। भाजपा का मुकाबला करने के लिए 28 विपक्षी दलों ने मिलकर इंडिया नामक एक एलायंस बनाया है। लेकिन सीटों के बंटवारे और प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर जिस तरीके से इन दलों के बीच परस्पर मतभेद उभरे हैं, उससे इस गठबंधन की एकजुटता पर भी सवालिया निशान लग गया है। इस एलायंस का प्रमुख घटक दल कांग्रेस है। इस पार्टी ने देश के स्वतंत्र होने के बाद कई दशकों तक देश में शासन किया है। लेकिन आज यह पार्टी संकट के दौर से गुजर रही है। अपनी विचारधारा और सशक्त नेतृत्व के चलते ही कांग्रेस महज एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि आंदोलन था। सर्वविदित है कि देश की आजादी में कांग्रेस का अहम योगदान रहा है। लेकिन समय के साथ-साथ यह दल खुद को बदलने में पूरी तरह विफल रहा। अपनी लचर नीतियों एवं नेतृत्व के चलते ही उसे हाल ही में संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में तीन प्रमुख तीन राज्यों-राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में बुरी तरह से शिकस्त का सामना करना पड़ा। वर्ष 1885 में कांग्रेस का गठन हुआ था, उसके बाद से पार्टी की एक स्पष्ट विचारधारा विकसित हुई थी। आजादी के बाद पार्टी गांधीवादी विचारधारा से ओतप्रोत होकर सर्वजन हिताय की बात करती थी। पार्टी ने जवाहर लाल नेहरू के बाद लाल बहादुर शास्त्री के प्रधानमंत्री रहते कुछ हद तक इस विचारधारा को कायम रखा। लेकिन इंदिरा गांधी के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद चीजें बदलने लगीं। हालांकि उस दौरान स्थिति उतनी खराब नहीं थी, लेकिन सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी में जबरदस्त तरीके से स्पष्ट विचारधारा का अभाव देखने को मिलता है। पिछले कुछ दशकों में कांग्रेस के गांधीवाद में भयंकर घालमेल हुआ है। बाहरी मुखौटा तो गांधी दर्शन का है, किंतु आंतरिक चरित्र अवसरवादी बन गया है। आज कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल कभी खुद हिंदूवादी होने का दिखावा करते हैं तो कभी जे.एन.यू. में देशद्रोह मामले में आरोपितों के साथ खड़े दिखाई देते हैं, तो कई बार भारतीय सैनिकों की शौर्य-क्षमता पर ही सवाल उठा देते हैं। यही नहीं, वे इस्लामी आतंकियों और जिहादियों के प्रति सहानुभूति तक दिखा देते हैं। ऐसे में कांग्रेस की खुद की अपनी विचारधारा क्या है, यह पता लगना बेहद जटिल है। इसके अलावा कांग्रेस में सशक्त नेतृत्व का जबरदस्त संकट है। नेतृत्व और नीतिगत मोर्चे पर कांग्रेस आज बुरी तरह विफल रही है। पहले सोनिया गांधी पार्टी की अध्यक्ष रहीं और उसके बाद राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष रहे। कांग्रेस 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में बुरी तरह पराजित हो चुकी है। राहुल ने खुद की इमेज को ठीक करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा सहित बहुत प्रयास किये और अब 14 जनवरी से न्याय यात्रा पर निकल रहे हैं। यही नहीं, 28 दलों के गठबंधन में जिस तरीके से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री पद का कैंडीडेट राहुल की जगह कांग्रेस के वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम प्रस्तावित कर दिया, उससे यह पता चलता है कि विपक्षी दल भी राहुल को इस पद का चेहरा नहीं मानते। यह कमजोर नेतृत्व का ही परिणाम है कि राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट के झगड़े सार्वजनिक रूप से चलते रहे और राहुल गांधी कुछ नहीं कर पाये। इसी तरीके से पार्टी में उपेक्षित होने के चलते युवा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया, जतिन प्रसाद और आरपीएन सिंह जैसे नेताओं ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया।

■ **डॉ. अनिल कुमार निगम**

# नये वर्ष से राम राज्य की सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी

**एक** युगांतरकारी घटना के तहत भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों के बाद टेंट से मन्दिर में स्थापित होंगे। अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीराम मन्दिर का उद्घाटन 22 जनवरी, 2024 को करेंगे, निश्चित ही नये वर्ष से जन-जन को रामराज्य की सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी, भारत एक नये युग में प्रवेश करेगा। जितनी आस्था एवं भक्ति से जन-जन ने श्रीराम के प्रति भक्ति एवं आस्था व्यक्त की है, उतनी ही आस्था एवं संकल्प से अब हर व्यक्ति श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारे एवं स्वयं को श्रीराममय बनाये। श्रीराम बनने की तैयारी करें। अब पुर्नजन्म श्रीराम का ही नहीं, हमारा भी हो। हमारे इर्द-गिर्द श्रीराम की बहुत-सी श्रेष्ठताएं हैं, जो हमें महानता तक ले जाती है और जीवन-मूल्यों की प्रतिष्ठा करती हैं। नया वर्ष भारत के लिये वास्तविक रूप में रामराज्य की स्थापना का ऐतिहासिक वर्ष होगा। श्रीराम को 'मर्यादा पुरुषोत्तम' कहा गया है अर्थात पुरुषों में सबसे श्रेष्ठ उत्तम पुरुष। आज की जटिल, समस्याग्रस्त एवं अनैतिक स्थितियों के समाधान के लिये अपेक्षा है कि हर व्यक्ति श्रीराम बने, उत्तम पुरुष बने। हर व्यक्ति के सामने एक विचारणीय एवं बड़ा प्रश्न है कि वह आज का राम कैसे बने? राम वही बन सकता है जिसने स्वयं को पाने के लिये सकारात्मक यात्रा प्रारंभ की है, जिसमें लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण है। जिसमें कष्टों को सहने की सहिष्णुता और धैर्य है, प्रतिकूलताओं एवं कष्टों के बीच सुख और श्रेय खोज लेने की प्रकृति है। शब्दों के कोलाहल में मौन रहने का संकल्प है। जो पुरुषार्थ से अपना भाग्य बदलना जानता है। जिसमें प्राणीमात्र के प्रति प्रेम, करूणा एवं मैत्री का भाव है। जो अपने विरोधी या शत्रु से भी सीखने को वरीयता दे। जिसका जीवन सादगी एवं संयम का प्रेरक हो। जो बुराइयों एवं अत्याचार के खिलाफ मोर्चा लेने को तत्पर हो। उन्नत एवं आदर्श समाज एवं राष्ट्र रचना जिसका जीवन-सपना हो। जो स्व और पर के अभ्युदय के लिये तत्पर हो। श्रीराम के इन गुणों को अपनाते हुए हर व्यक्ति राम बनने की ओर प्रस्थान कर सकता है। प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व में विलक्षण संतुलन मिलता है। शांत-गंभीर और सौम्य श्रीराम ने कभी अपना संतुलन नहीं खोया। उन्होंने कभी परिस्थिति को अपने ऊपर हावी होने नहीं दिया बल्कि हर परिस्थिति में दृढ़ता बनाये रखना ही उनका स्वभाव है। आज के मुश्किल समय में हमें यही सीखना है। अनिश्चितता और संशय भरे समय में जब हर कोई टूटा हुआ, भंवर में पड़ा महसूस कर रहा है, श्रीराम की कर्तव्य पथ पर डटे रहने की प्रेरणा काम आ सकती है। मैं तो कहूंगा यदि हम प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व का कुछ अंश भी, उनसे कुछ बूंद भी ग्रहण कर सकें, तो निश्चित ही अपने व्यक्तित्व और जीवन में बदलाव महसूस कर सकते हैं। ऐसा करते हुए हम व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक, राष्ट्रीय एवं वैश्विक जीवन को उन्नत एवं आदर्शमय बना सकते हैं। आज प्रभु श्रीराम के पुर्नजन्म से ज्यादा जरूरी है, अब हमारा पुर्नजन्म हो। हम श्रीराम के व्यक्तित्व से सीखें, उनके जीवन-आदर्शों पर अपने जीवन को ढ़ाले, जैसे

**अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीराम मन्दिर का उद्घाटन 22 जनवरी, 2024 को करेंगे, निश्चित ही नये वर्ष से जन-जन को रामराज्य की सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी, भारत एक नये युग में प्रवेश करेगा। जितनी आस्था एवं भक्ति से जन-जन ने श्रीराम के प्रति भक्ति एवं आस्था व्यक्त की है, उतनी ही आस्था एवं संकल्प से अब हर व्यक्ति श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारे एवं स्वयं को श्रीराममय बनाये।**

इन दिनों



ललित गर्ग

श्रीराम अपने वचन के पक्के थे और इसके लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। हमें भी वचनबद्ध होने की साधना करनी चाहिए। श्रीराम को खुद पर भरोसा था और उन्होंने साथ रहने वाले लोगों में भी भरोसा जगाया, हमें भी अपना भरोसा जगाना चाहिए। आगे बढने के लिए दृढ़ संकल्प काफी है। इसके बाद साधन की कमी राह में रोड़ा नहीं बनती। चाहे सेना कम हो या सुविधाओं का अभाव, श्रीराम ने रावण पर अपने दृढ़ संकल्प की बदौलत ही जीत हासिल की। अपनी संकल्प शक्ति से प्रभु श्रीराम की तरह व्यक्ति महानता के उस शिखर को भी छू सकता है, जहां देवता भी नहीं पहुंच पाये थे। एक युवा मन ने वन-गमन के फैसले को सहर्ष स्वीकार किया। तनिक भी विचलित नहीं हुए, बल्कि उस समय विलाप कर रहे मां, भाई और समाज के लोगों में भी अपने निर्णय पर अटल रहने की प्रेरणा जगा दी। उद्देश्य को लेकर स्पष्ट होना जरूरी है, आपका लक्ष्य क्या है, यह पता होना चाहिए। भाषा-विवेक जरूरी है। अनुचित भाषा का प्रयोग प्रभु श्रीराम ने कभी नहीं किया। हर किसी का स्वागत मुस्कुरा कर करते और उसे तुरंत अपना बना लेते। कभी यह नहीं याद रखा कि औरों ने उनके साथ क्या और कैसा व्यवहार किया, सबके प्रति प्रेम भाव रखा और कर्म पथ पर अडिग रहे। दृष्टि संकुचित नहीं, बल्कि इसमें अथाह विस्तार था। वह परिवार केंद्रित नहीं रहा, बल्कि समस्त मानव जाति के प्रति प्रेम ही था उनका संदेश। अपनी महानता के बारे में कभी विचार नहीं किया, न इसका एहसास कराने की जरूरत समझी। जमीनी बने रहे। सांसारिक जीवन में आगे बढ़ने, नाम कमाने यानी ख्याति, यश, कीर्ति के लिए सद्गुणों और अच्छे कामों की बड़ी भूमिका होती है, क्योंकि गुण ही किसी भी इंसान को असाधारण और विलक्षण प्रतिभा का स्वामी बना देते हैं। इंसान को अपने जीवन में सफल होने के लिए किन खास गुणों पर ध्यान देना चाहिए ये रामजी के चरित्र के माध्यम से बताया गया है। उन्होंने मानवीय रूप में जन-जन का भरोसा और विश्वास अपने आचरण और असाधारण गुणों से ही पाया। उनकी चरित्र की खास खूबियों से ही वह न केवल लोकनायक बने, बल्कि युगान्तर में भी भगवान के रूप में पूजित हुए। हम राम तो बनना चाहते हैं पर श्रीराम के जीवन आदर्शों को अपनाना नहीं चाहते, यह एक बड़ा विरोधाभास है। अजीब है कि जो हमारे जन-जन के नायक हैं, जिन प्रभु श्रीराम को अपनी सांसों में बसाया है, जिनमें इतनी आस्था है, जिनका पूजा करते हैं, हम उन व्यक्तित्व से मिली सीख को अपने जीवन में नहीं उतार पाते। जरा सोचिए क्या न्याय पाने के लिए कानून को तोड़ा जा सकता है? प्रभु श्रीराम ने तो न्याय के लिए बड़े से बड़ा त्याग किया। अपने-पराये किसी भी चीज की परवाह नहीं की। न्याय के लिए नियमों को सर्वोपरि रखा और मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए! पर हमने यह नहीं सीखा और न्याय के नाम पर नियमों को तोड़ना आम बात हो गई है।

# फिर से कोरोना की दहशत व भारतीय रेल व्यवस्था

**देश** में एक बार फिर घोर संक्रमणकारी मर्ज कोरोना के संभावित विस्तार को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। कोरोना के लगातार बढ़ रहे मामलों ने पूरे देश को एक बार फिर चिंता में डाल दिया है। भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोरोना के नये मामलों के साथ-साथ उसका नया वैरिएंट जेएन.1 भी पैर पसारने लगा है। भारत में अब तक इस वायरस के कई मामले सामने आ चुके हैं। नये वैरिएंट को लेकर आईसीएमआर जियो सिक्वेंसिंग के माध्यम से जानकारी जुटाने में लगा हुआ है। परन्तु स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह भी कहा है कि इसे लेकर फिलहाल घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि नये वैरिएंट की चपेट में आये अधिकांश लोगों का इलाज अब तक घर पर ही संभव हो सका है। फिर भी देश उन दिनों को भूल नहीं पा रहा जब भारत सहित विश्व के अधिकांश देश 'लॉक डाउन' से जूझ रहे थे। उस समय विश्व की अनेक सरकारों ने जहां कोरोना के वैश्विक प्रसार को रोकने के लिये पूरे विश्व की विमान सेवाओं को स्थगित कर दिया था वहीं देश के भीतर रेल व बस सहित लगभग सभी सार्वजनिक यहाँ तक कि निजी वाहनों के आवागमन को भी कोरोनाकाल में प्रतिबंधित कर दिया गया था। माना जाता है किसी भी देश में महामारी के विस्तार में सबसे बड़ी भूमिका रेल प्रणाली की ही होती है। क्योंकि इसमें बड़ी संख्या में यात्री एक दूसरे के निकट आते जाते व बैठते हैं तथा देर तक और दूर तक साथ यात्रा करते हैं। इसलिये किसी भी महामारी के विस्तार में रेल सबसे अहम भूमिका निभाती है। अब एक बार फिर भारत में कोरोना के पैर पसारने की खबर आ रही है। इस बार यह एक नये वैरिएंट के साथ फैल रहा है। देश के लगभग सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं। कई एयर पोर्ट पर यात्रियों की प्रारंभिक व जरूरी जांच शुरू हो चुकी है। कुछ राज्यों ने मास्क अनिवार्य कर दिये हैं। सरकार की ओर से भी नागरिकों को कोरोना से बचाव सम्बन्धी दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं। परन्तु सबसे बड़ा सवाल यह है कि देश की रेल व्यवस्था जिसे की कोरोना विस्तार का सबसे अहम कारक माना जाता है उसे लेकर सरकार और रेल मंत्रालय की तरफ से क्या तैयारियां हैं? इत्तेफाक से पिछले दिनों एक पारिवारिक विवाह समारोह

**भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार कोरोना के नये मामलों के साथ-साथ उसका नया वैरिएंट जेएन.1 भी पैर पसारने लगा है। भारत में अब तक इस वायरस के कई मामले सामने आ चुके हैं। नये वैरिएंट को लेकर आईसीएमआर जियो सिक्वेंसिंग के माध्यम से जानकारी जुटाने में लगा हुआ है।**

में शिरकत करने के लिये लखनऊ जाने का मौका मिला। कोरोना विस्तार के भय के साये में हो रही लखनऊ की यह रेल यात्रा बेहद चौकस होकर करनी पड़ी। परन्तु अफसोस की बात तो यह है कोरोना की दहशत के साये में भी ट्रेन में दुर्व्यवस्था,गंदिगी,विभागीय अवहेलना का वही आलम देखने को मिला जो आम तौर पर भारतीय रेल में हमेशा ही दिखाई देता है। मेरा आरक्षण 13307 गंगा सतलुज ट्रेन में था। अपराह्न करीब तीन बजे ट्रेन लखनऊ पहुंची। धनबाद से चलकर लखनऊ पहुँचने वाली ट्रेन के वातानुकूलित कक्ष में फर्श पर हर तरफ चादर कम्बल आदि फैले हुये थे। परन्तु साथ चल रहे बेडिंग वितरण स्टाफ की अनदेखी व अकर्मण्यता के चलते उन्हें समेटा नहीं गया था जिसके चलते वह डिब्बे में इधर उधर गुजरने वाले यात्रियों के जूतों की ठोकरें खा रहे थे। कई वातानुकूलित कक्ष तो ऐसे थे जिसके एक प्रवेश द्वार को इन्हीं बेड रोल वितरण स्टाफ द्वारा बेड रोल के बोरों से भरकर स्थाई रूप से बंद कर दिया गया था। इससे यात्रियों द्वारा कम्पार्टमेंट का एक ही दरवाजा प्रयोग में लाया जा रहा था जोकि उस डिब्बे में चढ़ने उतरने वाले यात्रियों के लिये काफी भीड़ भरा व कष्टदायक था। दूसरी तरफ मेरे जैसे अनेक यात्री जो लखनऊ से अपराह्न 3 बजे सवार हुये थे उन्हें ठण्ड होने के बावजूद रात आठ बजे तक बेडिंग नहीं दी गयी। उधर इसी ट्रेन के डिब्बे में टॉयलट से लेकर आवागमन के रास्तों में यहाँ तक कि शयन बर्थ पर गंदिगी का वह आलम था की जगह जगह कॉकरोच विचरण करते दिखाई दे रहे थे। वाश बेसिन ओवरफ़्लो हो रहे थे। कोई सेनिटाइजिंग का प्रबंध नहीं, बल्कि दुर्गन्धपूर्ण वातावरण था। इसके बजाये वातानुकूलित कक्ष में सारी रात आम यात्रियों की आवाजाही और टी टी की 'अनुकम्पा' से उन्हें ए सी कोच में यात्रा के लिये इजाजत देना जैसी अनेक बातें ऐसे थीं जिन्हें देखकर यह महसूस ही नहीं हो रहा था कि देश एक बार फिर कोरोना की दहशत में जी रहा है। और न ही इस बात का एहसास हो रहा था कि सरकार खासकर रेल विभाग की ओर से भी ऐसे कोई उपाय किये गये हों जोकि कोरोना विस्तार को रोकने में मददगार साबित हों? यहां तक कि रेलवे स्टेशन पर भी इससे सम्बंधित कहीं कोई निर्देशावली नजर नहीं आई।

■ **निर्मल रानी**

## है न विचित्र बात !

### कालगणना नहीं, कालबोध है महत्वपूर्ण

**अस्तित्व** सदा से है और सदा रहता है। यह सनातन है। चिरन्तन है। यह नया या पुराना नहीं होता। लेकिन अनुभव और अनुभूति में यह प्रतिपल नया है। सूर्य प्रतिपल नया है। हर एक सूर्योदय नया है। इसके पहले मुदित मन प्रतिदिन आती ऊषा भी नई है। ऋग्वेद के ऋषि ऊषा के सौन्दर्य का वर्णन करते हैं। बताते हैं कि यह ऊषा नई हैं और पुराणी युवती हैं। पुराणी युवती शब्द का प्रयोग ध्यान देने योग्य है। युवती शब्द का प्रयोग तरुण स्त्री के लिए होता है। लेकिन ऋषि की अनुभूति में ऊषा पुरानी होकर भी नई हैं। चन्द्र भी प्रतिदिन नया है और साथ साथ पुराना भी। प्रत्येक पूर्णिमा नई है और अमावस्या भी नई है। वर्षा की हर एक बूंद भी नई है। शीत नई है और ऊष्मा भी नई है। यहां नए का अलग अस्तित्व नहीं है। वह पहले से गतिशील अस्तित्व का विस्तार है। समय भी नया या पुराना नहीं होता। समय अखण्ड है। यूरोपीय काल गणना के अनुसार आज (रविवार) देररात 12 बजे वर्षान्त होगा और उनकी मान्यता के अनुरूप नववर्ष प्रारम्भ हो जाएगा। ह्यहैप्पी न्यू ईयरह्य की तैयारियां जोरों पर हैं। इन तैयारियों में अस्तित्व की अनुकम्पा व प्रसाद के गीत नहीं है। अनेक लोग इसी बहाने नई तरह की दारू का इंतजाम कर रहे हैं और नाच गाने का भी। 'हैप्पी न्यू ईयर' सिर पर चढ़कर बोल रहा है। यूरोपीय नववर्ष लगभग हर वर्ष अपने साथ कड़ाके की ठण्ड और सर्द हवाएं लेकर आता है। अंग्रेजी कैलेंडर में जनवरी में जनवरी ही नई है। वैसे जनवरी में कुछ भी नया नहीं होता। न कोई आह्लाद। न प्रसाद, न ऋतु। न आनंद। प्रकृति का कोई छंद और न सुख अनुभव कराने वाली कोई गंध और न स्पर्श। गंध ढोकर लाने वाली हवाएं स्वयं शीत के प्रभाव में हैं। वातावरण में सर्दी ही सर्दी है। सर्दी भी स्वयं दुबकी हुई दिखाई पड़ती है। सर्दी और कोहरे ने 'हैप्पी न्यू ईयर' का मजा कम कर दिया है। तो भी लोगबाग एक दिन पहले से ही 'हैप्पी न्यू ईयर' का नगाड़ा बजा रहे हैं। प्रकृति ने जम्बूद्वीप भरतखण्ड को पूरे मनोयोग से गढ़ा है। यहां सत्य शिव सौन्दर्य की छटा है। प्रकृति नाना रूपवती है। जम्बूद्वीप भरतखण्ड में सदा नीरा नदियां हैं। इठलाती गीत जाती नदियां स्वयं आनंद रस परिपूर्ण हैं। यहां नदियां माताएं हैं और देवियां हैं। इस भूखण्ड में अनंत जलराशि वाले समुद्र भी हैं। फूलों की घाटियां हैं। आकाश छूने को लालायित विशाल मंदिर हैं। सब तरफ वन उपवन हैं। गंधमादन वातायन है। जलाशयों में कमल के फूल हैं। कालिदास ने मेघदूत में कमल के फूलों वाले क्षेत्रों की मोहक चर्चा की है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में भी कमल की विस्तृत चर्चा है। यहां 6 ऋतुएं हैं। सभी ऋतुओं के अपने आकर्षण हैं। लेकिन अंग्रेजी नववर्ष में नदियों में कोई उल्लास नहीं होता। दिशाएं उल्लासधर्मा नहीं होतीं। प्रकृति के नियम शाश्वत हैं। पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा करती है। दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। अहोरात्र दिन रात के जोड़े हैं। पृथ्वी सहित अनेक ग्रह गतिशील हैं। हमारे पूर्वजों ने काल को चक्रीय बताया है। चक्र की गति में प्रथम और आखिरी नहीं होता। तब नया साल कहां से आया। हमारी समस्या है कि नए साल की गिनती कहां से शुरू करें। प्रश्न यह भी है कि नए साल की गिनती पहली जनवरी से क्यों शुरू होती है। न्यू ईयर वाली जनवरी बिंदास होती है। लेकिन जनवरी में बसंत जैसी सुगन्धित वायु नहीं बहती। वातावरण मधुवाता नहीं होता। मन प्रश्नाकुल है नया साल बसंत से क्यों नहीं शुरू होता? फाल्गुन या चैत्र से क्यों नहीं। यूरोपीय विद्वानों ने हड़बड़ी में 10 महीने का कैलेंडर बनाया था। उनके कैलेंडर में तब जनवरी और फरवरी नहीं थे। तब कैलेंडर का सातवां महीना सितम्बर था। आठवां अक्टूबर है। नवां नवंबर है और दसवां दिसम्बर है। अंग्रेजी कैलेंडर के सातवें, आठवें, नवें और दसवें महीने संख्यावाची हैं। बाद में इसमें जनवरी और फरवरी जोड़ दी गई। तब सातवां माह नवां हो गया। आठवां अक्टूबर था लेकिन दसवां हो गया। नवां नवंबर था। यह ग्यारहवां हो गया और दसवां दिसम्बर बारहवां हो गया। कालगणना महत्वपूर्ण नहीं है।

■ **हृदयनारायण दीक्षित**

# उत्तर प्रदेश में बढ़ता धार्मिक पर्यटन भारत को दे रहा आर्थिक गति

**उत्तर** प्रदेश राज्य आज भारत का तीसरा सबसे बड़ा टेक्स्टायल उत्पादन करने वाला राज्य भी बन गया है। राष्ट्रीय उत्पादन में उत्तरप्रदेश राज्य का योगदान बढ़कर 13.24 प्रतिशत हो गया है। उत्तरप्रदेश राज्य में आज 250,000 लाख के आसपास हैंडलूम बुनकर एवं 421,000 पावरलूम बुनकर कार्य कर रहे हैं। भारत के आर्थिक विकास की रफ्तार को गति देने में कुछ राज्यों का योगदान तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही के समय में विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, गुजरात एवं राजस्थान जैसे राज्यों की आर्थिक विकास की गति तेज हुई है, जिससे यह राज्य भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का बनाने में विशेष योगदान देते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि महाराष्ट्र, तमिलनाडु, एवं कर्नाटक जैसे कुछ अन्य राज्यों का योगदान भी नकारा नहीं जा सकता है, परंतु इन राज्यों के आर्थिक विकास की दर तुलनात्मक रूप से कुछ स्थिर सी रही है अथवा कुछ कम हुई है। समस्त राज्यों के बीच तमिलनाडु एवं गुजरात राज्यों को पीछे धकेलते हुए उत्तर प्रदेश अब भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला राज्य बन गया है। भारतीय अर्थव्यस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान 9.2 प्रतिशत का हो गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार आज 3.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का हो गया है। इसमें महाराष्ट्र राज्य का हिस्सा 15.7 प्रतिशत है। उत्तरप्रदेश राज्य का हिस्सा 9.2 प्रतिशत, तमिलनाडु राज्य का 9.1 प्रतिशत, गुजरात राज्य का 8.2 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल राज्य का 7.5 प्रतिशत है। देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर पूर्वी राज्यों एवं जम्मू कश्मीर के बाद बिहार का भी काफी कम योगदान अर्थात केवल 3.7 प्रतिशत दिखाई पड़ता है, जबकि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ के आसपास है। बिहार को आर्थिक विकास की दृष्टि से आज भी पिछड़ा राज्य कहा जा रहा है। पूर्व के बीमारु राज्यों की श्रेणी से उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश एवं राजस्थान राज्य बाहर आ चुके हैं जबकि बिहार राज्य आज भी इसी श्रेणी में अटका हुआ है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में महाराष्ट्र राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार 41,720 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, तमिलनाडु राज्य का आकार 27,800 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, गुजरात राज्य का आकार 26540 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, उत्तरप्रदेश राज्य का आकार 26,510 करोड़ अमेरिकी डॉलर था, कर्नाटक राज्य का आकार 26,350 करोड़ अमेरिकी डॉलर था और पश्चिम बंगाल राज्य का आकार 18,310 करोड़ अमेरिकी डॉलर था। पिछले कुछ वर्षों से चूंकि उत्तरप्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था की विकास दर सबसे तेज बनी हुई है अतः आज उत्तरप्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था का आकार भारत में दूसरे स्थान पर आ गया है। उत्तरप्रदेश ने अपने राज्य की अर्थव्यवस्था के आकार को वर्ष 2027 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जबकि, महाराष्ट्र भी अपने राज्य को वर्ष 2028 तक एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना चाहता है। इस दृष्टि से अब उत्तरप्रदेश एवं महाराष्ट्र राज्यों के बीच इस संदर्भ में आपस में प्रतियोगिता चल रही है। महाराष्ट्र राज्य की जनसंख्या 11 से 12 करोड़ के बीच है जबकि उत्तरप्रदेश राज्य की जनसंख्या 20 करोड़ के आसपास है। इस दृष्टि से उत्तरप्रदेश राज्य लाभप्रद स्थिति में दिखाई दे रहा है क्योंकि विभिन्न उत्पादों के उपभोग की अधिक गुंजाइश उत्तरप्रदेश राज्य में हैं एवं देश में आज उत्तरप्रदेश राज्य तेजी से विनिर्माण क्षेत्र का हब बनता जा रहा है तथा उत्तरप्रदेश राज्य में धार्मिक पर्यटन भी बहुत तेज गति से विकसित हो रहा है। विशेष रूप से अयोध्या, वाराणसी, मथुरा जैसे धार्मिक पर्यटन स्थलों का विकास न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के पर्यटन को भी आकर्षित करता दिखाई दे रहा है। इससे उत्तरप्रदेश राज्य में रोजगार के नये अवसर भी भारी मात्रा में निर्मित हो रहे हैं। अतः उत्पादों के उपभोग के मामले में उत्तरप्रदेश राज्य के साथ किसी भी अन्य राज्य की प्रतियोगिता हो ही नहीं सकती हैं। आज उत्तरप्रदेश राज्य के नागरिक रोजगार हेतु अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हुए नहीं दिखाई दे रहे हैं क्योंकि उत्तरप्रदेश राज्य में ही रोजगार के पर्याप्त नए अवसर निर्मित होने लगे हैं। उत्तरप्रदेश राज्य में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज राज्य सरकार भी भारी मात्रा में पूंजी निवेश कर रही है। निर्यात के क्षेत्र में भी उत्तरप्रदेश राज्य नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उत्तरप्रदेश राज्य के राज्य निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के अनुसार वित्तीय वर्ष 2016-17 में उत्तरप्रदेश राज्य से 84,000 करोड़ रुपए की राशि का निर्यात किया गया था जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में दुगना होकर 174,000 करोड़ रुपए का हो गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए उत्तरप्रदेश राज्य ने 2 लाख करोड़ रुपए की राशि का निर्यात करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उत्तरप्रदेश राज्य से सबसे अधिक निर्यात किये जाने वाले उत्पादों में इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, दूरसंचार उपकरण, कृत्रिम फाइबर, गेहूं, चावल, कपास, कालीन एवं हस्तशिल्प जैसे उत्पाद शामिल हैं। दूसरे, उत्तरप्रदेश राज्य आज भारत का तीसरा सबसे बड़ा टेक्स्टायल उत्पादन करने वाला राज्य भी बन गया है। राष्ट्रीय उत्पादन में उत्तरप्रदेश राज्य का योगदान बढ़कर 13.24 प्रतिशत हो गया है। उत्तरप्रदेश राज्य में आज 250,000 लाख के आसपास हैंडलूम बुनकर एवं 421,000 पावरलूम बुनकर कार्य कर रहे हैं। चूंकि कपड़ा उद्योग कम पूंजी निवेश के साथ अधिक मानवीय आधारित उद्योग है, अतः इस क्षेत्र में रोजगार के लाखों नये अवसर निर्मित हो रहे हैं। साथ ही, उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में रक्षा इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण कलस्टर एवं लखनऊ उन्नाव कानपुर क्षेत्र में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कलस्टर भी स्थापित किये जा रहे हैं। इन क्षेत्रों में विनिर्माण इकाईयां स्थापित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा कई प्रकार के प्रोत्साहन भी दिये जा रहे हैं। विभिन्न प्रदेशों की विधान सभाओं में प्रस्तुत किये गये वित्तीय वर्ष 2022-23 के आर्थिक सर्वेक्षणों में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए इन प्रदेशों की अनुमानित आर्थिक प्रगति की दर को दर्शाया गया है। उत्तरप्रदेश में वित्तीय वर्ष 2022-23 में आर्थिक प्रगति की दर 16.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है, इसी प्रकार मध्यप्रदेश में 16.34 प्रतिशत, राजस्थान में 16.4 प्रतिशत, गुजरात में 15.5 प्रतिशत, तेलंगाना में 15.6 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 6.8 प्रतिशत, तमिलनाडु में 8.19 प्रतिशत, बिहार में 9.7 प्रतिशत, कर्नाटक में 7.9 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। उत्तर प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 19 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कुल मिलाकर भारत के समस्त प्रदेशों के बीच उत्तरप्रदेश राज्य आज आर्थिक विकास की दौड़ में सबसे आगे दिखाई दे रहा है।

**भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार आज 3.7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का हो गया है। इसमें महाराष्ट्र राज्य का हिस्सा 15.7 प्रतिशत है। उत्तरप्रदेश राज्य का हिस्सा 9.2 प्रतिशत, तमिलनाडु राज्य का 9.1 प्रतिशत, गुजरात राज्य का 8.2 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल राज्य का 7.5 प्रतिशत है। देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर पूर्वी राज्यों एवं जम्मू कश्मीर के बाद बिहार का भी काफी कम योगदान अर्थात केवल 3.7 प्रतिशत दिखाई पड़ता है, जबकि बिहार की जनसंख्या 13 करोड़ के आसपास है।**

■ **प्रह्लाद सबनानी**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में हृदय गति रुकने से पुलिसकर्मी की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में शनिवार को दो अलग-अलग घटना में दो लोगों की मौत की खबर सामने आई। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक हेड कांस्टेबल की हृदय गति रुकने के चलते मौत हो गई। वहीं, दूसरे मामले में एक प्रवासी मजदूर की किराए के घर की छत से गिरने के बाद मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अनंतनाग जिले के कोकेरनाग इलाके के हेड कांस्टेबल मुहम्मद जब्बार डार शनिवार सुबह अपने घर में बेहोश पाए गए।

### तेलंगाना सीएम ने प्रजा पालन आवेदन फॉर्मों की बिक्री को गंभीरता से लिया

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने छह गारंटियों का लाभ उठाने के लिए आवेदन पत्र (एप्लीकेशन फॉर्म) की बिक्री को गंभीरता से लिया है। सीएम ने शनिवार को अधिकारियों को आवेदन पत्र बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। 28 दिसंबर को शुरू किए गए 'प्रजा पालन' कार्यक्रम के तहत राज्य भर के आवेदकों से भरे हुए फॉर्म प्राप्त किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मुख्य सचिव शांति कुमारी और अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ प्रजा पालन में आवेदन जमा करने और जमीनी हकीकत पर समीक्षा की।

### बेंगलुरु में नशे में धुत इंजीनियर की 33वीं मंजिल से गिरकर मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में शनिवार को एक निजी कंपनी में काम करने वाले इंजीनियर की नशे की हालत में 33वीं मंजिल की बालकनी से गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान दीपांशु धर्मा के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार सुबह के.आर. पुरम पुलिस स्टेशन की सीमा में हुई। पुलिस के मुताबिक, दीपांशु गुरुवार रात एक पार्टी में शामिल हुआ और दोस्तों के साथ शराब पी। वह अपने अपार्टमेंट में वापस आया और बालकनी में घुस गया। संतुलन बिगड़ने से वह बालकनी से गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### आगरा मेट्रो ने सुरंग का काम रिकॉर्ड 11 महीने में पूरा किया

**आगरा।** आगरा मेट्रो के प्राथमिकता वाले हिस्से 'ताज महल के पूर्वी गेट से जामा मस्जिद' तक सुरंग बनाने का काम रिकॉर्ड 11 महीने में पूरा हो गया है। साथ ही, प्राथमिकता विस्तार के अंडरग्राउंड सेक्शन पर ट्रेन परीक्षण शनिवार को सफलतापूर्वक शुरू हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फरवरी में टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) का उद्घाटन करने के बाद प्राथमिकता वाले हिस्से का काम 11 महीने में पूरा हो गया। अधिकारी ने कहा, "अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन के निर्माण और सुरंग बनाने के काम में औसतन एलिवेटेड स्टेशनों की तुलना में तीन गुना समय लगता है। हालांकि, आगरा मेट्रो टीम 11 महीने के रिकॉर्ड समय में इसे पूरा करने में सक्षम रही, जिसमें टीबीएम के माध्यम से सुरंग निर्माण, ट्रैक कार्य, तीसरे रेल लाइन बिछाने का काम, सुचारू और सुरक्षित ट्रेन आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सिग्नलिंग कार्य शामिल था।

# 500 वर्षों का इंतजार अब खत्म हो रहा : योगी आदित्यनाथ



**एजेंसी। अयोध्या**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 500 वर्षों का इंतजार अब खत्म हो रहा है। भगवान श्रीराम आगामी 22 जनवरी को निमार्णाधीन राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि नए भारत की नई अयोध्या का आज दर्शन हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण अयोध्या को एक नई पहचान मिली है। अयोध्या में सभी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के करकमलों से अयोध्या के रेलवे स्टेशन और अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उदघाटन किया गया। योगी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम पर किया गया है। अयोध्या में 22 जनवरी को अतिथियों के स्वागत के लिए हमें तैयार रहना है। केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की आत्मा की ज्वाला हैं। यहां से 10 लाख यात्रियों का प्रतिवर्ष आवागमन होगा। देश विदेश के बड़े विमान अब अयोध्या नगरी में उतर सकेंगे। जहां प्रधानमंत्री के कर कमलों से ट्रेनों की श्रंखला शुरू हुई है। अयोध्या,मुंबई,बंगलूरू और कोलकाता को आने वाले दिनों में अयोध्या से जोड़ा जायेगा। इस अवसर पर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव,केन्द्रीय राज्यमंत्री जनरल वी.के.सिंह,उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य,ब्रजेश पाठक,प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही और स्थानीय सांसद लल्लू सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### बांदा में शजर पत्थर से हस्तशिल्पी ने तैयार किया भगवान राम का मंदिर, प्रधानमंत्री को देंगे गिफ्ट

**बांदा।** अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पहले दुनिया भर में भक्तों में उत्साह का माहौल है। इसी बीच उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के रहने वाले हस्तशिल्पी द्वारिका प्रसाद सोनी ने कड़ी मेहनत के बाद केन नदी में पाए जाने वाले शजर पत्थर से एक छोटा श्रीराम मंदिर बनाया है। इस पर लगभग 10 लाख की लागत आई है। मंदिर में रामलला को भी विराजमान किया गया है। शनिवार को इस मंदिर को रामलीला मैदान में लोगों को अलोकनार्थ रखा गया, जिसे देखकर हर कोई आश्चर्यचकित रह गया।जिले के केन नदी में पाया जाने वाला शजर पत्थर एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) में शामिल है। यह ए ग्रेड श्रेणी का सबसे मजबूत और महंगा पत्थर है। इसमें पेड़-पौधों और प्राकृतिक छटाओं की सुंदर छवि स्वतः अंकित हो जाती है। नदी में शजर की पहचान कर उसे काटने और तरासने की लंबी प्रक्रिया है। इसके बाद शजर की असली तस्वीर सामने आती है और तभी इसकी कीमत भी तय होती है। दो दशक पहले यहां इसे तरासने वाले 70-80 कारखाने थे। अब इनकी संख्या बहुत कम रह गई है। यहां के शजर से बनी ज्वेलरी और बेस कीमती उपहार विदेश तक भेजे जाते थे। शजर की अनोखी और बेहतरीन कारीगरी के लिए यहां के शिल्पकारों को कई बार राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत भी किया जा चुका है।राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त द्वारिका प्रसाद सोनी अपने हुनर से अनेक कलाकृतियां बना चुके हैं। उनके द्वारा ताजमहल, कालिंजर दुर्ग के अलावा अनेक सजावटी कलाकृतियां बनाई गई हैं। जिसकी विदेश में भी प्रशंसा हुई है। शजर की मांग मुस्लिम देशों में ज्यादा है क्योंकि मुस्लिम इस पत्थर को बहुत शुभ मानते हैं।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की कोलकाता-अयोध्या फ्लाइट 17 जनवरी से

**कोलकाता।** अयोध्याधाम में भगवान श्रीराम के भव्य और दिव्य मंदिर के उद्घाटन से पहले ही कोलकाता से अयोध्या के लिए फ्लाइट शुरू हो जाएगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सीधी फ्लाइट की घोषणा की है। एयरलाइन कंपनी ने कहा कि वह 17 जनवरी से अयोध्या से कोलकाता के बीच सीधी उड़ान शुरू करेगी। इसके साथ ही अयोध्या से बेंगलुरु के बीच भी उड़ान शुरू हो जाएगी। बयान के मुताबिक, एयरलाइन शनिवार को अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के साथ ही अयोध्या और दिल्ली के बीच उड़ानों का परिचालन शुरू हो जाएगा। कंपनी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अंकुर गर्ग ने कहा, 'हमारे नेटवर्क में महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में बेंगलुरु और कोलकाता अयोध्या के प्रवेश द्वार के रूप में काम करेंगे।

### योगदा सत्संग आत्म-साक्षात्कार पाठमाला का नया संस्करण

# अंतरराष्ट्रीय विमोचन 5 जनवरी को नोएडा में होगा

**आरएनएम । रांची**

योगदा सत्संग आत्म- साक्षात्कार पाठमाला के नए संस्करण का विमोचन हिंदी में गुरुदेव श्री श्री परमहंस योगानन्द के पावन आविर्भाव दिवस 5 जनवरी वाईएसएस नोएडा आश्रम में आयोजित होने वाले एक विशेष सार्वजनिक समारोह में विमोचन किया जाएगा। योगदा सत्संग सोसाइटी के महासचिव स्वामी ईश्वरानन्द ने रांची में संवाददाताओं को बताया कि परमहंस योगानन्दजी द्वारा सिखाई गई ध्यान प्रविधियों और आध्यात्मिक जीवन के सिद्धांतों को सीखना, आत्मसात करना और अभ्यास करना, अब आमजन के लिए और सहज हो गया जाएगा । योगदा सत्संग साक्षतकार पाठमाला के नए संस्करण में परमंहस योगानन्दजी के लेखन और व्याख्यानों से ली गई सामग्री का समावेश है। क्रियायोग समेत वाईएसएस/एसआरएफ की ध्यान-प्रविधियों और कई अन्य विषयों पर स्पष्ट और अधिक जानकारी दी गई है। वाईएसएस/एसआरएफ पथ के आवश्यक सिद्धांतों को और अधिक सुसंगठित और संकेन्द्रित रुप में प्रस्तुत करता है। गुरुदेव की कुछ अप्रकाशित आलेख को भी सम्मिलित करता है। पूर्व की पाठमाला की अपेक्षा यह अधिक





आकर्षक है। अब डिजिटल प्रारुप में एप्प पर भी उपलब्ध है। भक्त अब अपने मोबाइल पर भी इसे पढ़ सकेंगे। परमहंस योगानन्दजी की ऑडियो रिकार्डिंग समेत हिन्दी में नई ऑडिओ और वीडियो सामग्री को भी सम्मिलित करता है।वाईएसएस/एसआरएफ की शक्ति-संचार व्यायाम के अभ्यास के लिये चरणबद्ध निदेर्शों के साथ वीडियो को भी समाविष्ट करता है।पाठमाला में प्रस्तुत सामग्री को समझाने के लिये अन्य सहायक सामग्री को भी सम्मिलित करता है, जैसे - प्रेरणादायक व्याख्यान, अनुदेश और निर्देशित ध्यान की सुविधा। पहले 182 पाठ थे जिसे प्राप्त करने में 45 माह लगते थे, पर अब नये पाठ्यक्रम में मूल तथ्य मात्र 18 पाठों में ही उपलब्ध हैं, जिसे प्राप्त करने में अब मात्र 9 महीने लगेंगे।समाज सेवा और मानवीय में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया की भूमिका कोरोनाकाल में योगदा सत्संग के संन्यासियों ने राँची के आसपास बड़ी संख्या में योगदा भक्तों के साथ मिलकर उन निर्धनों व उपेक्षितों तक भोजन और सुविधाएँ पहुँचाई, जहां कोई पहुँच नहीं पा रहा था। पर्याप्त मात्रा में उन्हें चावल, दाल, सब्जियाँ, तेल-मसाले आदि पहुँचाए गये ताकि उनके घरों में उन विपरीत परिस्थितियों में भी चूल्हे जल सकें। कुछ निजी/सरकारी संस्थानों को मेडिकल सुविधाएँ भी उस दौरान योगदा आश्रम द्वारा उपलब्ध कराई गई।योगदा सत्संग सोसाइटी द्वारा राँची मे एक अस्पताल भी चलाया जाता है जहाँ इस वर्ष अब तक ओपीडी में 23,297 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।12,720 नेत्र रोगियों ने ओपीडी में नेत्र-संबंधी स्वास्थ्य लाभ लिये।1430 नेत्र-रोगियों की आँखों का ऑपरेशन भी किया गया।इस अस्पताल में रोगियों को निःशुल्क दवाएं दी जाती हैं और साथ-ही-साथ पैथोलोजी जाँच की सुविधा भी प्राप्त होती है।कई सुदूरवर्ती इलाकों में जहां पहुँचना भी कठिन है, वहां भी यह संस्था अपनी मेडिकल टीम के साथ पहुँच कर, वहाँ के वंचितों/निर्धनों के बीच निःशुल्क स्वास्थ्य जांच उपलब्ध कराकर, उनके बीच निःशुल्क दवाएं भी वितरित करती है।राँची जिले के अनगड़ा ब्लॉक के कम्यूनिटी हेल्थ सेंटर में वाईएसएस ने बाल चिकित्सा उच्च निर्भरता इकाई (पीएचडीयू) को स्थापित किया।प्राकृतिक आपदा के समय भी वाइएसएस के द्वारा प्रभावित क्षेत्रों मे सहायकार्य किया जाता है।योगदा सत्संग सोसाइटी मैट्रिक व उच्चस्तरीय शिक्षा प्राप्त करनेवाले मेधावी और अभावग्रस्त छात्रों के बीच प्रत्येक वर्ष छात्रवृत्ति भी प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त जरूरतमंद छात्रों के मध्य लैपटॉप एवं टैबलेट भी सुलभ कराया जाता है।वाइएसएस ने योगदा सत्संग विद्यालय के लिए 22 करोड़ की कुल लागत से एक नए भवन परिसर तथा एक बड़े बहुउद्देशीय सभागार एवं कक्ष का निर्माण किया है। इस निर्माण कार्य में भारत सरकार ने 18 करोड़ की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में दी है । योगदा सत्संग विद्यालय का नया भवन परिसर परमहंस योगानन्दजी द्वारा प्रतिपादित सि?द्धांत जैसे कि प्रकृति के निकट रहते हुए अध्ययन करने के विचार को ध्यान में रखते हुए प्राचीन गुरुकुल के आधार पर तैयार किया गया है।योगदा सत्संग पूरे भारत में लड़के व लड़कियों के लिए 17 शिक्षण संस्थान चलाती है। 2024 में योगदा भक्तों की सुविधा के लिये 17 साधना संगम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें राँची में आठ, नोएडा में चार, दक्षिणेश्वर (कोलकाता) में तीन, और महाराष्ट्र के इगतपुरी में दो होंगे।साधना संगम साधकों के आध्यात्मिक मार्ग को गति प्रदान करने तथा प्रविधियों की शुद्धता हेतु आयोजित किए जाते हैं। देश में योग के प्रसार तथा सुदृढ आध्यात्मिक वातावरण हेतु विभिन्न क्षेत्रों में 20 एक दिवसीय कार्यक्रम, 13 तीन दिवसीय कार्यक्रम, 5 दो दिवसीय कार्यक्रम तथा 3 रिट्रीट का आयोजन भी किया जाएगा।योगदा सत्संग मठ की ओर से बच्चों में बाल्यकाल से ही आध्यात्मिक अभिरुचि जागृत करने, मानवीय मूल्यों से युक्त करने, देश के प्रति सच्ची निष्ठा के साथ सुयोग्य नागरिकों के निर्माण करने हेतु प्रत्येक रविवार को अलग से चिल्ड्रन सत्संग एवं चिल्ड्रन समर कैंप की व्यवस्था भी की जाती है। उल्लेखनीय है रांची योगदा सत्संग का सबसे बड़ा केंद्र है और क्रियायोग एक्सप्रेस ट्रेन का नामकरण भी इसी को समर्पित है ।

## श्रीलंका में भारतीय लोगों के 200 साल पूरे होने पर डाक टिकट जारी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने श्रीलंका में विस्थापित भारतीय मूल के तमिलों द्वारा वर्षों तक किए गए संघर्षों को याद करते हुए कहा है कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत ने एक नई आशावादी और सकारात्मक यात्रा शुरू की। नड्डा ने कहा कि वर्ष 2017 में, नरेंद्र मोदी जाफना का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बने और उन्हें पक्के मकान देने का वादा किया, वादे को पूरा भी किया और तभी हमारे लोगों को श्रीलंका में सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर मिला। भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जेपी नड्डा ने श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों के 200 साल पूरे होने की स्मृति में डाक टिकट जारी करते हुए कहा कि यह बहुत बड़े ऐतिहासिक अवसर और खुशी की बात है कि आज, हम वर्ष 1823 को याद कर रहे हैं और इसे भारतीय मूल के तमिलों के डाक टिकट के साथ मना रहे हैं, जो 200 साल पहले श्रीलंका गए थे। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने अपने फायदे के लिए हमारे तमिल लोगों के श्रीलंका में प्रवास को प्रोत्साहित किया। इसने विस्थापित लोगों को वहां के खेतों में काम करवाकर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने के ब्रिटिशर्स के उद्देश्य को पूरा किया। लेकिन, विस्थापित भारतीय मूल के तमिलों ने वहां वर्षों तक संघर्ष किया।

### यूपी में लोकसभा चुनाव में धर्म, राजनीति का असर लोगों के सिर चढ़कर बोलेगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शायद देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां 2024 के लोकसभा चुनाव में धर्म और राजनीति का मिला जुला-असर लोगों के सिर चढ़कर बोलेगा। उत्तर प्रदेश नए साल में राम मंदिर के भव्य उद्घाटन के साथ प्रवेश करेगा। यह लोकसभा चुनाव के लिए बड़े पैमाने पर शुरू होने वाले चुनावी अभियान से पहले होगा, जिसका राजनीति पर प्रभाव पड़ना तय है। राम मंदिर भी बीजेपी का सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा, जो विपक्ष को जवाबी हमला करने का मौका नहीं देगा। 2024 का लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश के लिए एक मील का पत्थर है। प्रदेश लोकसभा में अधिकतम 80 सांसद भेजता है और केंद्र में सरकार बनाने में मदद करता है। जैसे-जैसे चुनावी सरगर्मियां तेज होंगी, मंदिर और लोकसभा चुनाव इस हद तक आपस में जुड़ जाएंगे कि एक-दूसरे को प्रभावित करेंगे। दोनों घटनाक्रम राज्य के लिए निर्णायक क्षण होंगी।

## नीतीश कुमार के 'पलटीमार' ट्रैक रिकॉर्ड की वजह से बीजेपी को अभी भी उम्मीदें

**एजेंसी। पटना**

लोकसभा चुनाव 2024 के लिहाज से बिहार एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिसके भी साथ जाएंगे, उसके लिए बिहार में जीत के दरवाजे खुल जाएंगे। वर्तमान में, वह इंडिया गठबंधन के साथ खड़े हैं। यही कारण है कि भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए 2024 के लोकसभा चुनाव तक आराम नहीं कर सकता है, क्योंकि इंडिया के नेताओं की केवल एक ही योजना है कि तीन राज्यों बिहार, पश्चिम बंगाल और झारखंड से एनडीए की 40 से 50 सीटें कम की जाएं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने पश्चिम बंगाल में 18, बिहार में 17 और झारखंड में 12 सीटें जीतीं। पश्चिम बंगाल में टीएमसी बीजेपी का पुरजोर विरोध कर रही है। झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली जेएमएम और कांग्रेस बीजेपी



से लड़ रही हैं। लेकिन, बिहार में नीतीश कुमार के 'पलटीमार' ट्रैक रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए बीजेपी को अभी भी उम्मीदें हैं। भाजपा को पता है कि अगर राजद नेता लालू प्रसाद यादव और नीतीश कुमार बिहार में एक साथ चुनाव लड़ते हैं, तो दलित, महादलित, मुस्लिम, ओबीसी और ईबीसी वोट बैंक का एक बड़ा हिस्सा उनके साथ चला जाएगा और वे आसानी से मुकाबला जीत लेंगे। भाजपा के पास केवल ऊंची जातियां और व्यापारी समुदाय के वोट होंगे और यह उसके लिए पर्याप्त नहीं होगा। अगर नीतीश कुमार बीजेपी के साथ जाते हैं, तो बड़ी संख्या में दलित, महादलित, मुस्लिम, ओबीसी और ईबीसी मतदाता एनडीए को वोट देंगे और भगवा ब्रिगेड के लिए बिहार में अपनी 17 सीटें बरकरार रखना आसान होगा। भाजपा को एहसास है कि अगर नीतीश कुमार और लालू प्रसाद बिहार में संयुक्त रूप से चुनाव लड़ते हैं, तो वे 2015 के विधानसभा चुनाव का अपना प्रदर्शन दोहराएंगे।

### नए साल पर जदयू पर पूरी तरह से ग्रहण लगा है : गिरिराज सिंह

पटना। जदयू में ललन सिंह को अध्यक्ष पद से हटाए जाने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पार्टी की कमान संभाल लेने के बाद शनिवार को केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि नए साल पर जदयू पर पूरी तरह से ग्रहण लगा हुआ है। उन्होंने नीतीश के भाजपा के साथ आने के संबंध में पूछे जाने पर एक गाने की पंक्ति 'मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है' कहते हुए कहा कि भाजपा के दरवाजे बंद हैं। पटना में शनिवार को पत्रकारों से चर्चा करते हुए जब उनसे पूछा गया कि भाजपा जदयू में बदलाव पर खुश है तो उन्होंने कहा कि हम न तो खुश होते हैं और न ही रोते हैं। भाजपा के साथ आने पर उन्होंने कहा कि हमारे यहां दरवाजा बंद है। राजद के विधायक फतेह बहादुर के देवी-देवता को लेकर दिए गए एक विवादास्पद बयान पर गिरिराज सिंह ने कहा कि चाहे राजद के नेता हों, विधायक हों, उत्तर प्रदेश के नेता हों, स्टालिन हों, सभी लोग सिर्फ हिंदू धर्म पर बोलते हैं, ये लोग 'कायर' हैं।

### मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू बोले 2027 तक पटरी पर आ जाएगी अर्थव्यवस्था

# 2032 तक सबसे समृद्ध राज्य होगा हिमाचल प्रदेश

**एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश में नकदी की कमी से जूझ रही कांग्रेस सरकार ने 2022-23 में अपनी विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए 12,912 करोड़ रुपये का ऋण लिया है और उसने 2032 तक इसे सबसे समृद्ध राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है। राजकोषीय समझदारी के लिए एक दीर्घकालिक रोडमैप का लक्ष्य रखते हुए, पहली बार मुख्यमंत्री बने सुखविंदर सुक्खू का मानना है कि सरकार मजबूत इरादों वाली है और उसके इरादे अच्छे हैं। सुक्खू ने कहा, हम 2027 तक अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने में सफल होंगे और 2032 तक हिमाचल प्रदेश को देश का सबसे समृद्ध राज्य बना देंगे। उनके मुताबिक, कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के एक साल में अर्थव्यवस्था में 20 फीसदी का सुधार हुआ है। सुक्खू ने कहा कि सरकारी विभागों में नौकरी के अवसर प्रदान करने के अलावा सरकार स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा दे रही है और स्टार्ट-अप संस्कृति को प्रोत्साहित कर रही है। सुक्खू ने कहा, विधानसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए वादों पर खरा उतरते हुए, सरकार ने युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपये की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के पहले चरण की



शुरूआत की है। जल्द ही इस योजना का दूसरा और तीसरा चरण भी शुरू किया जाएगा, जिसका उद्देश्य अधिक स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। योजना के पहले चरण के तहत सरकार युवाओं को ई-टैक्सी खरीदने पर 50 फीसदी सब्सिडी भी दे रही है और उन्हें एक निश्चित आय भी सुनिश्चित की जाएगी। पिछले सप्ताह 2022-23 के वित्त खातों पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में बताया गया कि राज्य ने 2022-23 में अपनी विकास जरूरतों को पूरा करने के लिए 12,912 करोड़ रुपये का ऋण उठाया। हालाँकि, 31 मार्च 2023 तक राज्य पर कुल कर्ज का बोझ 81,045 करोड़ रुपये है। लेकिन, राजस्व घाटा, जो 2021-22 में 7,962 करोड़ रुपये था, 2022-23 में मामूली कम होकर 6,335 करोड़ रुपये हो गया। सुक्खू का कहना है कि सरकार सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रही है और एक निश्चित आय का वादा करते हुए 25 वर्षों तक उनसे बिजली खरीदेगी। एक कदम आगे बढ़ते हुए, मुख्यमंत्री ने इस महीने ऊना जिले के पेखुबेला में हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े 32 मेगावाट के सौर संयंत्र की आधारशिला रखी, जिसे फरवरी 2024 तक पूरा करने की समय सीमा तय की गई। इससे सालाना 661 लाख यूनिट बिजली पैदा होगी। राज्य के नवीकरणीय ऊर्जा के प्रमुख स्रोतों में लघु और सूक्ष्म जलविद्युत संयंत्र, सौर, बायोमास और पवन ऊर्जा शामिल हैं। हाल ही में, जल विद्युत की तुलना में संशोधित नीति के साथ सौर और पवन ऊर्जा हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था पनबिजली, उच्च मूल्य वाले बागवानी और सब्जी उत्पादों तथा पर्यटन पर अत्यधिक निर्भर है। हालाँकि, दशकों से जलवायु परिवर्तन और अस्थिर विकास अर्थव्यवस्था के लिए चुनौतियाँ पैदा कर रहे हैं। किसानों के लिए, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने उनकी आर्थिक समृद्धि के लिए आगामी बजट (मार्च 2024 में) में एक योजना का आश्वासन दिया। इससे प्राकृतिक खेती पर आधारित एक निश्चित आय मिलेगी। पर्यटन के क्षेत्र में, मुख्यमंत्री सुक्खू का कहना है कि सरकार अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ठहरने में आसानी, यात्रा के लिए सुरक्षित वातावरण और अन्य अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रही है।

### सीएम विष्णु देव साय 'मोदी की गारंटी' को लागू करने में दिखा रहे तेजी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद सीएम विष्णुदेव साय के पास विधानसभा चुनाव के दौरान राज्य की जनता को दिए गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वादों को पूरी तरह से पूरा करने का मौका है। विष्णुदेव साय और दो उपमुख्यमंत्रियों के अलावा राज्य मंत्रिमंडल में नौ मंत्री हैं। राज्य सरकार अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए सक्रियता से प्रयास में जुटी है। विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री रहने के बाद साय अब मुख्यमंत्री हैं। नई जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने पीएम मोदी की दी गई गारंटी को लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सबसे पहले उन्होंने 18 लाख बेघर लोगों को घर मुहैया कराने का बड़ा कदम उठाया। साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा गया और दो साल का लंबित बोनस का भुगतान किया गया। गरीबों को पांच साल तक मुफ्त चावल देने की भी घोषणा की है। साय का कहना है कि 18 लाख लोगों को घर दिए गए हैं, किसानों को दो साल का बोनस दिया गया है।

## अभियान चलाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है: जिलाधिकारी




**एजेंसी। जौनपुर**

जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की समस्त योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा बिंदुवार की गई। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत भुगतान तथा नसबंदी कार्यक्रम की कम प्रगति पर जिलाधिकारी ने रोष व्यक्त किया तथा सभी अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह माह में 5 पुरुष एवं 200 महिला नसबंदी अवश्य कराएं। इस कार्य हेतु ग्राम की आशा को लक्ष्य निर्धारित कर दें। केराकत ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्र बेहड़ा, को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट प्राप्त होने पर वहां तैनात सीएचओ एवं एएनएम को जिलाधिकारी ने प्रशस्ति पत्र दिया, इसके साथ ही टेली कंसल्टेशन में अच्छा कार्य करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकरारा के अधीक्षक डॉक्टर शशिकांत पटेल तथा दो सी एचओ , सिरकोनी ब्लाक के अंतर्गत कुद्दूपुर तथा मछलीशहर ब्लॉक के लासा उप केंद्र को पुरस्कृत किया। जौनपुर शहरी क्षेत्र में दिनांक 26 दिसंबर 2023 से 10 जनवरी 2024 तक विशेष अभियान चलाकर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जा रहा है।

# कुश्ती गतिविधियों को फिर से शुरू करे खेल मंत्रालय : बजरंग पुनिया

## कुश्ती ने पिछले चार ओलंपिक में लगातार चार पदक दिलाए



एजेंसी

**नई दिल्ली:** ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पुनिया का मानना है कि खेल मंत्रालय को आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए सात महीने शेष रहते हुए देश में कुश्ती गतिविधियों को फिर से शुरू करना चाहिए। पुनिया ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह के सहयोगी संजय सिंह के अध्यक्ष विजेता पैनल को मंत्रालय द्वारा निलंबित किए जाने के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ और खेल मंत्रालय के बीच चल रहे मतभेद पर चिंता व्यक्त की। बजरंग पुनिया ने एक्स, पहले ट्विटर, पर लिखा, कुश्ती का काम पिछले कई महीनों से ठप पड़ा हुआ है। खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए न तो कोई नेशनल आयोजित किया गया है और न ही कोई कैंप लगाया गया है। 7 महीने बाद ओलंपिक खेल हैं लेकिन ओलंपिक को लेकर कोई भी गंभीर नहीं दिख रहा है जबकि कुश्ती ने पिछले चार ओलंपिक में लगातार चार पदक दिलाए हैं। "पुनिया, जिन्होंने बृजभूषण के वफादार संजय सिंह के चुनाव के विरोध में अपना पद्मश्री लौटाने का फैसला किया था, ने आगे कहा कि ओलंपिक की तैयारी पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। 65 किग्रा फ्रीस्टाइल टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पुनिया ने मंत्रालय को खिलाड़ियों के भविष्य पर ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, खेल मंत्रालय से अनुरोध है कि कुश्ती की सभी गतिविधियां जल्द से जल्द शुरू की जाएं ताकि खिलाड़ियों का भविष्य बचाया जा सके। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के लिए नवनियुक्त तदर्थ समिति ने शुक्रवार को डब्ल्यूएफआई कार्यालय को पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद (सांसद) बृज भूषण शरण सिंह के आवास से बाहर स्थानांतरित कर दिया।

## 7 महीने बाद ओलंपिक खेल हैं लेकिन कोई गंभीर नहीं दिख रहा

# मेडल लौटाने पीएमओ जा रहीं विनेश फोगाट को पुलिस ने रोका

**नई दिल्ली।** कुश्ती की दुनिया में जारी 'दंगल' थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेसलर बजरंग पूनिया के बाद आज महिला पहलवान विनेश फोगाट ने भी अपना सम्मान वापस कर दिया है। जब वह दौर से गुजर रही हैं.22 दिसंबर को बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री अवॉर्ड लौटा दिया था। बजरंग पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी भी लिखी थी। उन्होंने कहा था कि मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी





सम्मान वापस करने पीएम ओ जा रही थीं, इसी दौरान पुलिस ने विनेश को कर्तव्यपथ पर रोक लिया। लिहाजा विनेश ने अपना अर्जुन अवॉर्ड पुरस्कार कर्तव्य पथ बैरिकेड्स पर छोड़ दिया। विनेश से पहले बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री अवॉर्ड वापस कर दिया था.अवॉर्ड वापस करने से पहले विनेश फोगाट ने कहा कि यह दिन किसी खिलाड़ी के जीवन में न आए. देश की महिला पहलवान सबसे बुरे को वापस लौटा रहा हूं. कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। यही मेरी स्टेटमेंट है। बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री साक्षी मलिक के संन्यास के ऐलान के बाद लौटाया था। दरअसल, रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के चुनाव में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह 'बबलू' ने जीत हासिल की थी। इसे लेकर विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक समेत कई रेसलर नाराज हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पूरे किये 650 विकेट



**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 650 विकेट पूरे कर लिए हैं। 33 वर्षीय स्टार्क ने प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच दूसरे टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। पहली पारी में कोई विकेट नहीं मिलने के बाद, स्टार्क ने दूसरी पारी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 13.2 ओवरों में 4.10 की इकॉनमी रेट से 55 रन देकर 4 विकेट लिए, जिससे 317 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम लक्ष्य से 79 रन दूर रह गई।263 अंतरराष्ट्रीय मैचों में, स्टार्क ने 25.35 की औसत से 651 विकेट लिए हैं, जिसमें 6/28 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके नाम 23 बार पांच विकेट और दो बार दस विकेट लेने का कारनामा दर्ज है। वह ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिसमें शीर्ष पर महान स्पिनर शेन वार्न (1,001) हैं। 84 टेस्ट मैचों में, स्टार्क ने 27.53 की औसत से 342 विकेट लिए हैं, जिसमें 6/50 का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनके नाम टेस्ट में 14 बार पांच विकेट और दो बार दस विकेट लेने का कारनामा है। वह टेस्ट में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिसमें वॉर्न (708 विकेट) शीर्ष पर हैं।स्टार्क ने 121 वनडे मैच भी खेले हैं, जिसमें उन्होंने 22.96 की औसत से 236 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 6/28 है। वनडे में उनके नाम नौ बार पांच विकेट लेने का कारनामा है।

## जिम्बाब्वे श्रृंखला के लिए श्रीलंका की प्रारंभिक टीम घोषित, कुसल वनडे, हसरंगा टी20 के कप्तान



**कोलंबो।** श्रीलंका ने शनिवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए प्रारंभिक टीमों की घोषणा की, जिसमें बल्लेबाज कुसल मेंडिस एकदिवसीय टीम का नेतृत्व करेंगे और ऑलराउंडर वानिंदु हसरंगा टी20 टीम की कमान संभालेंगे। बल्लेबाज चरिथ असलांका को दोनों प्रारूपों में उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के एक बयान में कहा गया, श्रीलंका क्रिकेट ने जिम्बाब्वे दौरे पर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रारंभिक टीमों की घोषणा की है। वनडे और टी20 दोनों टीमों के लिए अंतिम टीमों का चयन प्रारंभिक टीमों में से किया जाएगा।तीन मैचों की वनडे सीरीज 6-11 जनवरी तक होगी, जबकि तीन मैचों की टी20 सीरीज 14-18 जनवरी तक होनी है। **प्रारंभिक एकदिवसीय टीम:** कुसल मेंडिस (कप्तान), चरिथ असलांका (उप-कप्तान), पथुम निसांका, अविष्का फर्नांडो, सदीरा समाराविक्रमा, सहान अराचिगे, नुवानिदु फर्नांडो, दासुन शनाका, कामिंदु मेंडिस, चमिका करुणारत्ने, जेनिथ लियानगे, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दिलशान मदुशंका, दुशमंथा चमीरा, डुनिथ वेलालेज, प्रमोद मदुशन, असिथा फर्नांडो, अकिला धनंजय, जेफरी वेंडरसे, चमिका गुनसेकरा। **प्रारंभिक टी20 टीम:** वानिंदु हसरंगा (कप्तान), चरिथ असलांका (उप-कप्तान), पथुम निसानाका, कुसल मेंडिस, सदीरा समरविक्रमा, दासुन शनाका, एंजेलो मैथ्यूज, धनंजय डी सिल्वा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, दिलशान मदुशंका, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, प्रमोद मदुशन, मथीशा पथिराना।

## पहले ही मैच में यूपी योद्धाज जीते, बेंगलुरू बुल्स को 1 अंक से हराया

**नोएडा।** शहीद विजय सिंह पथिक इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 10वें सीजन के नोएडा चरण के दूसरे मैच में मेजबान यूपी योद्धाज का सामना बेंगलुरू बुल्स से हुआ। जिसे मेजबान टीम ने 34-33 के अंतर से जीत लिया। बुल्स ने सुशील (8 अंक) की बदौलत अंतिम पलों में जोरदार वापसी की लेकिन वह एक अंक से अपनी हार नहीं बचा सकी। इस मैच में यूपी के लिए परदीप नरवाल ने सुपर-10 लगाया जबकि सुरेंदर गिल ने सात अंक कमाए। बुल्स ने रेडिंग ( 21 अंक) में बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन दो बार आलआउट होना इसे भारी पड़ गया। बुल्स की ओर से सुशील के अलावा भरत ने भी 8 अंक जुटाए। सीजन की तीसरी जीत ने यूपी को 8वें स्थान पर पहुंचा दिया है। बुल्स को 9 मैचों में छठी हार मिली है। मैच की दूसरी रेड पर परदीप लपके गए और फिर भरत ने यूपी के डिफेंस को गच्चा देकर अपनी टीम को 3-1 की लीड दिला दी लेकिन डिफेंस की गलती के कारण गिल दो अंक लेकर गए।

# सभी विकल्पों पर किया जाएगा विचार : एंड्रयू

एजेंसी

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड्स ने कहा कि वे यह तय करने के लिए सभी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं कि टेस्ट टीम में सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर का विकल्प कौन होगा, क्योंकि वार्नर 3 जनवरी से सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया के तीसरे टेस्ट मैच के बाद टेस्ट से संन्यास ले लेंगे। वॉर्नर के बाद ऑस्ट्रेलिया के पास अपने अगले टेस्ट असाइनमेंट के लिए एक नया टेस्ट ओपनर होगा, जो वेस्टइंडीज के खिलाफ एक घरेलू श्रृंखला के साथ यह जिम्मेदारी संभालेगा। वार्नर की रिप्लेसमेंट के तौर पर मार्कस हैरिस, कैमरून बैनक्रॉफ्ट और मैट रेनशॉ शामिल हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने मैकडोनाल्ड्स के हवाले से कहा, सभी विकल्पों पर विचार किया जाएगा। जैसा कि मैंने पहले भी कहा हम वेस्टइंडीज सीरीज के दौरान यह निर्णय लेंगे। हर कोई विकल्पों के बारे में अच्छी तरह से जानता है। मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो एक बार आप जानते हैं कि आप कब निर्णय लेने जा रहे हैं, आप इसे उसी समय लेते हैं। वार्नर ने पहले बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान हैरिस को अपने भावी उत्तराधिकारी के रूप में समर्थन दिया था, लेकिन मैकडोनाल्ड्स ने कहा कि यह अभी भी विचाराधीन है। मुझे वह समय याद है जब मुझे लगता है कि डेवी ने मैट रेनशॉ का समर्थन किया था, इसलिए मुझे लगता है कि अगला ओपनर शायद बैनक्रॉफ्ट और फिर कैमरून ग्रीन होगा और उसके पास सभी आधार होंगे।



## दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हुए तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी

**नई दिल्ली,** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी भारत के खिलाफ 3 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने एक बयान में कहा कि 23 साल के कोएट्जी को पेल्विक में परेशानी महसूस हुई, जो मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी करते समय और भी खराब हो गई। शुक्रवार को उनका स्कैन कराया गया। जिसमें चोट की गंभीरता का पता चला। बयान में कहा गया है कि मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने एहतियात के तौर पर कोएट्जी को टीम से बाहर करने का विकल्प चुना है, टीम में उनके स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी का नाम नहीं रखा गया है। कैगिसो रबाडा, मार्को जानसन और नांद्रे बर्गर के अलावा, दक्षिण अफ्रीका के पास लुंगी एनगिडी और वियान मुल्डर के रूप में अन्य तेज गेंदबाजी विकल्प हैं। कोएट्जी ने पहले टेस्ट में 19 रन बनाने के अलावा केवल 1 विकेट लिया था।

# मुझे हमेशा ऑस्ट्रेलिया में खेलना पसंद है : एंडी मरे

एजेंसी

**ब्रिस्बेन।** पूर्व ब्रिस्बेन अंतर्राष्ट्रीय चैंपियन एंडी मरे और कैरोलिना प्लिस्कोवा शनिवार को क्वींसलैंड टेनिस सेंटर में आधिकारिक टूर्नामेंट ड्रा के लिए मौजूद थे। ब्रिस्बेन में दो बार के चैंपियन मरे और तीन बार की विजेता प्लिस्कोवा के साथ उभरते ऑस्ट्रेलियाई स्टार और गोल्ड कोस्ट के स्थानीय खिलाड़ी किम्बर्ली बिरेल भी शामिल हुए। मरे ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में वापस आकर रोमांचित हैं, जहां उन्होंने 2012 और 2013 का खिताब जीता था। उन्होंने कहा, मुझे ऑस्ट्रेलिया में खेलना हमेशा पसंद है और ब्रिस्बेन में साल की शुरूआत करना मेरे लिए बहुत अच्छा रहा है।मुझे लगता है कि 2018 आखिरी बार था जब मैं यहां था, इसलिए वापस आना अच्छा है। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन उस समय कम प्रभावित हुए जब 32-खिलाड़ियों के ड्रा में उनका अंतिम नाम रखा गया, जिससे उन्हें दूसरे वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव के खिलाफ खड़ा होना पड़ा। यह ब्रिस्बेन इंटरनेशनल 2013 फाइनल का रीमैच स्थापित करता है। एक अन्य पूर्व विश्व नंबर 1, राफेल नडाल, शुरूआती दौर में क्वालीफायर से भिड़ेंगे, जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त होल्गर रूण ऑस्ट्रेलियाई मैक्स परसेल से भिड़ेंगे। महिला एकल ड्रा को इस वर्ष बढ़ाकर 48 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो पिछले संस्करणों की तुलना में 30 की उल्लेखनीय वृद्धि है। 16 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों, जिनमें विश्व नंबर 2 आर्यना सबालेंका और विश्व नंबर 4 एलेना रिबाकिना शामिल हैं।



## हॉकी इंडिया ने एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर के लिए घोषित की 18 सदस्यीय भारतीय महिला टीम



**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को 13 से 19 जनवरी तक रांची में होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के लिए 18 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टीम प्रतियोगिता में शीर्ष तीन टीमों में से एक बनने और पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए योग्यता हासिल करने के लक्ष्य के साथ रांची में मैदान में उतरेगी।भारत को पूल बी में न्यूजीलैंड, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ रखा गया है। इस बीच, जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य पूल ए में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारत 13 जनवरी को संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा, इसके बाद 14 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच होगा और फिर 16 जनवरी को आखिरी पूल बी मैच में इटली से मुकाबला होगा। टीम चयन पर भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने कहा, एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 हमारी पेरिस 2024 ओलंपिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है।

## 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल बालिका वर्ग अंडर 17 के विजेता खिलाड़ियों का स्वागत



**रांची।** 67वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल बालिका वर्ग फुटबॉल अंडर 17 के विजेता खिलाड़ियों को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के कार्यालय में स्वागत एवं सम्मानित किया गया। ज्ञात हो अंडर 17 बालिका वर्ग ने हरियाणा को 3-0 से हराकर विजेता ट्रॉफी हासिल की थी। इस अवसर पर झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी बादल राज, शारिरिक शिक्षा एवम खेल कूद कोषांग के प्रवीण कुमार, प्रभात रंजन तिवारी, शशांक भूषण सिंह, शंकर पाल, श्रीजय कुमार, कोच बिंदु कुजूर एवम परियोजना के अधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यापार

# छठे हफ्ते भी बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार अब खजाने में 620.44 अरब डॉलर

## दिसंबर के अंतिम सप्ताह में 4.47 अरब डॉलर की हुई बढ़त



एजेंसी

**नई दिल्ली।** लगातार छठे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा दर्ज हुआ है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 22 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इससे पिछले हफ्ते देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 9.112 अरब डॉलर बढ़कर 615.971 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक 22 दिसंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.471 अरब डॉलर बढ़कर 620.441 अरब डॉलर रहा है। यह किसी एक हफ्ते में हुई सर्वाधिक वृद्धि है। आरबीआई के मुताबिक इस साल विदेशी मुद्रा भंडार में 57.634 अरब डॉलर की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.898 अरब डॉलर बढ़कर 549.747 अरब डॉलर हो गई। हालांकि, स्वर्ण भंडार का मूल्य 10.7 करोड़ डॉलर घटकर 47.474 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) मात्र 40 लाख डॉलर बढ़कर 18.327 अरब डॉलर रहा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 12.9 करोड़ डॉलर घटकर 4.894 अरब डॉलर रह गया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार उछलकर 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इस तरह 620 अरब डॉलर के मौजूदा स्तर पर विदेशी मुद्रा भंडार अपने शिखर से केवल 25 अरब डॉलर दूर रह गया है।

## एसबीआई समेत तीन बैंक, सबसे सुरक्षित

**नयी दिल्ली :** भारतीय रिजर्व बैंक ने बताया कि एसबीआई समेत देश के तीन बैंक सबसे ज्यादा फाइनेंशियल स्टेबिलिस हैं। इसमें ग्राहकों का पैसा सबसे ज्यादा सुरक्षित है और ये कभी डूब नहीं सकते हैं। रिजर्व बैंक ने बड़ी जानकारी दी है, जिसके मुताबिक एसबीआई समेत देश के तीन बैंकों में पैसा सबसे ज्यादा सुरक्षित है। भरोसा है कि ये तीन ऐसे बैंक हैं, जो कभी डूब नहीं सकते।

केंद्रीय बैंक ने जानकारी दी है कि आईसीआईसीआई बैंक पिछले साल की तरह ही इस साल भी अच्छे बैंक बनकर उभरा है। अचछे बैंकों की सूची में एचडीएफसी भी शामिल हैं। इनकी वित्तीय स्थिति सभी बैंकों से बेहतर ही नहीं, बल्कि काफी मजबूत है। ऐसे में ये बैंक कभी डूबने की स्थिति में नहीं आ सकते हैं। एसबीआई कैटेगरी तीन से चार में और एचडीएफसी बैंक एक से 2 में चला गया है।

# एक उपभोक्ता ने ब्लिंकिट से 9,940 कंडोम के किए ऑर्डर




एजेंसी

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के एक उपभोक्ता ने 2023 में जोमैटो के स्वामित्व वाले त्वरित डिलीवरी प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट से 9,940 कंडोम का ऑर्डर दिया। ब्लिंकिट ट्रेंड्स 2023' के अनुसार, जहां गुरुग्राम ने 2023 में 65,973 लाइटर का ऑर्डर दिया, वहीं शहर ने इस साल शीतल पेय से अधिक टॉनिक वॉटर (काबोर्नेटेड पेय) का ऑर्डर दिया। कंपनी के अनुसार, इस साल लगभग 30,02,080पार्टी स्मार्ट टैबलेट (शराब पीने के बाद सुबह होने वाले हैंगओवर से बचने के लिए) वितरित की गईं। बेंगलुरु से किसी ने 1,59,900 रुपये का आईफोन 15 प्रो मैक्स, लेज का एक पैकेट और छह केले का ऑर्डर दिया। आधी रात के बाद लगभग 3,20,04,725 मैगी पैकेट वितरित किए गए। एक उपभोक्ता ने एक ऑर्डर में 101 लीटर मिनरल वाटर खरीदा था।

## टोनी नादर ने 134 देशों से आए प्रतिनिधियों के सम्मेलन का किया उद्घाटन

**हैदराबाद ।** 134 देशों के 10,125 प्रतिनिधियों की उपस्थिति और श्री कांची कामकोटिपीठम (श्री कांची मठ, तमिलनाडु) के परमपावन श्री शंकर विजयेंद्र सरस्वती शंकराचार्य स्वामी के आशीर्वाद से, डॉ. टोनी नादर, एमडी, पीएचडी, ने औपचारिक रूप से विश्व शांति के लिए आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन किया, जो अगले साल 13 जनवरी तक चलेगी। हैदराबाद के बाहर कान्हा शांति वनम के मुख्य हॉल में विशाल सभा को संबोधित करते हुए डॉ. नादर ने कहा, आप सभी को बधाई! आप अभी-अभी आए हैं, लेकिन पहले से ही इतिहास बना रहे हैं। इससे पहले कभी भी चेतना की तकनीकों के इतने सारे विशेषज्ञ (10,175) एक ही स्थान पर और इतने सारे देशों से एकत्र नहीं हुए थे। यह सिर्फ इतिहास नहीं है, जो आप यहां बना रहे हैं, यह भविष्य भी है। साथ मिलकर, हम अपनी दुनिया के लिए एक उज्जवल कल का प्रदर्शन करेंगे।

## 2023 में वॉल स्ट्रीट रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा

**न्यूयॉर्क।** वॉल स्ट्रीट 2023 में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। एक साल में निवेशकों को डर था कि ब्याज दरें बढ़ने से अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई। हालांकि, एक लचीला नौकरी बाजार, मजबूत उपभोक्ता खर्च और मुद्रास्फीति में नरमी ने निवेशकों का विश्वास ऊंचा रखा, इससे सभी तीन सूचकांकों को दोहरे अंकों में बढ़त हासिल करने में मदद मिली। एसएंडपी 500, अमेरिकी शेयर बाजार का सबसे बड़ा पैमाना शुक्रवार को 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ, इससे यह रिकॉर्ड-उच्च समापन से केवल 30 अंक दूर रह गया, इस साल इसमें 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे 2023 धमाके के साथ समाप्त हुआ। इसने लगातार नौवीं साप्ताहिक बढ़त दर्ज की, जो जनवरी 2004 के बाद सबसे लंबी अवधि है। यह साल पिछले साल की तुलना में बाजार के लिए बहुत अच्छा रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में बेंचमार्क इंडेक्स लगभग 20 प्रतिशत गिर गया।

# कंटेंट मॉडरेशन कानून से बच नहीं सकता एक्स




एजेंसी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका में जज ने फैसला सुनाया है कि एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स कैलिफोर्निया के कानून से बच नहीं सकता है जो सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को हानिकारक और गलत सूचना को नियंत्रित करने की अपनी योजनाओं का खुलासा करने के लिए कहता है। अमेरिकी जिला न्यायाधीश विलियम शुब ने कानून के प्रारंभिक निषेधाज्ञा के लिए एक्स के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया है।शुब ने कहा, रिपोर्टिंग आवश्यकता सोशल मीडिया कंपनियों पर पर्याप्त अनुपालन बोझ डालती प्रतीत होती है। एबी 587 कानून के तहत बड़ी सोशल मीडिया कंपनियों को यह विवरण साझा करने की आवश्यकता है कि वे नफरत भरे भाषण या नस्लवाद, उग्रवाद या कट्टरपंथ, दुष्प्रचार, उत्पीड़न और विदेशी राजनीतिक हस्तक्षेप वाले कंटेंट को कैसे नियंत्रित करते हैं। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, सितंबर में दायर एक शिकायत में, एक्स ने तर्क दिया कि कानून अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रथम संशोधन के अधिकार का उल्लंघन करता है। कंपनी ने कहा कि नफरत फैलाने वाले भाषण, गलत सूचना और राजनीतिक हस्तक्षेप को विश्वसनीय रूप से परिभाषित करना मुश्किल है। एक्स ने यह भी आरोप लगाया कि एबी 587 सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को कुछ संवैधानिक रूप से संरक्षित कंटेंट को 'खत्म' करने के लिए मजबूर करेगा। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसोम ने पिछले साल एक कानून पर हस्ताक्षर किए थे, जिसका उद्देश्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर नफरत भरे भाषण, उग्रवाद, उत्पीड़न और अन्य आपत्तिजनक व्यवहारों की निगरानी करना था।

# 250 निवेश वाली स्कीम की बेटियों के लिए है बेस्ट



**नयी दिल्ली:** अकसर देखा गया है कि पैरेंट्स को बिटिया के जन्म के साथ ही पढ़ाई और शादी के खर्चे की टेंशन होने लगती है। जो स्मार्ट होते हैं वो अपने फ्यूचर प्लानिंग के हिसाब से सुकन्या समृद्धि योजना में निवेश शुरू कर देते हैं। इस निवेश के जरिए बिटिया की शादी के वक्त मोटी रकम का इंतजाम किया जा सकता है। अब इस स्कीम पर सरकार ने ब्याज दर भी बढ़ा दी है। आइए स्कीम की डिटेल जान लेते हैं। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत पैरेंट्स अपनी 2 बेटियों के अकाउंट खोल सकते हैं। इसमें शर्त ये है कि बेटी ने अकाउंट खोलने की तिथि तक 10 वर्ष की उम्र पूरी नहीं की हो। यह अकाउंट बेटी के जन्म प्रमाणपत्र और पैरेंट के केवाईसी के साथ आसानी से खोला जा सकता है। एक बालिका के लिए केवल एक अकाउंट और एक परिवार में अधिकतम 2 बालिकाओं के अकाउंट खोले जा सकते हैं। बेटी के सुकन्या अकाउंट में पैरेंट एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 250 रुपये और अधिकतम 1,50,000 रुपये का निवेश कर सकते हैं। वैसे तो पहले केंद्र सरकार ब्याज दर 8 फीसदी का देती थी लेकिन अब इसे बढ़ा दिया गया है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के लिए सुकन्या समृद्धि योजना पर ब्याज दर 0.20 प्रतिशत बढ़ाया है। अब नई ब्याज दर 8.2 प्रतिशत कर दी गई है।

# 2023 में एफपीआई ने 1.71 लाख करोड़ का निवेश किया




**नईदिल्ली ।**जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके. विजय कुमार का कहना है कि दिसंबर में प्रवाह में तेज बढ़ोतरी के कारण वर्ष 2023 में एफपीआई द्वारा भारी निवेश देखा गया है। उन्होंने कहा, "एफपीआई प्रवाह, जो पिछले 3 महीनों में निगेटिव था। दिसंबर में 66,134 करोड़ रुपये की कुल खरीद के साथ तेजी से पॉजिटिव हो गया है। इस आंकड़े में स्टॉक एक्सचेंजों के जरिए खरीदारी और प्राथमिक बाजार में निवेश शामिल है। 2023 में कुल एफपीआई प्रवाह 1,71,106 करोड़ रुपये है।" अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में लगातार गिरावट के कारण एफपीआई की रणनीति में अचानक बदलाव आया है। दिसंबर में एफपीआई वित्तीय सेवाओं में बड़े खरीदार थे, जो दिसंबर में इस खंड के लचीलेपन को बताता है। एफपीआई ने ऑटो, पूंजीगत सामान और दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में भी खरीदारी की। उन्होंने कहा, 2024 में अमेरिकी ब्याज दरों में और गिरावट देखने की उम्मीद है। इसलिए एफपीआई द्वारा 2024 में भी अपनी खरीदारी बढ़ाने की संभावना है, खासकर आम चुनावों से पहले 2024 के शुरूआती महीनों में।

## एक नजर

### समाजसेवी ने रणपुरा चौहान चौक के पास की अलाव की व्यवस्था

**चिनिया।** इन दिनों प्रखंड क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ठंड और शरीर को हिला देने वाली कनकनी से लोग काफी परेशान हैं। ज्यादातर लोग ठंड की वजह से अपने घरों में ही दुबके नजर आ रहे हैं, जबकि इलाके में दो दिनों से गहरा कोहरा भी पड़ रहा है, जिसका असर यातायात पर भी सीधा पड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। वहीं ठंड को देखते हुए रणपुरा चौहान चौक के पास युवा समाजसेवी वीरेंद्र सिंह ने अपने निजी खर्चे से अलाव की व्यवस्था की है। वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त स्थल पर यात्री एवं आम ग्रामीणों का ठहराव ज्यादा रहता है। कड़ाके की ठंड में लोग ठिठुरते हुए साफ तौर पर देखे जा रहे हैं। इसको देखते हुए हमने उक्त स्थल पर अलाव की व्यवस्था की है ताकि लोग कुछ हद तक राहत की सांस ले सके। मौके पर प्रदीप ड्राइवर, फागू राम, रमेश प्रसाद साह, आदित साह, बब्लू यादव, सोनू साह, विश्वनाथ विश्वकर्मा, बलराम सिंह, कृष्णा सिंह आदि मौजूद थे।

### 63 केवीए के ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घघाटन

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत भवनाथपुर बस्ती में लगे 63 केवीए के ट्रांसफार्मर का उद्घघाटन क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही की उपस्थिति में गांव के ही वयोवृद्ध देवेंद्र सिंह ने किया। मौके पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। भवनाथपुर बस्ती ग्रामीण पिछले कई माह से लो वोल्टेज की समस्या से गपरेशान थे। उनकी समस्या को देखते हुए तत्काल पैंसठ केवीए के ट्रांसफार्मर की अनुशंसा किया। इस गांव में अधिकतर किसान रहते हैं और अब नया ट्रांसफार्मर लग जाने से किसानों को सिंचाई करने में दिक्कतों का सामना नही करना पड़ेगा। इस मौके पर अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, चंदन ठाकुर, नीलू सिंह, रविकांत सिंह, धीरेन्द्र सिंह, माधव राम, घूरन राम, लालबिहारी राम आदि मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन

**भवनाथपुर।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अरसली(दक्षिणी) के दुर्गा मंदिर प्रांगन बनखेता मे केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन पंचायत की मुखिया अनिता देवी की अध्यक्षता में किया गया। इसमें पंचायत समिति सदस्य शकील अहमद, पंचायत सचिव राजगीर कुमार, कनीय अभियंता श्यामकुमार चौधरी, राकेश कुमार, रोजगार सेवक धर्मराज कुमार, लाला राम, सुनील साह, उपेंद्र यादव, दिनेश ठाकुर, दयानंद यादव, लालबिहारी यादव, सुनील यादव, कविता देवी, अनुज यादव, महेंदर यादव, आनंद शर्मा, बशीर अंसारी, रीता देवी, संगीता देवी, उदय सिंह, ताहिर अंसारी आदि उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित मेडिकल टीम के द्वारा लोगों की स्वास्थ जांच कर उन्हें दवा उपलब्ध कराया गया तथा घरेलू रसोई गैस कनेक्शन हेतु प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत लोगों के आवेदन लिए गये। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ग्रामीण शौचालय योजना, कुमुम योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड योजना, कृषि सिंचाई योजना, सोलर रूफ्टॉप योजना, आवास इत्यादि योजनाओं के बारे मे लोगों को बताया गया।

### प्रदर्शन में हजारों की संख्या मे महिलायें व पुरुष शामिल, जुलूस निकाल की नारेबाजी

# महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर महाधरना



**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय गेट के समक्ष राजा मेदिनीराय की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर शनिवार को हजारों की संख्या मे महिला और पुरुषों ने महाधरना दिया। इससे पूर्व शहर में जुलूस निकालकर लोगों ने नारेबाजी भी की। बताते चलें कि संविधान बचाओ मोर्चा के विभिन्न घटक संगठनों के द्वारा कचहरी समाहरणालय परिसर में महाराजा मेदिनीराय व शहीद नीलाम्बर-पीताम्बर की प्रतिमा स्थापित करने को लेकर 19 दिनों से धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है। शनिवार को सामाजिक न्याय परिषद्, पिछड़ा वर्ग महासभा, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा, भीम आर्मी, जन संग्राम मोर्चा, हुल झारखंड, क्रांति दल, झारखंड क्रांति मंच, मूल निवासी संघ और अखिल भारतीय किसान महासभा के संयुक्त तत्वावधान में विशाल जुलूस निकाला गया। वक्ताओं ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से समाहरणालय परिसर में महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की जा रही है। इसके बाद भी जिला प्रशासन द्वारा सिर्फ टाल मटोल किया जा रहा है। संविधान बचाओ मोर्चा ने भगवान बिरसा मुण्डा की 148वीं जयंती व झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 15 नवम्बर को तीनों महापुरुषों की प्रतिमा कचहरी परिसर में लगायी थी। जिसे मेदिनीनगर सदर अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा 25 नवम्बर की रात्रि में जेसीबी मशीन से हटवाया दिया गया। इससे पलामू के नागरिकों में भारी रोष व्याप्त है। इसे लेकर मोर्चा द्वारा अनिश्चितकालीन धरना 12 दिसम्बर से जिला परिषद कार्यालय के समक्ष दिया जा रहा है। अभी तक जिला प्रशासन के किसी अधिकारी ने वार्ता करना भी मुनासिब नहीं समझा। इससे मूल निवासी समाज में आक्रोश बढ़ रहा है। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि 20 जनवरी तक तीनों महापुरुषों की प्रतिमा समाहरणालय परिसर स्थित पार्क में स्थापित नहीं की गयी तो मोर्चा प्रतिमा लगाने के लिए स्वतंत्र होगा।

### केतार में भाजयुमो की हुई बैठक, रविंद्र बने अध्यक्ष



केतार। लोहिया समता उच्च विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता उपाध्यक्ष गौतम पाल ने की। बैठक में पार्टी को सशक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने को कहा गया। वहीं केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक तक पहुंचाने पर बल दिया गया, जबकि आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में अभी से ही लगने और बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का निर्देश कार्यकर्ताओं को दिया गया। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से रविंद्र सोनी को भाजयुमो का अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित भाजयुमो अध्यक्ष रविंद्र सोनी ने कहा कि पार्टी द्वारा जो जिम्मेवारी सौंपी गई है उसे बखूबी निभाऊंगा। इसके पश्चात भाजयुमो महामंत्री अमित चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष गौरव सिंह, सोनू सिंह, हीरालाल ठाकुर, इंदल पटेल, अभिषेक विश्वकर्मा, सचिन विश्वकर्मा को मंडल कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया गया। मौके पर मंडल प्रभारी जितेंद्र दीक्षित, राजीव पासवान, सीताराम जायसवाल, विजय गुप्ता, रामाशीष यादव, मनोज फौजी, उमेश सिंह, गुडन पासवान, संजय ठाकुर आदि मौजूद थे।

### कार्डधारियों के बीच दिसंबर माह का खाद्यान्न बांटा

**बड़गड़।** बड़गड़ के सालो गांव निवासी राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निदेशक दिलीप तिर्की एवं उनकी पत्नी एम्माकुलता लकड़ा ने अपने गृह प्रखंड के पीवीटीजी परिवारों के बीच अपनी शादी की पच्चीसवीं वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर उन्होंने प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पूर्व में नक्सल प्रभावित रहे बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र के बहेराटोली कोरवाडीह गांव पहुंच कर कर वहां के रहनेवाले आदिम जनजाति परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। इस दौरान तिर्की ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत संचालित योजना के लाभूकों एवं ग्रीन राशन कार्ड धारियों के बीच दिसंबर माह का खाद्यान्न अपनी उपस्थिति में वितरण कराया। साथ ही उन्होंने अपनें निजी खर्च से उक्त गांव के सभी परिवारों को कंबल, फल, बिस्किट एवं अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों को संदेश दिया कि वे अभावग्रस्त लोगों की मदद कर उनके सहयोगी बनें। मौके पर सिप्रियन केरकेट्टा, प्रभारी एजीएम मोजेस किस्पोट्टा, बिस सूत्री सदस्य संदीप गुप्ता, अनमोल तिर्की, संदीप मींज, विनय मींज, प्रदीप कुमार, मुबारक अंसारी आदि उपस्थित थे।

### शैक्षणिक भ्रमण कर लौटे विद्यालय के छात्र-छात्राएं

**डंडई।** प्रखंड मुख्यालय के डंडाई गांव स्थित यदुवंशी पेट्रोल पंप के पास संचालित आरजीएसएम पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राएं शुक्रवार को शैक्षणिक भ्रमण कर अपने गांव लौट आए। छात्र-छात्राओं को गया के बौद्ध मंदिर, देवघर के बाबा बैधनाथ मंदिर, नौलखा मंदिर, नंदन पहाड़, राजगीर के जल कुंड, शांति स्तूप, जरासंध का अखाड़ा, जंगल सफारी के अलावा पटना के गोलघर, चिड़ियाघर व रोहतास जिला के ताराचंडी मंदिर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान शिक्षक चंदन चौधरी, नागेंद्र भारती, राजू कुमार, शिक्षकाएं कुमारी नीलम व कविता मौजूद रहे। विद्यालय के निदेशक सुमंत लाल ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

## न्यूनतम तापमान 10 डिग्री, कोहरे से सब्जी की फसल को नुकसान होने की संभावना



**संतोष कुमार निराला। गिद्धौर**
गिद्धौर प्रखंड में शनिवार को मौसम में जबर्दस्त परिवर्तन हुआ है। मौसम के करवट लेने के साथ सर्दी का असर भी बढ़ गया है। शुक्रवार देर रात से छाया घना कोहरा शनिवार सुबह 11 बजे तार छाया रहा। कोहरे के कारण दृष्यता इतनी कम हो गई कि पास का भी नहीं दिखाई दे रहा था। कोहरे के कारण कोल वाहन, यात्री वाहन व छोटी बड़ी वाहन लाइट जलाकर आवागमन कर रहे थे। वहीं दोपहर में धुंध छा गई। शाम को तो धुंध के सामने धूप भी गायब रही। सुबह-शाम को ठंड होने लगी है। लोगों को ठंड से बचाव को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। रात के समय भी ठंड बढ़ने लगी है। शनिवार को गिद्धौर का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा। कोहरे से सब्जी की फसल को नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

## किराना और मिठाई की दुकान से चोरी करने वाला भेजा गया जेल



**नवीन मेल संवाददाता।**
**पत्थलगडा(चतरा)**
पत्थलगडा थाना क्षेत्र के सुभाष चौक में संचालित विकास अग्रवाल के किराना दुकान व चंदन दांगी के मिठाई दुकान से चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपी कुणाल दांगी को पुलिस ने शनिवार को न्यायायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस बाबत थाना प्रभारी सचिन कुमार दास ने बताया कि गुरुवार की रात बरवाडीह निवासी (सुभाष चौक) जागी महतो के पुत्र कुणाल दांगी ने सुभाष चौक स्थित विकास अग्रवाल के किराना दुकान में चोरी किया था। पीड़ित दुकानदार द्वारा शुक्रवार की सुबह चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद घटना स्थल पर पहुचकर जांच पड़ताल शुरू की गई और सीसीटीवी फुटेज से इस घटना को अंजाम देने वाले कुणाल को पकड़ा गया। जिसके बाद कुणाल को कब्जे में ले कर उसके घर की तलासी में दुकान से चुराए गए एक बोरा चीनी, चावल, काजू, किसमिस, सरसो तेल, रिफायन तेल, हल्दी, मसूर दाल एक बोरा, प्लास्टिक बाल्टी, बॉक्स, समेत कई राशन समेत घरेलू उपयोग के सामान बरामद किया गया। साथ ही पूछ ताछ के दौरान कुणाल ने अपना गुनाह कबूल किया। दुकानदार विकास के लिखित आवेदन पर कांड दर्ज कराते हुवे उसे न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। छापामारी टीम में एसआई अरविंद रविदास, एएसआई रविंद सिंह, चौकीदार संतोष यादव व अन्य शामिल थे।

## आदिम जनजाति बोर्ड को लेकर किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** भारतीय आदिम जनजाति परिषद ने शुक्रवार को आदिम जनजाति बोर्ड का गठन करने सहित 17 सूत्री मांगों को लेकर समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया। शिवाजी मैदान से जुलूस निकालकर परहिया, कोरवा आदि आदिम जनजाति समुदाय के सदस्य समाहरणालय पहुंचे और मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। प्रदर्शन के उतरार्ध में राज्यपाल के नाम डीसी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से वन अधिकार अधिनियम-2006 और 2008 के तहत वन पर आश्रित परिवार को पांच एकड़ जमीन का पट्टा देने, आदिम जनजाति मजदूर, किसान और आदिवासी को जल, जंगल व जमीन से बेदखल करना बंद करने, आदिम जनजाति बोर्ड का गठन करने, विधवा, दिव्यांग और वृद्धा पेंशन की राशि एक हजार से बढ़ाकर पांच हजार रूपए प्रतिमाह निर्धारित करने, आफ लाइन के जरिए आदिम जनजाति को राशन उपलब्ध कराने, आदिम जनजाति के लिए सभी प्रखंड में स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करने, आदिम जनजाति परिवार के बेरोजगार छात्र-छात्राओं की सीधी नियुक्ति करने, वंचित लोगों को बिरसा आवास योजना का लाभ देने, मनरेगा में मजदूरी दर 600 रुपया निर्धारित करने, भुईयां जाति के लिए महाबोर्ड का गठन करने, राशन कार्ड से प्रति व्यक्ति 15 किलोग्राम अनाज देने की मांग सरकार से किया गया।

### पूजा-अर्चना व शोभायात्रा से पलामू राममय, छाई भक्ति की खुमार

## शहर से लेकर गांव तक पूजित अक्षत कलश यात्रा की धूम




**नवीन मेल संवाददाता**
**मेदिनीनगर।** परम पावन अयोध्या धाम में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के लिये वहां से आये पूजित अक्षत कलश यात्रा की शहर से लेकर गांवों तक धूम मची है। अक्षत-कलश की पूजा-अर्चना व शोभायात्रा से पूरा पलामू राममय हो गया है। मेदिनीनगर में पूजित तीन अक्षत-कलशों को शनिवार को क्रमशः हास्पिटल चौक स्थित शनि मंदिर, जीएलए कालेज गेट स्थित अष्टभुजी मंदिर एवं बारालोटा स्थित हरिहर नाथ मंदिर में रखा गया है। जबकि चौथा अक्षत-कलश शाम को रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर से शहर के किसी अन्य मंदिर में ले जाया जायेगा। अक्षत-कलश को एक मंदिर से दूसरे मंदिर में गाजे-बाजे के साथ ले जाया जा रहा है। दूसरी तरफ ग्रामीण अंचलों में विश्रामपुर के रेहला व सिगसिगी सहित सतबरवा, लेस्लीगंज, तरहसी, नावा बाजार, हरिनगर, चैनपुर, पांकी आदि स्थानों पर भी धूमधाम से कलश-अक्षत यात्रा निकाली जा रही है। अपने आराध्य प्रभु श्रीराम की अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण की सदियों पुरानी अभिलाषा पूर्ण होने से नागरिकों में भारी उत्साह व्याप्त है। इस दौरान विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, संवा प्रमुख गोपाल तिवारी, बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्त, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, सुरेश वर्मा, दीपक सिंह, दिलीप गिरी आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरे तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

## पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने किया गांव का दौरा

**बालूमाथ।** लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने से क्षेत्र में कई बड़े नेता गांव में देखे जा रहे हैं। इसी क्रम में कांग्रेस नेता सह पूर्व ग्रामीण विकास विभाग मंत्री के एन त्रिपाठी विकास परामर्श यात्रा के दौरान प्रखंड के सुदूर ग्राम का दौरा किया। त्रिपाठी प्रखंड के बालू, मासीयातू, होलंग, रजवार आदि ग्राम का दौरा कर ग्रामीणों से रुबरु हुए। त्रिपाठी ने कहा कि गांव हो या शहर मौजूदा चतरा लोस सांसद न दिखाई देते हैं। ना ही क्षेत्र में उनकी कोई विकास योजना। सरकार अपने 10 साल के कार्यकाल में सिर्फ जनता को झूठे वादे करते आई है। लोकसभा चुनाव में जानता इसका जवाब देगी। कहा कि अगर चतरा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला तो गांव गांव तक विकास करके दिखाएंगे। मौके पर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष अमीर हयात, लातेहार भावी प्रत्याशी सजन कुमार, प्रिंस अजय उरांव आदि मौजूद थे।

### केतार प्रखंड अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई पीडीएस डीलरों की बैठक में लिया गया निर्णय

# 1 जनवरी से बेमियादी हड़ताल पर रहेंगे पीडीएस डीलर



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
प्रखंड के पीडीएस डीलरों की बैठक शनिवार को केतार में प्रखंड अध्यक्ष प्रभु नारायण गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राशन डीलरों ने केंद्र व राज्य सरकार के दमनकारी नीतियों के विरुद्ध और पूर्व के बकाया कमीशन भुगतान कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन झारखंड के आव्हान पर 1 जनवरी 2024 से देशव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इसको लेकर डीलर संघ ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के नाम आठ सुत्री मांग पत्र भी सौंपा है। इसमें मुख्य रूप से कमीशन 300 रुपये प्रति क्विंटल या 30 हजार रुपये महीना मानदेय निर्धारित करने, अनुकम्पा के नियमों को पूर्व की भांति लागू करने, ईपॉस मशीन में 2जी की जगह 5जी की सुविधा प्रदान करने, डीलरों को पांच प्रतिशत शॉटेज देने, डीलरों को सही वजन से खाद्यान्न आपूर्ति करने, डीएसडी कराये गये दस माह का भाड़े का मजदूरी भुगतान कराने की मांग शामिल हैं। प्रखंड अध्यक्ष प्रभु नारायण गुप्ता ने बताया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। मौके पर डीलर डीलर संघ के सचिव सुरेश राम, कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार, गोपाल बैठा, श्याम सुंदर बैठा, चंद्रदेव बैठा, सुदर्शन चौधरी, सोमनाथ विश्वकर्मा, बिंदु साह मेराजुद्दीन अंसारी, सुरेश राम, चंदन पासवान, आला देवी, महेंद्र पासवान, बेलास बैठा, रवि राम, रामप्रसाद राम, राम पवन राम, सुनील, शनीचरी देवी मौजूद थे।

### पीडीएस डीलर 1 जनवरी से करेंगे हड़ताल, बीडीओ की दी जानकारी

**श्री बंशीधर नगर।** फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन झारखंड के आहवाहन पर जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर आगामी 1 जनवरी से राशन दुकान बंद रखने की जानकारी दी। बीडीओ को दिये गये आवेदन में कहा गया है कि केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के विरोध में और अपनी मांगों के समर्थन में गढ़वा जिले के राशन विक्रेताओं द्वारा राशन की दुकान अनिश्चितकाल के लिये बंद रखने की सूचना दी जा रही है। आवेदन में कहा गया है कि इसकी जानकारी मुख्यमंत्री के मुख्य सचिव को भी समर्पित कर दिया गया है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि जैसे ही हड़ताल की वापसी की घोषणा होगी सभी दुकान पूर्णता खुलेगी और राशन वितरण किया जायेगा। मौके पर जन वितरण प्रणाली के दुकानदार दीनदयाल शुक्ल, रविंद्र प्रताप देव, अशोक कुमार, अजीत कुमार पांडेय, हरिहर राम, सत्येंद्र कुमार सिंह, मुन्नू कुमार, अमरनाथ गुप्ता, सलीम अंसारी, जितनी देवी, रीमा देवी आदि मौजूद थे।

## लोस चुनाव को लेकर कर्मियों को दी गई ट्रेनिंग

**श्री बंशीधर नगर।** निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त सभी आम जनों के बीच ईवीएम एवं वी वी पैट को लेकर जागरूकता एवं जानकारी उपलब्ध कराने के लिये प्रखंडों से नामित 10-10 कर्मियों को शनिवार को अनुमंडल कार्यालय के सभागार मे ईवीएम और वीवीपैट अवेर्नेस का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी कर्मियों ने संबंधित प्रखंडों में चिन्हित स्थलों पर ईवीएम और वीवीपैट को लेकर जागरूकता कार्यक्रम किया जायेगा, जिसमें सभी आम जनों को ईवीएम और वीवीपैट के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहायक शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, जनसेवक प्रशांत कुमार एवं सहायक शिक्षक अविनाश कुमार सहाय ने सभी को प्रशिक्षण दिया।

## पेज एक के शेष

### राज्य में 2-3 जनवरी...

हिस्सों में ही इसका असर देखा जायेगा। विक्षोभ का असर राज्य में चार जनवरी तक देखा जायेगा। हालांकि, चार जनवरी की शाम से बारिश की संभावना कम है। इस दौरान राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। साथ ही बारिश के बाद ठंड के बढ़ने के पूर्वानुमान हैं। रांची में 31 दिसंबर तक राजधानी में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है। इस दौरान सुबह और शाम के वक्त कोहरा छाये रहेंगे। 31 दिसंबर तक खूंटी, रामगढ़, गुमला, लोहरदगा जिला में भी आंशिक रूप से बादल छाये रह सकते हैं। दो से तीन जनवरी के बीच राजधानी में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। बारिश के साथ ही गर्जन होने की संभावना भी है।

### 2 जनवरी से 20 जनवरी तक...

बासित अली का कहना है कि 'शुक्रिया मोदी भाईजान' कार्यक्रम में मुस्लिम महिलाओं को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा उनके लिए किए गए कार्यों के बारे में बताया जाएगा। उन्हें यह बताया जाएगा कि उन्हें (मुस्लिम महिलाओं) भाजपा को वोट क्यों देना चाहिए। बासित अली ने बताया कि इन सम्मेलनों के मार्फत कोशिश की जाएगी कि मुस्लिम महिलाओं को उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, हज का कोटा बढ़ाया जाना, महिलाओं को महरम व्यक्ति के साथ ही हज पर जाने की अनिवार्यता खत्म किया जाना, मुस्लिम बच्चों को छात्रवृत्ति सहित समुदाय को लाभ पहुंचाने वाली तमाम योजनाओं के बारे में अच्छी तरह बताया व समझाया जाए।अली का कहना है कि यह अभियान आगामी दो जनवरी से शुरू होकर 20 जनवरी तक चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया, हाल ही में प्रदेश के सभी जिलों में मुस्लिम महिलाओं ने जिलाधिकारी को मोदी सरकार की योजनाओं को लेकर धन्यवाद ज्ञापन दिया था। अब इस सिलसिले को आगे बढ़ते हुए हर लोकसभा क्षेत्र में शुक्रिया मोदी भाईजान कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अली कहते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुस्लिम महिलाओं को मकान मिले हैं, मुस्लिमों को इस योजना का लाभ उनकी आबादी के प्रतिशत के मुकाबले ज्यादा दिया गया है। प्रदेश में महिला सुरक्षा पहले से बेहतर हुई है, और विभिन्न योजनाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी को बढ़ाया गया है। सो अभियान का नाम 'शुक्रिया मोदी भाईजान' रखे जाने की एक बड़ी वजह यह है कि मोदी ने विभिन्न योजनाओं में मुस्लिम महिलाओं को प्राथमिकता देकर भाई-बहन का रिश्ता कायम किया है।

### इतिहास का सबसे ...

वर्ष और अगले वर्ष को एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से निपटने में सरकारी उपायों की निरर्थकता और नीतियों की विफलता भी साफ तौर पर उजागर हुई है। उन्होंने कहा कि सरकारें ग्लोबल वार्मिंग को रोकने में विफल रहीं। ग्लोबल वार्मिंग की दर इतिहास में सबसे तेज हो चुकी है। न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय के अर्थ इंस्टीट्यूट में जलवायु कार्यक्रम के निदेशक हेन्सन ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि दुनिया 'नई जलवायु सीमा' की राह पर है। इसमें तापमान पिछले 10 लाख वर्षों में दर्ज किसी भी तापमान से अधिक होगा। उन्होंने कहा कि 2023 की चिलचिलाती गर्मी (जुलाई) में विगत लगभग 1.20 लाख वर्षों में सबसे अधिक तापमान दर्ज किया गया। बेहद कठिन परिस्थितियों और संघर्ष के बीच सकारात्मक पक्ष यह है कि युवाओं को अपने भविष्य की जिम्मेदारी संभालने का एहसास है। राजनीतिक अस्थिरता और युद्ध निराशा की स्थिति उत्पन्न करते हैं।चिंताजनक तस्वीर का एक पहलू हाल ही में संयुक्त राष्ट्र कॉप28 शिखर सम्मेलन में भी देखने को मिला। पर्यावरण से जुड़ी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए यूएन की इस वैश्विक पहल में जलवायु परिवर्तन से मुकाबले के लिए स्पष्ट आह्वान नहीं किया जाना, बेहद खतरनाक ट्रेंड है। जानकारों के अनुसार, लगभग 30 वर्षों तक ग्लोबल वार्मिंग का दोष जीवाश्म ईंधन पर मढ़ा गया, लेकिन तापमान बढ़ने के सबूतों के बावजूद ठोस पहल नहीं की गई।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## एक नजर

### अनुराग ठाकुर ने भारत सरकार के नए साल का कैलेंडर जारी किया



**नई दिल्ली।** भारत सरकार का नये साल का कैलेंडर शनिवार को केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने जारी कर दिया। दिल्ली में एक कार्यक्रम के दौरान अनुराग ठाकुर ने नए साल के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत सरकार ने 2024 का वार्षिक कैलेंडर लांच किया है। उन्होंने कहा कि यह कैलेंडर पिछले 12 महीनों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में मोदी सरकार की उपलब्धियों को दशार्ता है।

### राजधानी के आईजीआई एयरपोर्ट पर घना कोहरा 80 उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में पड़ रही कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से सड़क, रेल और विमान यातायात लगातार प्रभावित हो रहा है । दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर जीरो दृश्यता के कारण करीब 80 उड़ानें प्रभावित हुई हैं। दिल्ली एयरपोर्ट के आधिकारियों के अनुसार, शनिवार सुबह 8.30 बजे तक एयरपोर्ट से जाने वाली करीब 80 फ्लाइट लेट हैं। खराब मौसम की वजह से उड़ानों के परिचालन में दिक्कत आ रही है।

### पाक सेना ने मार गिराया पांच आतंकी

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को कहा कि उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के मीर अली इलाके में एक खुफिया-आधारित ऑपरेशन में पांच आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया मामलों की शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया, ऑपरेशन के दौरान गोलीबारी हुई और उनके कमांडर रहजैब खुरे सहित पांच आतंकवादियों को मार गिराया गया।

### दूसरा सबसे अधिक कर्ज में डूबा राज्य है राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान गले तक कर्ज में डूबा हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार, 2022-23 में राज्य का कर्ज बढ़कर 5,37,013 करोड़ रुपये हो गया है। पंजाब के बाद राजस्थान देश का सबसे ज्यादा कर्ज वाला राज्य है। इस राज्य को कांग्रेस से जीतने के बाद राजस्व कैसे लाया जाए, यह बीजेपी सरकार के सामने अरबों डॉलर की चुनौती बनी हुई है।

## प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर 6 वंदे भारत और 2 अमृत भारत ट्रेन का किया उद्घाटन

# अयोध्या धाम भी जनता को समर्पित : नरेंद्र मोदी

**एजेंसी। अयोध्या**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर 6 वंदे भारत और दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ किया। इसके साथ ही 240 करोड़ की लागत से बना अयोध्या धाम स्टेशन भी जनता को समर्पित किया गया है।

प्रधानमंत्री के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल समेत कई बड़े नेता मौजूद थे। ट्रेनों के साथ अयोध्या की जनता को नए अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की सौगात मिली है। इसका निर्माण कार्य तीन फेज में चल रहा है। निर्माण कार्य में इस स्टेशन का पहला फेज बनकर तैयार हो चुका है। इस स्टेशन में शिशु देखभाल केंद्र, बीमार लोगों के लिए अलग केबिन, पर्यटन सूचना केंद्र के साथ-साथ देश के सबसे बड़े कॉनकोर्स सेटअप को भी बनाया जा रहा है। यहां इंफेंट केयर रूम होगा जहां पैसेंजर अपने दूध पीते बच्चों को किसी भी तरह का मेडिकल चेकअप करा सकते हैं। इसी तरह, अगर आपको किसी भी तरह से यात्रा के दौरान चोट लग जाती है या फिर किसी भी तरह की परेशानी का सामना करना पड़ जाता है, तो यहां सिक रूम में फर्स्ट एड और मेडिकल अटेंशन की सुविधा भी है।

वहीं, पैसेंजर फैसिलिटीज डेस्क और टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन सेंटर की मदद से यहां आने वाले यात्रियों को श्री राम मंदिर के साथ क्षेत्र के हर आध्यात्मिक व पर्यटन जगहों तक जाने की जानकारी और अच्छे से पहुंचने के लिए साधनों की भी जानकारी मिल पाएगी।



### लता मंगेशकर चौक की सुंदरता देख पीएम हुए भाव विभोर

अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के लोकार्पण के बाद एयरपोर्ट लौटते समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लता मंगेशकर चौक गए। पिछले वर्ष लता मंगेशकर की जयंती पर 28 सितंबर को उन्होंने इसका वर्चुअली उद्घाटन किया गया था। चौक पर 14 टन वजनी एवं 40 फुट लंबी वीणा लगाई गई है। प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को पहली बार वीणा के पास पहुंचकर भाव-विभोर हो गए। उन्होंने वीणा की अलौकिक छवि का दीदार किया। प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री से इसकी विस्तृत जानकारी भी ली। उन्होंने अयोध्या के समूचे जनमानस का यहीं से अभिवादन किया। प्रधानमंत्री को यहां देख जनता भी अभिभूत हो गई। यहां सुर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के सुरों में श्रीराम के भजन भी गूंज रहे थे।

### अयोध्या रेलवे स्टेशन: खासियत और यात्री सुविधाएं



| भवन का डिजाइन वास्तुकला की नागर शैली। | बिजली का इस्तेमाल कम होगा; प्राकृतिक रोशनी के लिए खुला स्पेस। | स्टेशन में दो शिखर होंगे, ये जानकी मंदिर से प्रेरित है। | स्टेशन के प्रवेश द्वार के पास केंद्र में चक्र जैसी आकृति है। | मुकुट जैसी आकृति भगवान राम के ताज से प्रेरित है। |
|---|---|---|---|---|

### स्टेशन में एस्केलेटर्स, लिफ्ट, स्टाफ रूम, दुकानें, वेटिंग रूम सब कुछ

ये सभी सुविधाएं ग्राउंड फ्लोर पर होंगी, इसे पूरा जी प्लस टू मॉडल (ग्राउंड प्लस मिडिल व फर्स्ट फ्लोर) पर बनाया गया है। इसके अलावा, क्लाक रूम , फूड प्लाजा, वेटिंग हॉल्स, स्टेयरकेस, एस्केलेटर्स, लिफ्ट और टॉयलेट्स के साथ कई सुविधाएं भी दी जाएंगी। अयोध्या धाम स्टेशन के मिडिल फ्लोर पर रिटायरिंग रूम, लेडीज डॉर्मेटरी, एसी रिटायरिंग रूम, जेंट्स डॉर्मेटरी, स्टेयरकेस, रिलीविंग स्टाफ के लिए लॉजिंग रूम, स्टेशन मास्टर और महिला स्टाफ का रूम बनाया गया है। वहीं, फर्स्ट फ्लोर पर देश के सबसे बड़े कॉनकोर्स सेटअप को भी तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा, फर्स्ट फ्लोर पर फूड प्लाजा, वेटिंग हाल, टॉयलेट, पेयजल, एस्केलेटर्स, लिफ्ट, स्टाफ रूम, दुकानें, वेटिंग रूम समेत एंट्री पुल की सुविधा भी दी जाएगी। साथ ही, दिव्यांगों के लिए कई खास तरह के शौचालयों को भी तैयार किया गया है। अयोध्या रेलवे स्टेशन का निर्माण कार्य 2018 से शुरू किया गया था, पहले चरण में बनाए गए भवन में श्री राम मंदिर की तरह एक भव्य आकर्षण बनाया गया है। भवन में लगी टाइल्स, पत्थर, शीशे, दरवाजे, लाइटिंग आदि चीजें आपको मंत्रमुग्ध कर देंगी। भवन के ठीक बीचों-बीच भारी भरकम पंखा लगा है और उसके ठीक नीचे फर्श की डिजाइन यकीनन आपको बेहद पसंद आएगी।

### रवींद्र मांझी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आने का दिया न्योता



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या में रोड शो के बाद रवीन्द्र मांझी के घर जाकर उनके परिवार से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने रवीन्द्र मांझी को 22 जनवरी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने निषाद परिवार से मिलकर देश को सामाजिक समरसता का संदेश देने का काम किया है। रवीन्द्र मांझी के परिवार से मिलने के बाद प्रधानमंत्री मोदी अयोध्या एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।

### पीएम ने अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में 1450 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 6500 वर्गमीटर है। यहां से सालाना लगभग 10 लाख यात्री उड़ान भर सकेंगे। टर्मिनल भवन का अग्रभाग अयोध्या के आसन्न श्रीराम मंदिर की वास्तुकला को दशार्ता है। टर्मिनल भवन के अंदरूनी हिस्सों को भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रेरणादायी चित्र उकेरे गये हैं। सात खम्भों पर बने एयरपोट में सात शिखर बनाये गये हैं। हवाई अड्डे पर एलईडी प्रकाश व्यवस्था, वर्षा जल संचयन, जल उपचार संयंत्र, सीवेज उपचार संयंत्र, सौर ऊर्जा संयंत्र तथा ऐसी कई अन्य सुविधाएं प्रदान की गई हैं। यह सभी सुविधाएं गृह - 5 स्टार रेटिंग के अनुरूप होंगी। हवाई अड्डे से अयोध्या के आसपास के क्षेत्र में पर्यटन, व्यावसायिक गतिविधियों और रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने एयरपोर्ट पर विकसित की जा रही सुविधाओं का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, केन्द्रीय राज्यमंत्री जनरल वी.के.सिंह, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक और अयोध्या सांसद लल्लू सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बेहतर सेवा वितरण और सुशासन पर राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ मंथन

### केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागी शासन और साझेदारी को प्रोत्साहित करना उददेश्य

**एजेंसी। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दो दिन में राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ सुशासन और लोगों के लिए जीवन की आसानी सुनिश्चित करने के तरीकों पर विचार-मंथन सत्र आयोजित किए। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पिछले दो दिन में, मुख्य सचिवों के सम्मेलन में भाग लिया। हमने नीति संबंधी व्यापक मुद्दों पर सार्थक विचार-विमर्श किया और बेहतर सेवा वितरण सुनिश्चित करने के साथ-साथ सभी नागरिकों के लिए सुशासन सुनिश्चित करने के तरीकों पर भी चर्चा की। यह इस तरह का तीसरा सम्मेलन है, पहला जून 2022 में धर्मशाला में और दूसरा जनवरी 2023 में दिल्ली में आयोजित किया गया था। पीएमओ के एक बयान के अनुसार, सहकारी संघवाद के सिद्धांत को क्रियान्वित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, केंद्र और राज्य सरकारों के बीच सहभागी शासन और साझेदारी को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाता है। सम्मेलन में राज्यों के साथ साझेदारी में एकजुट कार्रवाई के लिए एक सामान्य विकास एजेंडा और ब्लूप्रिंट के विकास और कार्यान्वयन पर जोर दिया गया। कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच और सेवा वितरण में गुणवत्ता पर विशेष जोर देने के साथ, सम्मेलन में पांच उप-विषयों - भूमि और संपत्ति, बिजली, पेय जल, स्वास्थ्य, और स्कूली शिक्षा - पर चर्चा की गई। इनके अलावा, साइबर सुरक्षा, उभरती चुनौतियाँ, एआई पर परिप्रेक्ष्य, जमीनी स्तर की कहानियां, आकांक्षी ब्लॉक और जिला कार्यक्रम, राज्यों की भूमिका, योजनाओं और स्वायत्त संस्थाओं को युक्तिसंगत बनाना और पूंजीगत व्यय बढ़ाना, शासन में एआई, चुनौतियाँ और अवसर जैसे विषयों पर भी चर्चा का गई। इनके अलावा, नशा मुक्ति और पुनर्वास पर भी केंद्रित विचार-विमर्श किया जाएगा, अमृत सरोवर, पर्यटन संवर्धन, ब्रांडिंग और राज्यों की भूमिका; और पीएम विश्वकर्मा योजना एवं पीएम स्वनिधि पर भी केंद्रित चर्चा हुई। बयान में कहा गया है कि प्रत्येक विषय के तहत राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों की सर्वोत्तम प्रथाओं को भी सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया ताकि राज्य एक राज्य में प्राप्त सफलता को दोहरा सकें या अपनी आवश्यकताओं के अनुसार कुछ बदलाव के साथ उन्हें अपना सकें।

### तृणमूल को पसंद नहीं आ रही राहुल की न्याय यात्रा



**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से नरेंद्र मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भले ही विपक्ष ने एकजुट होकर इंडी गठबंधन बनाया है लेकिन इसमें तालमेल बिठाना आसान नहीं हो रहा। लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी ने न्याय यात्रा की घोषणा की है जिसकी शुरूआत मणिपुर से होगी। मुंबई तक जाने वाली यात्रा के दौरान 85 शहरों में इसका पड़ाव होगा जिसमें पश्चिम बंगाल के भी कई हिस्से शामिल हैं। लेकिन बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने इससे दूरी बनाने का निर्णय लिया है। पार्टी के एक नेता ने शुक्रवार को बताया कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा से तृणमूल का कोई संबंध नहीं है। ना इस यात्रा के संबंध में उनकी पार्टी से राय ली गई।

### भारत ने कनाडा स्थित गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा को घोषित किया आतंकवादी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत ने मोस्ट वांटेड भगोड़े में से एक और कनाडा स्थित गैंगस्टर लखबीर सिंह लांडा को आतंकवादी घोषित कर दिया है। लांडा (34), जो हरिके, जिला तरनतारन, पंजाब का मूल निवासी है और वर्तमान में एडमोंटन, अलबर्टा, कनाडा में रहता है, बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से संबंधित है। लांडा पिछले साल मोहाली में पंजाब राज्य खुफिया मुख्यालय की इमारत पर रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) के जरिए हुए आतंकी हमले में शामिल था। गृह मंत्रालय के मुताबिक, लांडा भारत के पंजाब राज्य में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए सीमा पार से विभिन्न मॉड्यूलों को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), हथियार, परिष्कृत हथियार, विस्फोटकों की आपूर्ति में शामिल रहा है। लांडा के खिलाफ एक ओपन एंडेड वारंट जारी किया गया है। 9 जून, 2021 को लुक आउट सर्कुलर भी जारी है। एनआईए की अब तक की जांच में पता चला है, गोल्डी बरार का रिंदा के साथ मिलकर काम करने वाले एक अन्य बीकेआई ऑपरेटिव लांडा के साथ सीधा संबंध पाया गया।

## खुलासा

### फ्रांस से विमान वापसी का मामला, पूछताछ में यात्रियों ने कबूला

# निकारागुआ से अवैध रूप से जाने वाले थे अमेरिका

**40 लाख रुपये से सवा करोड़ तक में हुई थी एजेंट से डील**

**अवैध रूप से अमेरिका जा रहे 18 गुजरातियों के बयान दर्ज**

**फ्रांस ने मानव तस्करी की आशंका में विमान भारत लौटाया था**




**एजेंसी। अहमदाबाद**

मानव तस्करी के आरोप में फ्रांस ने जिस विमान को वापस मुंबई भेज दिया था। उसमें सवार गुजरात के रहने वाले 21 लोगों ने सीआईडी क्राइम ब्रांच की पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। पुलिस ने इनमें से 18 लोगों के बयान दर्ज किए। ये सभी मेहसाणा, पाटण और गांधीनगर के बताए गए हैं। यात्रियों से पूछताछ में पता चला है कि वे सभी निकारागुआ से अवैध रूप से अमेरिका जाने वाले थे। फ्रांस ने इस विमान को न सिर्फ अपने हवाई अड्डे पर रोका, बल्कि मानव तस्करी की आशंका जताते हुए सभी यात्रियों को बैरंग भारत वापस कर दिया। इस विमान में गुजरात से 21 यात्री समेत भारत के कई दूसरे राज्यों के लोग सवार थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि अमेरिका पहुंचने के लिए एजेंटों के साथ बड़ी डील की गई थी। अवैध रूप से अमेरिका पहुंचने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से 40 लाख रुपये से लेकर 1.25 करोड़ रुपये की सौदेबाजी की गई थी। हालांकि पूरे रुपये एक साथ देने के बजाए अमेरिका पहुंचने पर देने की बात पहले से तय थी। योजना के अनुसार गुजरात के 21 यात्री मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ के जरिए अमेरिका में प्रवेश करने वाले थे। ये सभी अलग-अलग तरीके से दुबई पहुंचे थे। इसके बाद सभी निकारागुआ की उड़ान में बैठे थे। दुबई से मध्य अमेरिकी देश निकारागुआ जा रहे विमान में 303 यात्री सवार थे। इस विमान को मानव तस्करी की आशंका में फ्रांस के हवाई अड्डे पर उतारा गया था। इसके बाद सभी से वहां की पुलिस ने पूछताछ की थी। 3 दिनों बाद विमान को वापस मुंबई जाने की अनुमति दी गई थी। जब विमान मुंबई रवाना किए जाने की बात हुई तो इनमें से 50 यात्रियों ने फ्रांस में ही ठहरने की अनुमति मांगी लेकिन सभी को मुंबई की ओर रवाना कर दिया गया था।

# भारतीय नौसेना ने एडमिरल्स के एपॉलेट्स के लिए नए डिजाइन का किया अनावरण

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय नौसेना ने छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत से प्रेरणा लेते हुए शुक्रवार को एडमिरल्स के एपॉलेट्स के लिए एक नए डिजाइन का अनावरण किया। अपनी विरासत पर गर्व करने की भावना के साथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की कि भारतीय नौसेना अब भारतीय परंपराओं के अनुरूप अपने रैंकों का नाम रखने जा रही है। एक अधिकारी के पद को दर्शाने के लिए कंधे पर पहना जाने वाला एपॉलेट्स का अनावरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस महीने की शुरूआत में की गई घोषणा के बाद हुआ। 4 दिसंबर को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में नौसेना दिवस समारोह में अपने संबोधन में, मोदी ने खुशी व्यक्त की कि नौसेना अधिकारियों द्वारा पहने गए एपॉलेट अब छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत को उजागर करेंगे। नौसेना ने एक्स पर कहा, जैसा कि हम नए साल 2024 में प्रवेश कर रहे हैं, भारतीय नौसेना ने गर्व से एडमिरल्स एपॉलेट्स के नए डिजाइन का अनावरण किया है। इसमें कहा गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंधुदुर्ग में नौसेना दिवस 2023 के दौरान घोषणा की - नया डिजाइन नौसेना ध्वज से लिया गया है और छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित है, और यह हमारी समृद्ध समुद्री विरासत का सच्चा प्रतिबिंब है।

अब सैन्य अधिकारियों की वर्दी, बेल्ट और जूतों के कॉलर पर पहनी जाने वाली टोपी, कंधे के बैज, जॉर्जेट पैच वैसे ही हैं।

सेना की वर्दी में इस अहम बदलाव का मतलब है कि ब्रिगेडियर रैंक तक पहुंचने के बाद पैरा अधिकारी मैरून रंग की टोपी नहीं पहनेंगे और न ही बख्तरबंद अधिकारी अपनी विशिष्ट बेल्ट पहनेंगे. हालांकि, कर्नल रैंक और उससे नीचे के अधिकारियों द्वारा पहनी जाने वाली वर्दी में अभी भी कोई बदलाव नहीं हुआ है।